याकिनीमहत्तरासूनु-आचार्यहरिभद्र रचित

समराइच्चकहा

प्रथम खंड

(प्रथम एव द्वितीय भव)

सपादक एव अनुवादक—

डॉ० छगनलाल शास्त्री, काव्यतीर्थ

एम०ए० (हिन्दी, सस्कृत, प्राकृत व जैनोलोजी), पी-एच० डी०

प्रकाशक—

श्री अ० भा० साधुमार्गी जैन संघ

बीकानेर (राजस्थान)

परम श्रद्धेय

चारित्र-चूडामणि, वाल-ब्रह्मचारी,

जिनशासन-प्रद्योतक,

समतादर्शन-प्रणेता,

धर्मपाल-प्रतिबोधक

आचार्य श्री नानालाल जी म. सा.

के

पुनीत चरणो मे

सादर एव सविनय समर्पित

प्रकाशकीय

भारतीय कथा-साहित्य मे सस्कृत एव प्राकृत के महान् लेखक व उद्भट विद्वान आचार्य श्री हरिभद्र सूरि रचित 'समराइच्च-कहा' का अद्वितीय स्थान है। लेखक ने कथा के माध्यम से प्राणी की राग, द्वेष और मोहात्मक प्रवृत्तियो के जन्म-जन्म व्यापी सस्कारो का जो सजीव चित्रण किया है, वह अपने आप मे अनूठा है। भाषा और भाव की दृष्टि से भी आचार्य श्री हरिभद्र सूरि की यह कृति अनुपम विशेषता लिए हुए है।

प्राकृत, उत्तर और मध्य भारत की कभी लोक-भाषा थी। आगे चल कर यही अपभ्रंश के रूप मे विकसित हुई, जिसका नवीनतम विकास हिन्दी गुजराती, राजस्थानी, मराठी, पजाबी, मैथिली, बगला आदि आर्य-परिवारीय आधुनिक भाषाओ के रूप मे हैं। अतएव भाषा-विज्ञान की दृष्टि से प्राकृत का अध्ययन इन आधुनिक भाषाओ के सदर्भ मे भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

'समराइच्च-कहा' प्राकृत भाषा की एक अत्यन्त अनूठी और सरस रचना है। प्राकृत के अध्ययन की दृष्टि से इसका बहुत बडा महत्त्व है। साथ ही तत्कालीन भारतीय समाज, लोक-व्यवस्था, कला-कौशल आदि के अध्ययन की अपेक्षा से भी इसकी असाधारण उपयोगिता है।

भगवान् महावीर की २५ वी निर्वाण-शताब्दी के इन विशिष्ट वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र मे प्राकृत-शिक्षण का एक विशेष स्थान बना है। अनेको विश्वविद्यालयो मे प्राकृत-भाषा का अध्ययन एक स्वतत्र विषय के रूप मे स्वीकृत हुआ है तथा अन्य अनेक परीक्षा-बोर्डों मे समराइच्च-कहा पाठ्य-क्रम मे गृहीत है। अत इस दृष्टि से भी इसकी उपयोगिता असदिग्ध है।

इस महान् ग्रन्थ का हिन्दी-अनुवाद सहित परिष्कृत सस्करण प्राप्त नहीं था, अत सघ की ओर से इसके प्रकाशन की योजना स्वीकार की गई, जिसके अन्तर्गत ग्रथ के प्रथम दो भव मूल प्राकृत, सस्कृत छाया तथा मूलगामी प्राञ्जल हिन्दी-अनुवाद सहित (एक खण्ड के रूप मे) प्रकाशित किये जा रहे हैं ।

प्रसन्नता है कि सस्कृत, प्राकृत एव हिन्दी के प्रौढ विद्वान्, प्राकृत जैन-शोध-सस्थान, वैशाली के भू पू प्राध्यापक डॉ० छगनलाल शास्त्री एम ए पी-एच डी ने इनका विद्वत्तापूर्ण व प्रामाणिक अनुवाद तथा सम्पादन किया है । हम आपके अत्यन्त आभारी हैं । प्रस्तुत ग्रथ की पाण्डुलिपि के अवलोकन एव शुद्धि-करण विषयक सकेत देने मे जिन-शासन-प्रद्योतक, समता-दर्शन-प्रणेता, धर्मपाल प्रतिबोधक, परम पूज्य आचार्य श्री श्री १००८ श्री नानालाल जी म सा के विद्वान् सुशिष्य श्री सुरेन्द्र मुनिजी म सा. एव सुश्रावक श्री रामलाल जी राका का भी अभिनन्दनीय सहयोग रहा है ।

श्री अ भा साधुमार्गी जैन सघ, बीकानेर द्वारा सचालित श्री साधुमार्गी जैन धार्मिक परीक्षा-बोर्ड की शास्त्री परीक्षा मे 'समराइच्च कहा' पाठ्य-ग्रथ के रूप मे निर्धारित है । परन्तु अब तक इस ग्रथ की अनुपलब्धि अध्ययन एव अध्यापन के मार्ग मे सर्वाधिक अखरने वाली बाधा रही है । भगवान् महावीर की २५ वी निर्वाण-शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत प्रकाशन-योजना के अधीन सघ ने इस अनुपलब्ध महान् कृति का चार खण्डो मे प्रकाशन करने का निर्णय लिया है ।

प्रस्तुत प्रकाशन श्री जैन हितेच्छु श्रावक-मण्डल, रतलाम द्वारा सघ को साहित्य-प्रकाशन हेतु प्रदत्त निधि से किया गया है । इस प्रकाशन मे दृष्टिदोष से कोई अशुद्धि रह गई हो तो सुज्ञ पाठक उसकी सूचना हमे अवश्य करने की कृपा करें ताकि आगामी सस्करण मे उसे सुधारा जा सके ।

भवरलाल कोठारी
मत्री
श्री अ भा साधुमार्गी जैन सघ
बीकानेर (राजस्थान)

प्रस्तावना

भारतीय सस्कृति, दर्शन एव साहित्य के विकास मे जिन मनीषियो ने अपनी महत्त्वपूर्ण कृतियो द्वारा असाधारण योग-दान किया, उनमे आचार्य हरिभद्र सूरि का नाम स्वर्णाक्षरो मे लिखे जाने योग्य है। आचार्य हरिभद्र जहां एक ओर उद्भट दार्शनिक, गम्भीर तत्त्ववेत्ता तथा प्रौढ नैयायिक थे, वहां दूसरी ओर एक महान् कथा-शिल्पी भी थे। जिस पाण्डित्य और कौशल के साथ उन्होने तत्त्व-दर्शन पर लिखा, उसी प्रकार कथाओ के माध्यम से तत्त्व-प्रतिष्ठापन मे भी उनका कम नैपुण्य दिखाई नही देता। यह सब करने का उनका ध्येय एकमात्र लोक-जीवन मे सत्य की स्थापना और तदनुरूप सयम व सदाचार गर्भित जीवन-चर्या को प्रतिष्ठित करना था। यद्यपि वे श्रमण-परपरा के एक गच्छ विशेष के आचार्य थे पर उनका दृष्टिकोण समन्वय एव सामजस्य की भावना से ओतप्रोत था। यही कारण है कि उनकी लेखनी से जो कुछ निकला, एक ससीम क्षेत्र से सम्बद्ध होता हुआ भी समग्र मानवता के हित से जुड़ा है। मानवता ही क्यो, उसमे प्राणी मात्र का हित सन्निहित है। यही कारण है कि अत्यन्त उच्च कोटि के गम्भीर तथा अन्त स्पर्शी वाड्मय के रूप मे जो अमर देन उनकी है, कराल काल अपने भीषण आघातो से उसके अमरत्व को कभी व्याहत नही कर सका, न कभी कर ही सकेगा।

जीवन-वृत्त

अतीत के भारतीय विद्वान्, लेखक, कवि एव दार्शनिक आदि-प्राय सभी मे हम यह पाते हैं कि अपने जीवन के सम्बन्ध मे उन्होने प्राय नही लिखा। लिखा भी तो इतना कम, केवल सकेत मात्र, जिससे

हम उनका इतिवृत्त यथावत् रूप मे जान नही सकते। आचार्य हरिभद्र के साथ भी ऐसी ही स्थिति है । उन्होने अपने ग्रन्थो मे कही भी अपना परिचय नही दिया । कही कही अपने ग्रन्थो की प्रशस्तियो में थोडा बहुत सकेत किया है । उदाहरणार्थ आवश्यक सूत्र वृहद् वृत्ति की प्रशस्ति मे निम्नाकित शब्दो मे उन्होने अपने विषय मे लिखा है –

"समाप्ता चेय शिष्यहिता नाम आवश्यक-टीका, कृति सिताम्बराचार्यजिनभटनिगदानुसारिणो विद्याधरकुलतिलकाचार्यजिनदत्तशिष्यस्य धर्मतो याकिनीमहत्तरासूनोरल्पमतेराचार्यहरिभद्रस्य ।"

इस उद्धरण से निम्नाकित तथ्य प्रकट होते हैं —

आचार्य हरिभद्र श्वेताम्बर सम्प्रदाय के थे । वे तदन्तगत विद्याधर-गच्छ से सम्बद्ध थे । उस समय उस गच्छ के आचार्य जिन भट थे । हरिभद्र के दीक्षा-गुरु जिनदत्त सूरि थे । याकिनी महत्तरा नामक साध्वी की प्रेरणा से उन्हे धर्म-तत्त्व प्राप्त हुआ था । अत उन्हे वे अपनी धर्म-माता मानते थे ।

अहिसा-प्रधान जैन धर्म के क्रियात्मक प्रसार की दृष्टि से आचार्य हरिभद्र का जैन इतिहास मे अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है । उन्होने मेवाड के एक वडे समुदाय को अहिंसक जीवन मे ढालते हुए पूर्णत जैन सस्कारो से आप्यायित किया, जो आज पोरवाड जाति के नाम से प्रसिद्ध है ।

हरिभद्र के सम्बन्ध मे अन्यान्य उल्लेख

आचार्य हरिभद्र के जीवन-वृत्त के सम्बन्ध मे कतिपय प्राचीन एव अर्वाचीन ग्रन्थो मे भी हमे कुछ सूचनाए प्राप्त होती हैं । उनमें मुख्य ये हैं —

आचार्य भद्रेश्वर द्वारा रचित प्राकृत का 'कहावली' नामक एक प्राचीन ग्रन्थ है । उसके अन्त में आचार्य हरिभद्र का वृत्तान्त

सक्षेप मे वर्णित हुआ है। आचार्य भद्रेश्वर का ठीक समय तो अन्तत निश्चित नही हो सका है पर गवेषक विद्वानो का अनुमान है कि वे सभवत विक्रम की बारहवी शती से पश्चाद्वर्ती नही थे।

आचार्य मुनिचन्द्र द्वारा विरचित उपदेश-टीका की प्रशस्ति (ई० सन् ११७४) मे आचार्य हरिभद्र का वर्णन आया है।

सुमति गणी द्वारा रचित गणधर-सार्द्ध-शतक की वृहद् व्याख्या (वि स १२९५) मे इनके जीवन-वृत्त के सम्बन्ध मे कुछ उल्लेख है।

आचार्य प्रभाचन्द्र रचित प्रभावक-चरित (वि स १३३४) का नवम प्रबन्ध आचार्य हरिभद्र सूरि के इतिवृत्त सम्बन्धी सामग्री की दृष्टि से विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उसका शीर्षक भी यही है। राजशेखर सूरि का प्रबन्ध-कोश नामक एक ग्रन्थ (वि स १४०५) है। उसे चतुर्विशति प्रबन्ध भी कहा जाता है। उसमे भी आचार्य हरिभद्र का वृत्तान्त दिया गया है।

पाश्चात्य विद्वान् ज्यो ज्यो भारतीय विद्याओ के सम्पर्क मे आये, उन्होने जैन विद्वानो की कृतियो का भी परिचय प्राप्त किया। पाश्चात्य विद्वानो मे प्रो पी पिटर्सन (Prof P Peterson) पहले व्यक्ति थे, जिन्होने उपमितिभवप्रपञ्चकथा के रचयिता आचार्य सिद्धर्षि के सम्बन्ध मे लिखते हुए आचार्य हरिभद्र का भी उल्लेख किया।

तदनन्तर प्रो जे क्लात्त (Prof J. Klatt), ई० ल्युमन (E Leumann), डॉ एच जैकोबी (Dr H Jacobi), ए बेल्लिनि (A Ballini) तथा एन मिरोनो (N Mironow) आदि विद्वानो ने भी प्रसगोपात्त रूप मे आचार्य हरिभद्र सूरि के सम्बन्ध मे यत्र तत्र उल्लेख किया है। इनमे डॉ एच जैकोबी ने इस सम्बन्ध मे जो गवेषणात्मक प्रयत्न किया, वह वस्तुत वर्द्धापनीय है। बाद मे डॉ जैकोबी ने आचार्य हरिभद्र रचित 'समराइच्च कहा' का सम्पादन भी किया।

कुल-परपरा एव निवास

प्राचीन लेखको ने आचार्य हरिभद्र के सम्बन्ध मे जो लिखा है, एक को छोडकर प्राय सभी के अनुसार इनका जन्म-स्थान चित्र-कूट (चित्रकूट-चित्रऊड-चित्तोड या चित्तौड) या चित्तौड है । कहा-वलीकार भद्रेश्वर ने इनका जन्म-स्थान पिवगुई वभपुणी लिखा है । इन दोनो शब्दो से किसी स्थान-विशेष का स्पष्ट निर्देश समझ में नहीं आता । वभपुणी से ब्रह्मपुरी का कुछ सकेत मिलता है । इतिहास-वेत्ताओ के अनुसार चित्तौड के किले की स्थापना से पूर्व वहा से उत्तर मे पाच-छ मील की दूरी पर माध्यमिका नाम की नगरी थी, जिसके भग्नावशिष्ट चिह्न आज भी प्राप्त होते हैं । कहा जाता है, वह शिवि जनपद की राजधानी थी । वह कभी साहित्य, सस्कृति एव धर्म के विशिष्ट केन्द्र के रूप मे प्रतिष्ठित थी । वैदिक, जैन तथा बौद्ध तीनों सास्कृतिक परपराओ के स्रोत वहा प्रवहणशील थे । इतिहासकारों के अनुसार चित्राङ्गद नामक मौर्य राजा अपनी राजधानी माध्यमिका से चित्रकूट ले आया । हो सकता है, सुरक्षा की अधिक अनुकूलता आदि कुछ कारण रहे हो, जिससे उसने ऐसा किया हो । ऐसा सभाव्य है, वभपुणी या ब्रह्मपुरी का सम्बन्ध माध्यमिका या चित्तौड मे से किसी एक से रहा हो या दोनो के मध्य मे स्थित किसी ब्राह्मण-बस्ती से रहा हो । 'णाय धम्म-कहाओ' जैसे प्राचीन ग्रन्थो मे यह प्रकट है कि प्राचीन काल मे भारत मे नगरो मे भिन्न-भिन्न जातियो के लोगों की अलग-अलग बस्तिया होती थी । अस्तु, जैसा भी रहा हो, लिखने का साराश यह है कि आचार्य हरिभद्र ने वीर-प्रसविनी चित्तोड की पावन धरा को अपने जन्म से महिमान्वित किया ।

कहावली मे हरिभद्र के माता-पिता आदि के सम्बन्ध मे इस प्रकार उल्लेख हुआ है—

"सकरो नाम भट्टो । तस्स गगा नाम भट्टिणी । तिसे हरि-भद्दो नाम पुत्तो ।"

इस उल्लेख के अनुसार हरिभद्र के पिता का नाम शकर भट्ट और माता का नाम गगा था । यहा हरिभद्र के पिता शकर के साथ प्रयुक्त भट्ट विशेषण तथा हरिभद्र के साथ प्रयुक्त पण्डित विशेषण से यह प्रकट होता है कि वे जाति से ब्राह्मण थे ।

गणधर सार्द्धशतक की वृहद् व्याख्या मे सुमति गणी ने हरिभद्र को स्पष्टतया ब्राह्मण लिखा है । वहा कहा गया है —

"एव सो पडित्तगव्वमुव्वहमाणो हरिभद्दो नाम माहणो ।"

अर्थात् इस प्रकार पाण्डित्य का गर्व वहन करने वाला वह हरिभद्र नामक ब्राह्मण था ।

प्रभावक-चरित मे प्रभाचन्द्र ने हरिभद्र को राजा का पुरोहित बतलाया है । वहा उल्लेख है —

अतितरलमति पुरोहितोऽभूत् ।
नृपविदितो हरिभद्रनामदित्त ॥

इन उल्लेखो से यह सिद्ध होता है कि हरिभद्र का जन्म ब्राह्मण-वश मे हुआ था, वे राजपुरोहित थे, दर्पोन्नत पण्डित थे ।

समय

पुरावर्ती लेखको के अनुसार आचार्य हरिभद्र का स्वर्गवास विक्रम सवत् ५८५ मे हुआ । ऐतिहासिक दृष्टि से आचार्य हरिभद्र के समय के सम्बन्ध मे विद्वानो ने काफी ऊहापोह किया है । पुरातत्त्व के प्रख्यात विद्वान् एव अन्वेष्टा श्री जिनविजय जी ने इस सम्बन्ध मे प्राप्त सामग्री के आधार पर अनेक दृष्टियो से सूक्ष्म गवेषणा की । उनके अनुसार आचार्य हरिभद्र का समय ईसवी सन् ७००-७७० तदनुसार विक्रम सवत् ७५७ से ८२७ है । प्राय अधिकाश विद्वान् इसी को प्रामाणिक स्वीकार करते हैं ।

विद्याध्ययन

हरिभद्र की विद्वत्ता की प्रशस्ति तो अनेक जगह सकेतित है, उदाहरणार्थ उपदेशपद की टीका मे उन्हे गृहस्थावस्था मे (जैन दीक्षा से पूर्व) आठ व्याकरणो का विशिष्ट अध्येता तथा सभी धर्मों के अनुयायियो द्वारा स्वीकृत तर्क-शास्त्र (न्याय-शास्त्र की विभिन्न परपराओ) के ज्ञाताओ मे अग्रगण्य कहा है पर इतना विद्याध्ययन कहा किया, किससे किया इत्यादि कुछ भी विवरण उपलब्ध नही है ।

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, एक सम्भ्रान्त ब्राह्मण कुल मे, वह भी राज-पुरोहित के घर में जन्म लेने के कारण यह बहुत सभव है कि उन्होने सस्कृत के माध्यम से व्याकरण, साहित्य, न्याय, दर्शन, वेद, पुराण, धर्मशास्त्र, ज्योतिष आदि अनेक विषयो का गम्भीर अध्ययन किया हो । युवा होते-होते वे अत्यन्त प्रौढ विद्वान् हो गये हो। उनके सम्बन्ध मे प्रचलित है कि उन्हे अपनी विद्या का इतना गर्व हो चला था कि उन्होने प्रतिज्ञा करली कि जिस किसी के द्वारा बोला हुआ वाक्य यदि वे नही समझ सकेंगे तो वे उससे उसका अर्थ जान उसके शिष्य हो जायेंगे । इस प्रतिज्ञा से ऐसा प्रतीत होता है कि उनको अपने सम्बन्ध मे धारणा थी कि ऐसा कोई वाक्य नही हो सकता, जिसे वे नही समझ सकते ।

एक विचित्र सयोग

कहा जाता है कि एक बार राजा का मदोन्मत्त हाथी खभे को उखाड कर नगर मे बुरी तरह भागने लगा । अनेक व्यक्ति उसकी चपेट मे आकर कुचले जाने लगे । सयोगवश हरिभद्र उधर से निकल रहे थे । बचाव के लिए उन्होंने इधर-उधर देखा तो केवल एक जैन भवन उनकी दृष्टि में आया । वे भागकर वहां चले गये । वहां एक जैन साध्वी को शास्त्र-पाठ करते सुना । वह निम्नाङ्कित गाथा का उच्चारण कर रही थी —

"चक्किदुगं हरिपणगं पणगं चक्कीण केसवो चक्की ।
केसव-चक्की केसव-दुचक्की केसी अ चक्की अ[1] ।।"

सहसा हरिभद्र के सामने एक नई वस्तु आई और अपनी प्रतिज्ञा की याद भी । उन्होंने मन ही मन इस गाथा का तात्पर्य समझने का प्रयास किया पर कुछ भी समझ मे नही आया । तब वे साध्वी से उपहास के स्वर मे कहने लगे—आप क्या चकचकाहट कर रही हैं ? इन पदो का कुछ अर्थ तो है ही नही । साध्वी अत्यन्त सरलता और मृदुता से कहने लगी—भाई ! नये नये को ऐसा ही लगता है । आप पढ लिखकर अभी नये निकले है, तभी ऐसा कह रहे हैं । यह जैन आगमिक गाथा है और इसका अपना अर्थ है । तब हरिभद्र ने उनसे अर्थ बताने का अनुरोध किया । उन्होने कहा—अर्थ समझने के लिए गुरु खोजना होगा । हरिभद्र सत्यनिष्ठ थे, अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार साध्वी से उन्होने अपने को शिष्य बनाने की प्रार्थना की । साध्वी ने उन्हे अपने गुरु के पास दीक्षित होने का सकेत किया । हरिभद्र उनके गुरु के पास उपस्थित हुए, उनसे उक्त गाथा का अर्थ समझा तथा उनके पास प्रव्रजित हो गये ।

इस घटना क्रम के सन्दर्भ मे ऐसा भी कहा जाता है कि हरिभद्र जब पूर्वोक्त गाथा का अर्थ नही समझ सके तो उन्होने उक्त साध्वी से उसका अर्थ पूछा । साध्वी ने गाथा की निम्नाकित रूप मे व्याख्या की —

अनुक्रम से दो चक्रवर्ती, पाच वासुदेव, पाच चक्रवर्ती, एक वासुदेव, एक चक्रवर्ती, एक वासुदेव, एक चाक्रवर्ती, एक वासुदेव, दो चक्रवर्ती, एक वासुदेव तथा एक चाक्रवर्ती होते हैं ।

हरिभद्र साध्वी से बहुत प्रभावित हुए और उन्हे अपना शिष्य बनाने का अनुरोध करने लगे । साध्वी ने उन्हे प्रव्रजित होने के लिए

१ आवश्यक नियुक्ति गाथा ४२१

अपने गुरु के पास भेजा । हरिभद्र उनके गुरु के पास गये और उनसे प्रव्रज्या स्वीकार की ।

कृतज्ञता की पराकाष्ठा

हरिभद्र को इस ओर मुडने की प्रेरणा उक्त साध्वी से प्राप्त हुई थी, जिनका उन्होने अपने लिए जीवन भर बडा उपकार माना। साध्वी का नाम याकिनी महत्तरा था । हरिभद्र ने उन्हे अपनी धर्म-माता के रूप में स्वीकार किया और उन्हे जहा कही भी अपना परिचय देना अपेक्षित लगा, उन्होने बडे गौरव के साथ अपने आपको याकिनी महत्तरा के (धर्म) पुत्र के रूप मे प्रस्तुत किया ।

आवश्यक सूत्र वृहद्वृत्ति की प्रशस्ति का जो उद्धरण पहले यथाप्रसग उपस्थित किया गया है, वहा आचार्य हरिभद्र के नाम के साथ 'याकिनीमहत्तरासूनु' विशेषण है ही, अन्यत्र भी इसी प्रकार के उल्लेख प्राप्त होते हैं । उपदेश पद की प्रशस्ति मे उन्होने निम्नाकित शब्दावली मे अपना परिचय दिया है —

"जाइणिमयहरिआए रइआ एए उ धम्मपुत्तेण ।
हरिभद्दायरिएण भवविरह इच्छमाणेण ॥"
(याकिनीमहत्तराया रचिता एतेन तु धर्मपुत्रेण ।
हरिभद्राचार्येण भवविरह मिच्छता ॥)

दशवैकालिक सूत्र वृहद्वृत्ति के अन्त मे इस प्रकार उल्लेख है —

"महत्तराया याकिन्या धर्मपुत्रेण चिन्तिता ।
आचायहरिभद्रेण, टीकेय शिष्यवोधिनी ॥"

पञ्चसूत्र विवरण की प्रशस्ति मे भी इसी आशय का उल्लेख है —

'विवृत च याकिनीमहत्तरासूनुश्रीहरिभद्राचार्यै ।"

इन उल्लेखो से स्पष्ट है कि हरिभद्र स्वभावत बहुत ही गुण-ग्राही पुरुष थे ।

भव-विरहः एक विश्लेषण

आचार्य हरिभद्र के नाम के साथ एक विशेषण और प्रयुक्त होता रहा है । वह है 'भव-विरह' या आचार्य ने स्वय अपनी अनेक कृतियो मे अपने आपको 'भव-विरह' की इच्छा करने वाले के रूप मे स्थापित किया है । उदाहरणार्थ उपदेश-पद की प्रशस्ति की जो प्राकृत-गाथा ऊपर यथा-प्रसग उद्धृत की गई है, उसमे 'भव-विरह' का इसी अभिप्राय से प्रयोग हुआ है । सुप्रसिद्ध जैन विद्वान् एव लेखक प कल्याण विजयजी ने धर्म-सग्रहणी की प्रस्तावना में हरिभद्र-रचित उन उन ग्रथो की प्रशस्तियो को उद्धृत किया है, जिनमे 'भव विरह' शब्द का प्रयोग हुआ है । वे ग्रन्थ इस प्रकार हैं—

अष्टक, धर्मविन्दु, ललितविस्तरा, पच-वस्तुटीका, शास्त्रवार्ता समुच्चय, योगदृष्टिसमुच्चय, पोडशक, अनेकान्तजयपताका, योगविन्दु, ससार-दावानलस्तुति, धर्मसग्रहणी, उपदेशपद, पञ्चाशक तथा सम्बोधप्रकरण ।

आचार्य हरिभद्र का यह नाम इतना प्रसिद्ध हो गया कि उनके समकालीन व पश्चाद्वर्ती अनेक लेखको ने जहा उनकी चर्चा की है, उनके नाम के साथ 'भवविरह' शब्द का भी प्रयोग किया है । कहा-वलीकार भद्रेश्वर ने अपनी कृति मे उनकी भवविरह सूरि के नाम से वार वार चर्चा की है । कुवलयमाला मे उद्योतन सूरि ने 'भवविरह' विशेषण के साथ आचार्य हरिभद्र को सादर स्मरण किया है ।

आचार्य हरिभद्र का 'भव-विरह' उपनाम क्यो पडा, इस सम्वन्ध मे कई प्रकार के कथानक प्रचलित हैं ।

कहावली मे उल्लेख किया गया है कि जव याकिनी महत्तरा हरिभद्र को अपने गुरु जिनदत्त सूरि के पास ले गई, तव वहा वार्ता-लाप के मध्य एक ऐसा प्रसग वना कि हरिभद्र ने 'भवविरह' शब्द को स्वायत्त कर लिया । वात यो हुई—आचार्य जिनदत्त सूरि ने उन्हे 'चक्कि-दुग ' आदि—गाथा का अर्थ वता दिया और साथ ही साथ उन्हे

कहा कि तुम याकिनी के धर्म-पुत्र हो । इस पर हरिभद्र ने आचार्य से धर्म की जिज्ञासा की, उसका फल पूछा । जिनदत्त सूरि ने बताया कि धर्म की आराधना सकाम और निष्काम दोनो प्रकार से की जाती है । सकाम धर्म से स्वर्ग, लौकिक ऐश्वर्य, प्रभुता आदि प्राप्त होते हैं तथा निष्काम धर्म से भव-विरह, ससार से विरह, जन्म-मरण से छुटकारा, मोक्ष प्राप्त होता है । इस पर हरिभद्र ने कहा कि मुझे तो भगवन् ! भव-विरह ही प्रिय लगता है अर्थात् मैं तो मोक्ष ही पसन्द करता हूँ । अस्तु हरिभद्र ने वैराग्यपूर्वक जिनदत्त सूरि के पास जैन दीक्षा स्वीकार करली । उनके दीक्षा-ग्रहण करने का उद्देश्य भव-विरह, सासारिक आवागमन से छूटना या मुक्त होना था। अत उन्होंने अपने लिए यह (भवविरह) उपनाम उत्साहपूर्वक स्वीकार कर लिया।

आचार्य हरिभद्र का 'भवविरह' नाम पडने के सम्बन्ध मे एक घटना यह भी मानी जाती है कि कोई भक्त-श्रावक जब आचाय हरिभद्र के पास आकर उन्हे वन्दन-प्रणमन करता तो वे उसे श्वेताम्बर समाज मे प्रचलित आशीर्वाद पद्धतियो के स्थान पर "भव विरह" का प्रयोग किया करते थे । इसका आशय है यह था कि हे भव्य मुमुक्षु ! तुम्हारा भव भ्रमण रूप ससार से विरह छुटकारा हो । आशीर्वाद पानेवाला व्यक्ति उन्हें भवविरह सूरि ! आप दीर्घायु हो, ऐसा उत्तर मे कहता। कहावली मे इसका और अधिक विस्तार करते हुए लिखा गया है। उसके अनुसार लल्लिग नामक एक व्यापारी गृहस्थ था, जो आचाय हरिभद्र के प्रति बहुत आदर एव श्रद्धा रखता था । मूलत वह निधन था पर क्रमश उसका धन बढता गया । वह सम्पत्तिशाली हो गया । तब वह खुले हाथो दान देने लगा । वह साधुओ की भिक्षा के समय हमेशा शख बजाता ताकि जो भी भूखे-प्यासे होते, वहा आ जाते। शख इसी का सूचक था । वह उन्हे भोजन कराता । इसका अभिप्राय यह है कि लल्लिग के मन मे आतिथ्य एव करुणा का विशेप भाव था, इसलिए वह सोचता कि साधुओ को वह भिक्षा देता है, यह तो उसका

विशेष कर्तव्य है ही पर गाव के पास से भी कोई भूखा-प्यासा न गुजर जाए, एक गृहस्थ के नाते यह भी उसका धर्म है। भोजन-शाला मे भोजन करने के पश्चात् वे लोग आचार्य हरिभद्र को नमस्कार करने आते। आचार्य उन्हें "तुम भव-विरह प्राप्त करो" अर्थात् तुम मोक्षोन्मुख बनो, ऐसा आशीर्वाद देते । समागत जन आचार्य को "भवविरह सूरि ! आप दीर्घ काल तक जीवित रहे," यो कहकर चले जाते । इस प्रकार उनका 'भवविरह' या 'भवविरह सूरि' नाम विख्यात हो गया ।

ललिग का अद्भुत कार्य

आचार्य हरिभद्र ने अपने को सम्पूर्णत ग्रन्थ-रचना मे लगा दिया । वे अहर्निश इस ओर व्यस्त रहते । उस समय आज की तरह कागज आदि लिखने के साधन सुलभ नही थे । पहले कच्चा लेखन (Rough Writing) पाटी या दीवाल पर किया जाता । जब उसे सशोधन, परिष्कार आदि के बाद अन्तिम रूप दे दिया जाता, तब अन्तत उसे ताड-पत्र पर लेखक लिखते । हरिभद्र जैन परपरा के श्रमण थे । यदि उन्हे रात्रि मे लिखना होता तो वे जैन साधुओ की आचार परपरा के अनुसार दीपक आदि उपयोग मे नही ले सकते थे । ललिग ने एक मार्ग निकला । कहावली मे इस प्रसग मे उल्लेख है कि ललिग ने अपने पास सगृहीत रत्नो मे से एक उच्च जाति का (बहुत उत्कृष्ट) रत्न आचार्य के आवास-स्थान मे रख दिया, जिसके प्रकाश से रात्रि मे भी आचार्य दीवाल या पट्टी आदि पर ग्रन्थ-रचना करते रहते थे ।

प सुखलालजी ने इस सम्बन्ध मे चर्चा करते हुए लिखा है कि शायद वह रत्न हीरा रहा हो अथवा वैसा ही कोई अन्य रत्न रहा हो या उसी प्रकार की कोई दूसरी निर्दोष वस्तु रही हो, जिससे आचार्य प्रकाश का काम ले लेते और अपना लेखन जारी रखते । श्रावक ललिग ने आचार्य हरिभद्र के लिए जो यह व्यवस्था की, विद्वानो ने उसे बडा महत्त्वपूर्ण माना है ।

साहित्य-सर्जन

आचार्य हरिभद्र सूरि दिग्गज पाण्डित्य के धनी एव महान् प्रतिभाशाली लेखक थे। उन्होने बहुत लिखा और जो कुछ लिखा, अत्यन्त महत्त्व का लिखा, जिसमें चिन्तन की गहराई और वैदुष्य की प्रखरता का अद्भुत सयोग है। द्रव्यानुयोग, गणितानुयोग, चरणकरणा नुयोग तथा धर्मकथानुयोग प्रभृति विषयो पर उनकी जो रचनाए प्राप्त हैं, वे उनके सूक्ष्मातिसूक्ष्म चिन्तन, उर्वर प्रतिभा और गहन अध्ययन की द्योतक हैं। उनकी रचनाओ का वैविध्य, गाम्भीर्य तथा प्राचुर्य देख सहसा यह कल्पना करना कठिन होगा कि एक व्यक्ति इतने विषयो पर एक-सी सफलता के साथ ग्रन्थ-प्रणयन कर सकता है ? पर यह असन्दिग्ध है, उन्होने यह सब किया और यथावत् किया।

आचार्य हरिभद्र सूरि ने साहित्य-सर्जन का महान् कार्य तो किया ही, तत्कालीन (चैत्यवासी) जैन साधु-सघ मे व्याप्त शिथिलाचार के विरुद्ध भी उन्होने प्रबल क्रान्ति की। उस समय इन साधुओ का चारित्रिक ढाचा किस प्रकार ढहता जा रहा था, यह उन (आचार्य हरिभद्र) द्वारा रचित सम्बोध-प्रकरण के निम्नाकित उद्धरणो से स्पष्ट है —

"वे (साधु) तरह तरह के रग-बिरगे, सुन्दर, धूपवासित वस्त्र पहनते है। जिस गण (साधु-सघ) मे ऐसा होता है, उस गण के साधुओ मे मूल गुण ही नही रहता।

वे स्त्रियो के सम्मुख गाते हैं, गट-सट बोलते हैं, मानो बिना नाथ के (अनियन्त्रित) बैल हो।

वे अशुद्ध आहार ग्रहण करते हैं। पानी, फल, फूल आदि सचित्त पदार्थ, स्निग्ध व मधुर पदार्थ तथा लौंग, पान आदि का सेवन करते हैं। नित्य दो-तीन बार भोजन करते हैं।

वे चैत्य, मठ आदि मे निवास करते हैं, पूजा मे आरम्भ-

समारंभ करते हैं, देव-द्रव्यों का भोग करते है, जिन-गृह और शाला आदि का निर्माण कराते हैं ।

वे ज्योतिष बतलाते हैं, भविष्य-कथन करते हैं, चिकित्सा करते हैं, मन्त्र-टोना-टोटका आदि करते हैं । जो ये कार्य पाप-जनक हैं, नरक के हेतु हैं ।

वे धन के लोभ से गृहस्थों के आगे अंग (आचारांग आदि) शास्त्रों का प्रवचन करते हैं । वस्त्र, उपकरण, पात्र और द्रव्य का गृहस्थों के यहां अपने लिए संग्रह करते हैं । भला उन्हें कौन मुनि कहेगा?

गृहस्थों के आगे वे (प्रदर्शन के लिए) स्वाध्याय करते हैं, परस्पर (साधु-साधु) झगड़ते रहते हैं और शिष्य आदि के लिए कलह तथा विवाद करते रहते हैं ।

अधिक क्या कहा जाए, अज्ञानियों को वे भले मालूम होते हैं, पर विज्ञ जन जानते हैं कि वे धर्म के विराधक है, पाप के कीचड़ में फंसे हैं ।

अज्ञानी जन कहते हैं कि यह भी वेष तो तीर्थंकरों का है, इसलिए नमनीय है । उन्हें (वैसा कहने वालों को) धिक्कार है । मैं इस वेदना की पुकार किसके आगे करूं ?"[1]

---

१ वत्थाइं विविहवण्णाइं अइसियसद्दाइं धूववासाइं ।
परिहिज्जइ जत्थ गणे त गच्छं मूलगुणमुक्कं ॥ ४६ ॥
अन्नत्थियवसहा इव पुरओ गायंति जत्थ महिलाणं ।
जत्थ जयारमयारं भणंति आलं सयं दिंति ॥ ४९ ॥
सनिहिमाहाकम्मं जलफलकुसुमाइ सव्वसच्चित्तं ।
निच्चं दुतिवारं भोयण विगइलवंगाइ तबोलं ॥ ५७ ॥
चेइयमढाइवास पूयारंभाइ निच्चवासित्तं ।
देवाइदव्वभोगं जिणहरसालाइकरणं च ॥ ६१ ॥

जैन मुनि का जीवन, जिसकी मूल भित्ति चारित्र्य-अहिंसा सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य तथा अपरिग्रह का सर्वांगीण आचरण है, यदि ऐसा हो जाए तो क्या शोचनीय नही है ? आचार्य हरिभद्र सूरि जैसे मनीषी और मनस्वी को यह कैसे सहन होता ? फलत उन्होने सयम-प्रतिकूल, अवाञ्छित प्रवृत्तियो के लिए तथाकथित साधुओ को बहुत कोसा । उनकी एक ही भावना थी कि साधु-सघ चारित्र्य की दृष्टि से पवित्र और उज्ज्वल रहे । इसके लिए वे जीवन भर जूझते रहे ।

रचना-परिमाण

आचार्य हरिभद्र द्वारा रचित साहित्य के परिमाण के सम्बन्ध मे अनेक प्रकार के मन्तव्य प्रचलित हैं । अभयदेव सूरि, मुनिचन्द्र और वादिदेव सूरि ने क्रमश पचाशक-टीका, उपदेशपद-टीका तथा स्याद्-वाद-रत्नाकर मे यह उल्लेख किया है कि आचार्य हरिभद्र ने १४००

नरयगइहेउ जोइसनिमित्ततेगिच्छमतजोगाइ ।
मिच्छत्तराय सेव नीयाण वि पावसाहिज्ज ॥ ६३ ॥
मयकिच्चजिणपूयापरूवण मवघणाण जिणदाणे ।
गिहिपुरओ अगाइपवयणकहण घणट्ठाए ॥ ६८ ॥
वत्थोवगरणपत्ताइ दव्व नियनिस्साएण सगहिय ।
गिहि गेहमि यजेंसि ते किणिणो जाण न हु मुणिणो ॥ ८१ ॥
गिहिपुरओ सज्झाय करति अण्णोण्णमेव झूझति ।
सीसाइयाण कज्जे कलहविवाय उइरें ति ॥ १६२ ॥
किं बहुणा भणिएण बालाण ते हवति रमणिज्जा ।
दक्खाण पुण एए विराहगा छन्नपावदहा ॥ १६३ ॥
बाला वयति एव वेसो तित्थकराण एसो वि ।
णमणिज्जो धिद्धी अहो सिरसूल कस्स पुक्करिमो ॥ १७६ ॥
(सम्बोध-प्रकरण)

प्रकरणो की रचना की । राजशेखर सूरि ने प्रवन्ध-कोष मे हरिभद्र द्वारा १४४० प्रकरणो के रचे जाने का उल्लेख किया है। विजयलक्ष्मी सूरि ने अपने द्वारा रचित उपदेश-प्रासाद मे आचार्य हरिभद्र को १४४४ प्रकरणो का रचनाकार कहा है।

आचार्य हरिभद्र द्वारा रचे गये साहित्य का यह जो परिमाण वताया गया है, इसके सम्वन्ध मे कोई स्पष्ट तथ्य सामने नही आया है । प्रकरण शब्द ग्रन्थ का द्योतक है या परिच्छेद का, यह भी कुछ स्पष्ट नही है । वैसे यह ग्रन्थ का ही द्योतक होना चाहिए परन्तु यदि इसे प्रकरण का द्योतक मानें तो भी इस सख्या तक हरिभद्र रचित ग्रन्थो के प्रकरण, अध्याय या परिच्छेद भी नही पहुच सकते । फिर भी विषय गवेषणीय है कि इस रूप मे जो प्रकरण-सख्या का उल्लेख किया गया है, उसका कुछ न कुछ कारण अवश्य होना चाहिए । अभी लगभग सौ के आसपास छोटे-वडे ग्रन्थ ज्ञात हो सके हैं, जो हरिभद्र-रचित माने जाते हैं । उनमे भी यदि छटाई की जाए तो प्राप्य, अप्राप्य लगभग पचास ग्रन्थ ऐसे हैं, जिन्हे हरिभद्र-रचित माना जाना शकास्पद नही है ।

आचार्य हरिभद्र-रचित ग्रन्थो को मोटे तौर पर तीन भागो मे वाट सकते हैं—

१ आगामो की व्याख्याए ।

२ धर्म व दर्शन ।

३ कथा-कृतिया ।

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, आचार्य हरिभद्र असाधारण प्रतिभा के धनी थे । तभी तो यह सभव हो सका कि आगमो की व्याख्या मे जहा उनकी लेखनी अप्रतिहत रूप मे चली, दर्शन के गम्भीर विवेचन मे भी उस (लेखनी) ने अपना असामान्य सामर्थ्य दिखलाया तथा कथाओ की रचना मे भी उसने लोकजनीनता, सहजता, सुकुमारता और सुरुचिकारिता का विलक्षण परिचय दिया ।

आगमो के प्रथम टीकाकार

जैन आगमो पर सस्कृत मे टीका रचने वाले ये सबसे प्रथम विद्वान् हैं। इन द्वारा प्रणीत आवश्यक वृहद् वृत्ति, दशवैकालिक वृहद् वृत्ति आदि के परिशीलन से स्पष्ट है कि भापा की प्राञ्जलता, आगमगत दुरवगाह विपयो का सरलता से विशदीकरण, शैली की प्रौढता आदि अनेक दृष्टियो से उनकी टीकाए महत्त्वपूर्ण एव मार्मिक हैं।

दर्शन व योग पर रचनाएं

आचार्य हरिभद्र ने अनेकान्त पर अनेकान्तवादप्रवेश तथा अनेकान्तजयपताका नामक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ रचे, जो अनैकान्तिक दृष्टिविन्दु का हार्द युक्तियुक्त सरणि द्वारा प्रस्तुत करते हैं। दर्शन-जगत् में वस्तुत इन ग्रन्थो का बडा महत्त्व है। इनके अतिरिक्त पड्दर्शन समुच्चय नामक इनका एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है, जिसमे उन्होने छओ दर्शनों का विवेचन किया है।

आचार्य हरिभद्र जैन योग के प्रथम सकलयिता या पुरस्कर्ता थे। दूसरे शब्दो मे जैन योग साहित्य के वे आदि-प्रणेता थे। योग पर उन्होने योग दृष्टि समुच्चय, योग विन्दु, योग शतक तथा योगविंशिका नामक चार ग्रन्थ रचे, जिनमे प्रथम दो सस्कृत मे तथा अन्तिम दो प्राकृत मे हैं। इन ग्रन्थो में जैन दृष्टिकोण से योग का जो तात्त्विक और सार्वजनीन विश्लेपण हुआ है, वह वस्तुत स्तुत्य है।

आचार्य हरिभद्र बौद्ध दर्शन के भी मार्मिक विद्वान् थे। सुप्रसिद्ध बौद्ध आचार्य दिङ्नाग कृत न्यायप्रवेश पर टीका लिखकर उन्होंने जैन विद्वानो के लिए बौद्ध-न्याय के परिशीलन का मार्ग प्रशस्त किया।

महान् कथा-शिल्पी

आचार्य हरिभद्र प्राकृत-वाङ्मय के अत्यन्त सफल एव महान्

कथा-शिल्पी हैं । कथाओ के माध्यम से गम्भीर तथ्यो को आत्मसात् करा देने की उनकी शैली वास्तव मे बेजोड़ है । नही प्रतीत होता कि ये तत्त्व-विश्लेषण की कडवी औषधि पिला रहे हैं, यो लगता है, मानो कथा के मधुर रस-नि स्यन्द के साथ तत्त्व-महौषधि इस रूप मे घुली-मिली है कि उसे आत्मसात् करना यत्नसाध्य नही होता, सहज-साध्य होता है ।

जैन वाङ्मय में कथाओ का स्रोत

जैन धर्म प्रारभ से ही अधिकाधिक लोकजनीन रहा है । धर्म का सन्देश केवल अभिजात-वर्ग तथा सम्भ्रान्त जन-समुदाय तक ही न पहुचे प्रत्युत मानव-मानव तक वह प्रसृत हो, इस ओर जैन तीर्थंकरों, आचार्यों तथा उपदेशकों का सदैव ध्यान रहा है । यही कारण है कि उन्होने सार्वजनीन उपदेश के निमित्त उन्हीं भाषाओ को स्वीकार किया, जिन्हे लोग सरलता से समझ सकें । जैन आगामो मे, जो उपलब्ध धर्म-प्रवचनो या उपदेशो मे प्राचीनतम हैं, प्राकृत का स्वीकार इसे पुष्ट करता है ।

भाषा की सरलता की तरह विवेचन को भी सरल, हृदयग्राही व सुबोध्य बनाने के लिए जैन आगम-साहित्य मे कथाओ का प्रचुर प्रयोग हुआ है । आगामो के भाष्यो, निर्युक्तियो, चूर्णियो, वृत्तियो आदि मे भी लेखको ने अपने विश्लेषण को प्राणवान् बनाने के लिए स्थान-स्थान पर कथाओ का प्रयोग किया है । आचार्य हरिभद्र इसी परम्परा के मनीषी थे । यही कारण है कि उन्होने उच्च कोटि के गम्भीर दार्शनिक ग्रन्थो की रचना के साथ साथ कथा-साहित्य का भी महत्त्वपूर्ण सर्जन किया ।

आचार्य हरिभद्र द्वारा रचित कथा-कृतियाँ

आचार्य हरिभद्र द्वारा रचित दो प्रकार का कथा-साहित्य हमे प्राप्त होता है । एक वह है, जो आगमो की व्याख्या के सन्दर्भ मे

उन्होने प्रस्तुत किया । यहा यह ज्ञातव्य है कि आगमो का व्याख्या-भाग जहा सस्कृत मे है, तत्सम्बद्ध कथा-भाग अधिकाशत' प्राकृत मे है । आचार्य हरिभद्र के साथ एक सीमा तक इसी प्रकार की स्थिति है । इससे इन लेखको की लोकजनीन मनोवृत्ति का हमे स्पष्ट परिचय प्राप्त होता है । आचार्य हरिभद्र का समय अपभ्र शो का समय था, जो प्राकृतो से वहुत दूर नही थे, उन्ही से उद्भूत थे ।

हरिभद्र द्वारा लिखित व्याख्या-गत प्राकृत-कथाए हमे मुख्यत दो स्थानो पर मिलती हैं—दशवैकालिक-वृहद्वृत्ति मे तथा उपदेशपद में। दशवैकालिक की वृहद् वृत्ति मे लगभग तीस महत्त्वपूर्ण प्राकृत-कथाए हैं और उपदेश-पद मे सत्तर ।

आचार्य हरिभद्र की दूसरी कथा-कृतिया वे हैं, जो स्वतन्त्र ग्रन्थो के रूप मे हैं । वे दो हैं—समराइच्च-कहा तथा धूर्ताख्यान । समराइच्च-कहा पर यहा हम कुछ विचार कर रहे हैं ।

समराइच्च-कहा का महत्त्व

समराइच्च-कहा अपनी अन्त स्पर्शी शैली, मार्मिक चरित्र-चित्रण, सहज भावाभिव्यक्ति, सरल, सुवोध तथा हृदयग्राही शब्दो का प्रयोग, कथा-प्रवाह की सुव्यवस्थित शृ खला, मुख्यकथा के साथ अनेक उप-कथाओ का सुन्दर सामजस्य, वर्णन की सरसता आदि अनेक दृष्टियो से महत्त्वपूर्ण है ।

सर्वजनोपयोगी जैन आचार एव तत्त्व-दर्शन के लेखक ने इसमे वहुत ही हृद्य एव मनोरम विवेचन किया है । वह भी इतनी रुचिपूर्ण व आकर्षक सरणि एव भाषा में कि पाठक उससे सद्य प्रभावापन्न हो सके । वस्तुत मानव के लिए जीवन मे क्या उपादेय और क्या हेय है, इसका आचार्य हरिभद्र ने प्रस्तुत कृति में अपनी चामत्कारिक लेखनी द्वारा जो लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है, नि सन्देह वह अनूठा है ।

प्राक्तन साहित्य मे इसकी बहुत बडी ख्याति रही है। ख्यात-नामा कवि धनपाल ने तिलकमञ्जरी की प्रस्तावना मे निम्नांकित शब्दो मे समराइच्च-कहा की मुक्तकण्ठ से प्रशसा की है।

निरोद्धु पार्यते केन समरादित्यजन्मन ।
प्रशमस्य वशीभूत समरादित्यजन्मन ।।

श्री हरिभद्र सूरि के विद्या-शिष्य दाक्षिण्यचिह्न उद्योतन सूरि ने 'कुवलयमाला' सज्ञक अत्यन्त प्रसिद्ध प्राकृत-कथा-ग्रन्थ की जो रचना की, प्रतीत होता है, 'समराइच्चकहा' से ही प्रेरणा लेकर उन्होने सभवत ऐसा किया। श्री उद्योतनसूरि ने कुवलयमाला मे इस ग्रन्थ का समर-मियका नाम से उल्लेख किया है। उन्होने लिखा है —

"जो इच्छइ भवविरह, भवविरह को न वदए सुयणो ।
समयसयसत्थगुरुणो, समरमियका कहा जस्स ।।"

अर्थात् वह कौन होगा, जो भवविरह-ससार से जन्म-मरण से मुक्ति चाहता हो और 'भवविरह' आचार्य हरिभद्र को वन्दन नही करता।

इस गाथा के उत्तरार्द्ध मे बडे आदर के साथ आचार्य के गुणों का वर्णन करते हुए बताया है कि जो सैकडो मतवादो और शास्त्रो को जानने वाले हैं तथा समरमियका (समराइच्च-कहा) नामक जिनकी कथा-कृति है।

आचार्य हेमचन्द्र के गुरु श्री देवचन्द्र सूरि ने अपने सतिनाह चरिय नामक ग्रन्थ मे श्री हरिभद्र सूरि को निम्नांकित शब्दो मे वन्दन किया है —

"वदे सिरिहरिभद्द सूरिं, विवुसयणणिग्गयपयाव ।
जेण य कहा-पवधो, समराइच्चो विणिम्मविओ ।।"

विद्वन्मान्य आचार्य श्री हरिभद्र सूरि को प्रणमन करते हुए

यहा श्री देवचन्द्र सूरि ने उन द्वारा विनिर्मित समरादित्यकथा का विशेष रूप से निर्देश किया है ।

आचार्य प्रभाचन्द्र ने प्रभावक-चरित मे समराइच्चकहा (समरादित्यकथा) की विशेषताओ का बड़े भाव-विभोर शब्दो मे वर्णन किया है । उन्होने लिखा है,—

"शास्त्रं श्री समरादित्य-चरितं कीर्त्यते भुवि ।
यद्रसोर्मिप्लुता जीवा, क्षुत्तृड्राद्य न जानते ॥"

अर्थात् (आचार्य हरिभद्र-रचित) समरादित्य-चरित-समरादित्य-कथा (समराइच्चकहा) की जगत् मे एक शास्त्र के रूप मे कीर्ति है । वह ऐसा शास्त्र है, जिसके (अध्यात्म) रस की तरगो मे डूबते हुए तन्मय होते हुए प्राणी भूख, प्यास आदि सब भूल जाते हैं ।

प्रभाचन्द्र के अनुसार इस ग्रन्थ का उसी प्रकार का महत्व है, जैसा शास्त्र का होता है ।

उपर्युक्त उद्धरणो के परिपार्श्व मे देखने की बात यह है कि आचार्य हरिभद्र ने जहा योग दर्शन, न्याय, आगम-व्याख्या जैसे महत्त्वपूर्ण विषयो पर अनेक प्रौढ ग्रन्थो की रचना की, जिनका विद्वज्जगत् मे बड़ा आदर है, उन सब को छोड उपर्युक्त विद्वान् उन्हें 'समराइच्चकहा' के रचनाकार के रूप मे सादर स्मरण करते हैं । इससे यह सिद्ध होता है कि लोकोपयोगिता की दृष्टि से इस ग्रन्थ का साहित्यिक जगत् मे असामान्य समादर रहा है ।

समराइच्च कहा के लेखक की प्रेरणा

आचार्य हरिभद्र का जीवन-वृत्त, जितना जो प्राप्त है, उससे स्पष्ट है कि वे ब्राह्मण-परम्परा से श्रमण-परम्परा मे आये थे । ब्राह्मण शास्त्रों के तो वे दिग्गज विद्वान् थे ही, उन्होंने जैन आगम तथा तत्सम्बद्ध विशाल साहित्य का गम्भीर पारायण किया । ऐसा प्रतीत होता

है, जैन शास्त्रों के परिशीलन के सन्दर्भ मे जैन तत्त्व-ज्ञान के उन महत्त्वपूर्ण पहलुओं से वे बहुत ही प्रभावित हुए हो, जिनका हमारे दैनन्दिन जीवन के साथ अत्यन्त निकट का सम्बन्ध है । मनुष्य जिस किसी दुष्प्रवृत्ति मे ग्रस्त होता है, उसका मूल कारण कषाय क्रोध, मान, माया व लोभ है । इन पर नियन्त्रण किये बिना मनुष्य चाहे कितना ही ज्ञानी या विद्वान् हो जाए, जीवन मे सत् का स्वीकार व असत् का वर्जन सध नही पाता । शत्रुता प्रतिशोध, प्रवञ्चना, छल, कपट, धोखा, विश्वासघात, असत्य आदि सब इन्ही कषायो के प्रतिफल हैं ।

आचार्य हरिभद्र के मन को इन भावनाओ ने विशेष रूप से उद्वेलित किया हो कि जीवनगत विषमताओ और दुविधाओं का यही मुख्य कारण है कि जो अनेक रूपो मे उभरता हुआ प्राणी को आत्मपराङ्मुख बना देता है । यह क्रम एक जीवन मे समाप्त नही हो जाता, जन्म-जन्मान्तर तक चलता रहता है । फलत प्राणी केवल इसी जन्म मे नही, आगे के जन्मो मे भी दु खित एव पीडित होता रहता है । इसलिए मानव के लिए सबसे पहली आवश्यकता और उसके ज्ञान की सार्थकता यह है कि वह कषायो के विकराल स्वरूप और परिणाम की यथार्थता को हृदयगम करे । फलत उसका जीवन क्रमश कषायो से दूर होता जायेगा, कर्म-बन्ध का स्रोत मन्द पडता जायेगा ।

इन तथ्यो को लोग गहराई से समझते हुए आत्मसात् कर सकें, इस हेतु उन्हे यही अधिक सगत व उपयुक्त लगा हो कि वे कथाओ के माध्यम से इसे उपस्थापित करें । जहां उनके पाण्डित्यपूर्ण ग्रन्थो से विद्वज्जन लाभान्वित होगे, वहा सामान्य जन-समुदाय इन कथाकृतियो से उद्बोधित होगा ।

समराइच्च कहा का उद्गम-स्रोत

समराइच्च कहा का मूल कथानक आचार्य हरिभद्र द्वारा परिकल्पित नहीं है । वह उन्हे परम्परा से प्राप्त था ।

समराइच्च कहा मे वर्णित महत्त्वपूर्ण घटनाओ पर हम दृष्टि पात करें तो ऐसा अनुमित होता है कि उनके सर्जन मे पूर्ववर्ती कथा परपराओ से हरिभद्र ने विशेपत॰ प्रेरणा ली । उदाहरणार्थ समराइच्च कहा के प्रथम भव मे गुणसेन व अग्निशर्मा का कथानक आता है, जो सारे ग्रन्थ का मूल उत्स है । इस कथानक की समानता व सगति सघदास गणी की वसुदेवहिंडी के एक कथानक से है ।

वसुदेवहिंडी के अट्ठाईसवें लभ (अध्याय) का नाम देवकी-लभ है । उसमे कस के पूर्व-भव का वर्णन आया है । वहा बतलाया गया है कि पूर्व-जन्म मे कस एक तापस था । वह महीने-महीने उप वास करता था । एक बार अपने पर्यटन-क्रम के बीच वह मथुरा आया। महाराज अग्रसेन ने उसे पारणे का निमन्त्रण दिया । पारणे के दिन उग्रसेन का चित्त किन्ही कारणो से विक्षिप्त था । इसलिए तापस को पारणा कराने की बात उसकी स्मृति से उतर गई। यथासमय तापस उसके यहा आया परन्तु किसी ने उसकी ओर ध्यान नही दिया, वह लौट गया । उग्रसेन द्वारा पुन निमन्त्रित किये जाने पर दूसरी व तीसरी बार भी ऐसा ही हुआ । तापस ने कल्पना की कि यह उग्रसेन का उसके विरुद्ध षड्यन्त्र है । उसका मान (अहकार) जागा । उसने निदान किया—मैं अपने अगले जन्म मे उग्रसेन का वध करूगा । परिणाम स्वरूप वही तापस उग्रसेन के यहा कस के रूप मे उत्पन्न हुआ। गुणसेन और अग्नि शर्मा के कथानक के रूप मे यही उपादान समराइच्च कहा जैसी विशाल कथा-कृति के रूप मे विकसित हुआ ।

यह तो हुई मूल-कथा की बात । अवान्तर कथाओ व प्रसगो मे भी ऐसे अनेक स्थल हैं, जिनके मूल उत्स वसुदेवहिंडी आदि मे प्राप्त होते हैं । उदाहरणार्थ समराइच्च-कहा के द्वितीय भव में जो मधु-विन्दु का दृष्टान्त आया है, वसुदेवहिंडी मे भी लगभग वैसा ही वृत्तान्त प्राप्त होता है । वहा उसे 'विसय सुहोवमाए महुविंदुदिट्ठ त' (विपय-सुखोप-माये मधुविन्दुदृष्टान्त) के नाम से उल्लिखित किया गया है । दोनो

वर्णनो मे लगभग मभी तथ्य एक जैसे हैं। वसुदेवहिंडी मे उन्हे साधारण रूप मे वर्णित किया गया है तथा आचार्य हरिभद्र ने वहा साहित्यिक पुट देते हुए उस दृष्टान्त को आकर्षक तथा प्रभावशाली बना दिया है। हरिभद्र ने वर्णन को सुन्दर बनाने के लिए कुछ विस्तार भी कर दिया है।

समराइच्चकहा मे जहा श्रावक के व्रत, उनके अतिचार आदि का विवेचन हुआ है, वह अश मूलत उपासक दशाग सूत्र से गृहीत है। उपासकदशाग सूत्र के प्रथम अध्ययन मे भगवान् महावीर के प्रधान श्रावक आनन्द का वर्णन है। आनन्द के बारह व्रतो का वहा विस्तार से निरूपण हुआ है। समराइच्चकहा का वर्णन उसी के आशिक या सक्षिप्त रूप जैसा है।

उक्त ग्रन्थो के अतिरिक्त श्री हरिभद्र सूरि से पूववर्ती अन्यान्य कथा-ग्रन्थ भी इस कृति के किसी न किसी रूप से उत्प्रेरक कहे जा सकते हैं, जिनमे गुणाढ्य की बृहत्कथा, पालिजातक कथाए आदि मुख्य हैं।

समराइच्च कहा का मुख्य विषय

जैन दर्शन मे कर्म-सिद्धान्त का जो सूक्ष्म, गम्भीर एव विशद विश्लेषण हुआ है, वह नि सन्देह विश्व के तात्त्विक वाड्मय मे अनन्य-साधारण है। कर्मों के अनेकानेक पहलुओ पर जिस बारीकी से वहा विचार किया गया है, दर्शन के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए वह निश्चय ही अध्येतव्य है। कर्मों के सन्दर्भ मे 'निदान' शब्द का प्रयोग आता है। निदान का आशय किसी ऐहिक व पारलौकिक फल विशेष का सकल्प कर तपस्या आदि कर्म करना है। मन मे जिस कोटि का रागात्मक या द्वेषात्मक-कषाय-प्रसूत भाव होता है, तदनुरूप वह पुरुष निदान करता है। जिन तीव्र, तीव्रतर या तीव्रतम भावो से वह निदान करता है, उत्तरवर्ती जन्मो मे उसी रूप मे उसके जीवन की शृ खला आगे

बढती जाती है । फलत आध्यात्मिक दृष्टि से वह गिरता जाता है। समराइच्चकहा के प्रथम भव मे वर्णित अग्निशर्मा की घटना से प्रकट है कि पुन पुन होने वाली अवहेलना या उपेक्षा से वह अपना सन्तुलन खो बैठता है । उसका सुप्त अहकार छेडे हुए नाग की तरह फुफकार उठता है, क्रोध प्रकट होता है, प्रतिशोध का दावानल सुलग उठता है और परिणाम-स्वरूप वह गुणसेन को केवल उसी जन्म मे नही, जन्म जन्मान्तर मे उत्पीडित करने व मारने का निदान करता है । फलतः वह आगे जहा भी जन्म लेता है, इसी भावना से अभिभूत रहता है। इसी मुख्य विषय का आचार्य हरिभद्र ने विविध रूपो मे पल्लवन किया है । उसके परिपार्श्व मे पनपने वाले, पलने वाले कलुषित कर्मों का भयावह चित्र उपस्थित किया है और उनसे बचने का मार्ग भ ।

उपयोगिता

आचार्य हरिभद्र ने समराइच्चकहा के भिन्न-भिन्न भवों मे मुख्य कथा एव उपकथाओ में जो क्रोध, मान, माया, राग, द्वेष आदि का वर्णन किया है, वह पाठक को सहज ही यह प्रेरणा देता है कि इन कुत्सित वृत्तियो से जीवन कितना पतित एव दु खित हो जाता है। केवल मनुष्यो के ही नही, पशु-पक्षियो के भी अनेक प्रसग उपस्थित कर आचार्य हरिभद्र ने यह प्रस्तुत किया है कि कर्मों के फल-स्वरूप पशु-पक्षियो की योनियो मे पहुचने पर भी कपायात्मक प्रवृत्तियां मिट नही सकती ।

इस कथा-कृति द्वारा आचार्य हरिभद्र का एक महत्त्वपूर्ण सन्देश यह है कि प्रतिशोध या बदले की भावना मनुष्य के विवेक को अन्धा बना देती है और उसे कलुषित एव हीन कर्म करने मे बुरी तरह जोड देती है ।

कर्म-जनित क्लेशों की भयावहता तथा कपाय-जनित मनोभावों की कलुषता, जो विभिन्न कथा-प्रसगो मे उद्घाटित है, से प्रकट

है कि इनसे बचे बिना मनुष्य का कदापि कल्याण नही ।

अन्तत लेखक पाठको के मन मे यह भाव प्रतिष्ठित करना चाहता है कि भव-ससार आवागमन या जन्म-मरण से छूटने का एक मात्र साधन मोक्ष है, जो निष्काम धर्माराधना से प्राप्त होता है ।

समसामयिक लोक-जीवन का चित्रण

लगभग सवा सहस्राब्दी पूर्व हुए आचार्य हरिभद्र ने समराइच्च कहा मे कथोपकथाओ के प्रसंग मे तत्कालीन भारतीय लोक-जीवन का यथार्थ स्वरूप उपस्थित किया है । पारिवारिक जीवन, स्त्रियो के स्वप्न उनके दोहद, शिशुओ के जन्म, जन्मोत्सव, वैवाहिक उत्सव, राजाओ का जीवन, राजाओ के परिजन, राजाओ के व्यसन, सामूहिक जन-समारोह, पर्व या त्योहार, चोरी, अपहरण, चोरी की छान बीन, न्यायालय के कार्य, राजाओ की सीमाओ के झगडे, लोगो की मनोवृत्ति, जादू-टोने, मन्त्र आदि मे विश्वास, मुनियो का विहार, लोगो की उनके प्रति श्रद्धा, धर्म-श्रवण-प्रव्रज्या, आमरण-अनशन, जन-जीवन मे कला-भिरुचि, रीति-नीति, वाणिज्य-व्यवसाय प्रभृति आदि से सम्बद्ध अनेक ऐसे सजीव चित्र लेखक ने प्रस्तुत कृति मे इस सुन्दरता से सजोये हैं कि भारतीय समाज, सस्कृति व जीवन की सजीव झाकी पाठको को प्राप्त हो जाती है । अत तत्कालीन भारतीय लोक-जीवन के अध्ययन की दृष्टि से भी इस ग्रन्थ की अपनी विशेषता एव उपयोगिता है ।

भाषा, शैली, निरूपण

आचार्य हरिभद्र ने जिस भाषा मे समराइच्च कहा की रचना की है, वह जैन महाराष्ट्री प्राकृत है । अतएव वहा महाराष्ट्री या अर्द्धमागधी का पुट है, जो स्वाभाविक है । जिस कोटि या स्तर की भाषा का उन्होने प्रयोग किया है, उससे स्पष्ट है कि वे कोई वैसा ग्रन्थ रचना नही चाहते थे, जो केवल पण्डितो के उपयोग का हो । उनकी भाषा एव रचना-शैली से यह स्पष्ट है कि व्युत्पन्न-अर्थात्

समझदार व लिखने पढने मे रुचि रखने वाले नागरिकों के लिए इस कथ कृति का प्रणयन उन्हे अभीष्ट था । यही कारण है कि उनकी शैल में जटिलता नही, सुबोध्यता है पर प्राञ्जलता उसमे छूट नहीं पाई है वाक्य छोटे छोटे हैं, रोचक हैं, प्रसाद गुण युक्त हैं, पढते ही अर्थ अधि गत हो जाता है, पर वे स्थल, जो वर्णनात्मक हैं, जैसे राजा, नगर उद्यान महोत्सव वन आदि के प्रसग बहुत विस्तृत, समास प्रधान लंबे वाक्यो वाले हो गये हैं, जिन्हे पढते समय बाणभट्ट की कादम्बरी का स्मरण हो आता है । वे प्रसग दुरूह हैं, जिससे साधारण पाठको के लिए कम रोचक हैं पर साहित्यिक जनो के लिए उनमे स्पृहणीय रसात्मकता है।

आचार्य हरिभद्र चरित्र-चित्रणों के वस्तुत कुशल शिल्पी हैं। नायक, प्रतिनायक तथा कथागत अन्यान्य पात्रों को चित्रित करने में उनकी लेखनी ने नि सदेह चमत्कार किया है । प्रतिनायक अग्निशर्मा का चरित्र तो बडे ही मार्मिक रूप मे उपस्थित किया गया है ।

प्राकृत-वाङ्मय की उपादेयता

समराइच्च कहा प्राकृत-वाङ्मय की अक्षुण्ण निधि का एक अ मूल्य रत्न है । यह ज्ञातव्य है कि प्राकृत-साहित्य केवल राजदरबारों को या राजाओं के पारस्परिक युद्धों का अथवा उनके अन्त पुरों की अठखेलियों का साहित्य नही है, प्रत्युत वह लोक-जीवन के प्रत्येक पहलू से अत्यन्त निकटता के साथ जुडा हुआ है । यदि सक्षेप मे कहें तो यह कहना अतिरजित नही होगा कि प्राकृत-साहित्य मे हमें समग्रता के दर्शन होते हैं । वहा यदि राजा है तो श्रमिक, कृषक, सेवक, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, अछूत सब हैं । सबका अपना-अपना स्थान और कृतित्व है । यदि राजनीति की गुत्थियां वहा हैं तो छोटे और बडे सभी घरो की चार-दीवारियो में घटित होने वाले वृत्त का लेखा जोखा भी है । विभिन्न लोक-चेतनाओं, मनोभावनाओं, धार्मिक श्रद्धाओ, साम्प्रदायिक मान्यताओं, लोक-रीतियो, लोक-नीतियो का जैसा स्पष्ट

परिस्फुग्न प्राकृत-साहित्य मे अव्याहृत रूप मे दृष्टिगत होता है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है । इसलिए यदि भारत के अतीत कालीन जीवन का सही अध्ययन हमे करना है तो प्राकृत-साहित्य का परिशीलन हमें आवश्यक ही नही, परमावश्यक मानना होगा ।

एक बात और-भाषा की दृष्टि से, आज हम हिन्दी के युग मे जो रहे हैं । हिन्दी का स्रोत अपभ्रंश के माध्यम द्वारा प्राकृत से उद्‌गत है । अत हिन्दी भाषाभाषियो के लिए प्राकृत-वाङ्मय के अध्ययन की भाषात्मक दृष्टि से भी बहुत बडी उपयोगिता है । हिन्दी के मूल स्वरूप का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक परिवेश हम प्राकृत को पढ़े बिना नही जान सकते ।

प्राकृत के अध्ययन के सन्दर्भ मे समराइच्च कहा का मध्य कालीन प्राकृतो की दृष्टि से बडा महत्व है । वैचारिक दृष्टि से भी समराइच्च कहा जैसे ग्रन्थ मानव मात्र के लिए शाश्वत उपयोगिता लिये हुए हैं क्योंकि ये मानवीय जीवन की उस अन्तश्रद्धा के प्रकोष्ठ पर सीधी चोट करते हैं, जो यदि सत्त्वोन्मुख हो जाए तो जीवन की धारा एक ऐसा मोड ले लेती है, जिससे दुःख, सक्लेश, दौविध्य ये सब बहुत पीछे छूट जाते हैं ।

प्रकाशन

समराइच्च कहा के प्रकाशन के कई प्रयत्न हुए है । जर्मनी के लब्धप्रतिष्ठ विद्वान् भारतीय वाङ्मय विशेषत प्राकृत व जैन साहित्य के गम्भीर अनुशीलक डॉ हर्मन जैकोबी के सम्पादकत्व में इस ग्रन्थ का बहुत पहले प्रकाशन हुआ था । भारत मे भी इसके कई संस्करण निकले पर अब वे लगभग अप्राप्य हैं । हिन्दी अनुवाद के साथ अब तक कोई सस्करण प्रकाशित ही नही हुआ । इस समय भारत के अनेक विश्वविद्यालयो मे प्राकृत एम ए तक एक पृथक् स्वतन्त्र विषय के रूप मे स्वीकृत है, जहा अन्यान्य प्राकृत-ग्रन्थो के साथ समराइच्च कहा भी

पाठ्यक्रम मे प्राय निर्धारित है । कई जैन सस्थाओ द्वारा विशेषत श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन सघ, बीकानेर द्वारा सचालित परीक्षाओ के पाठ्यक्रमो मे भी समराइच्च कहा रखी हुई है । पुस्तक की अप्राप्यता के कारण सर्वत्र कठिनाई अनुभव की जा रही है । यह सब दृष्टिगत करते हुए श्री अ भा साधुमार्गी जैन सघ ने इस ग्रन्थ के प्रकाशन का और वह भी हिन्दी अनुवाद के साथ जो सकल्प किया है, वह निश्चय ही स्तुत्य है । जहा प्राकृत के विद्यार्थी इससे लाभान्वित होगे हिन्दी-जगत् के लिए भी यह ग्रन्थ उपयोगी सिद्ध होगा। प्रस्तुत खण्ड मे ग्रन्थ के दो भव समाविष्ट है । आगे के भव अगले खण्डो मे प्रकाशित किये जाने की योजना है ।

प्रस्तुत ग्रन्थ के सपादन, अनुवाद आदि के सन्दर्भ में तद्गत अनेक दार्शनिक व साहित्यिक विषयो के विवेचन तथा स्पष्टीकरण में परम श्रद्धेय, समता-दर्शन के प्रणेता आचार्य श्री नानालालजी म सा के सुशिष्य विद्वद्वय श्री प्रेम मुनिजी तथा श्री सुरेन्द्र मुनिजी का जो महत्त्वपूर्ण सहयोग रहा, उसे भूल नहीं सकता, इन विद्वान् सन्तो के प्रति मैं कृतज्ञ एव श्रद्धाभिनत हूँ ।

मुद्रण का क्रम

ग्रन्थ के मुद्रण का क्रम इस प्रकार रखा गया है – कि एक पृष्ठ पर प्राकृत-पाठ, उसके सम्मुखीन पृष्ठ पर सस्कृत-छाया तथा परिशिष्ट मे हिन्दी अनुवाद ।

पिछली कई शताब्दियों से प्राकृत के स्वतन्त्र अध्ययन की परम्परा चालू नही रही । सस्कृत-छाया के सहारे प्राकृत पढी जाती रही है । निरन्तर ऐसा रहने से अध्येताओ मे कुछ ऐसा सस्कार या अभ्यास पड गया कि सस्कृत के माध्यम के बिना प्राकृत पढना या समझना कठिन प्रतीत होने लगा । आश्चर्य है, जो कभी जन-जन की भाषा थी, उसे सस्कृत से भी कठिन बना दिया गया । इस प्रकार

को मिटाना होगा। प्राकृत के सीधे, विना सस्कृत-माध्यम के उसके अध्ययन की परम्परा को प्रतिष्ठित करना होगा । पर ऐसा होने मे कुछ समय लगेगा, तब हमे उसी पुरानी परम्परा का अनुसरण करना उपयुक्त प्रतीत हुआ। अतएव प्राकृत-पाठ के सामने हिन्दी-अनुवाद न देकर सस्कृत-छाया देनी पडी । परिशिष्ट मे हिन्दी अनुवाद रखे जाने से एक लाभ तो यह अवश्य होगा कि हिन्दी भापी पाठक ग्रन्थ को सलग्नतया या अव्याहृत रूप मे पढकर आचार्य हरिभद्र की इस अनुपम प्राकृत-रचना का रसास्वादन कर सकेंगे ।

अनुवाद केवल भावानुगामी नही है, मुख्यत शब्दानुगामी है ताकि अध्येताओ को मूल प्राकृत-पाठ को समझने मे उससे यथेष्ट सहारा मिल सके। शब्दानुगामी होते हुए भी अनुवाद मे लेखक के आशय को विशेष स्पष्ट करने का प्रयास रहा है, जिससे ग्रन्थगत विपयो को भली भाति आत्मसात् करने मे सहायता मिलेगी । जहा अपेक्षित प्रतीत हुआ, जैन पारिभाषिक प्रयोगो का तात्पर्य स्पष्ट करने का भी यत् किञ्चित् प्रयास रहा है।

यह सब होते हुए भी जैसा कि कहा गया है—

गच्छत स्खलन क्वापि, भवत्येव प्रमादत ।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र, समादधति सज्जना ॥

अत अनेक त्रुटिया रह जाना सभावित है। आशा है, विद्वान् अध्यापक, ज्ञानलिप्सु विद्यार्थी तथा सहृदय जन उन्हे उपेक्ष्य मान, यथारुचि इससे लाभान्वित होगे ।

कैवल्य-धाम, डॉ छगनलाल शास्त्री
सरदारशहर (राजस्थान) एम ए (हिन्दी-सस्कृत-प्राकृत व जैनोलोजी),
वि स २०३२, भाद्र शुक्ला ४ पी-एच डी.

★ ★

मूलं

(पत्थाविअं)

पणमह विजिअसुदुज्जय-निज्जिअसुरमणुअ-विसमसरपसर ।
तिहुअणमङ्गलनिलय वसहगइगय जिण उसह ॥
परमसिरिवद्धमाण पणट्ठमाण विसुद्धवरनाण ।
गयजोअ जोईस सयभुव वद्धमाण च ॥
सेसे चिय बावीसे जाइ-जरा-मरणबन्धणविमुक्के ।
तेलोक्कमत्थयत्थे तित्थयरे भावओ नमह ॥
उवणेउ मङ्गल वो जिणाण मुहलालिजालसवलिआ ।
तित्थपवत्तणसमए तिअसविमुक्का कुसुमवुट्ठी ॥
-देउ सुह वो सुर-सिद्ध-मणुअवन्देहि सायर नमिआ ।
तित्थयरवयणपङ्कयविणिग्गया मणहरा वाणी ॥

अल पवित्थरेण । सुणह सोअव्वाइ, पससह पससणिज्जाइ, परिहरह परिहरिअव्वाइ, आयरह आयरिअव्वाइ । तत्थ—

सोअव्वाइ नरा-ऽमर-सिवसुहजणयाइ अत्थसाराइ ।
सव्वन्नुभासिआइ भुवणम्मि पइट्ठिअजसाइ ॥
ताइ चिय विबुहाण पससणिज्जाइ तह य जाइ च ।
तेहि चिय भणिआइ सम्मत्त-नाण-चरणाइ ॥
परिहरिअव्वाइ तहा कुगईवासस्स हेउभूआइ ।
मिच्छत्तमाइआइ लोगनिरुद्धाइ य तहेव ॥
आयरिअव्वाइ अणिस्सिएण सम्मत्त-नाण-चरणाइ ।
दोगच्चविउडणाइ चिन्तामणिरयणभूआइ ॥

संस्कृतच्छाया

(प्रास्ताविकम्)

प्रणमत विजितसुदुर्जय-निर्जितसुरमनुज-विषमशरप्रसरम् ।
त्रिभुवनमङ्गलनिलय वृषभगतिगत जिनम्-ऋषभम् ।।
परमश्रीवर्धमान प्रनष्टमान विशुद्धवरज्ञानम् ।
गतयोग योगीश स्वयभुव वर्धमान च ।।
शेषाश्चैव द्वाविशति जाति-जरा-मरणबन्धनविमुक्तान् ।
त्रैलोक्यमस्तकस्थान् तीर्थंकरान् भावतो नमत ।।
उपनयतु मङ्गल वो जिनाना मुखराऽलिजालसवलिता ।
तीर्थप्रवर्तनसमये त्रिदशविमुक्ता कुसुमवृष्टि ।।
ददातु सुख व सुर-सिद्ध-मनुजवृन्दै' सादर नता ।
तीर्थंकरवदनपङ्कजविनिर्गता मनोहरा वाणी ।।

अल प्रविस्तरेण । शृणुत श्रोतव्यानि, प्रशसत प्रशसनीयानि, परिहरत परिहर्तव्यानि, आचरत आचरितव्यानि । तत्र—

श्रोतव्यानि नरा-ऽमर-शिवसुखजनकानि अर्थसाराणि ।
सर्वज्ञभाषितानि भुवने प्रतिष्ठितयशासि ।।
तान्येव त्रिबुधाना प्रशसनीयानि तथा च यानि च ।
तैरेव भणितानि सम्यक्त्व-ज्ञान-चरणानि ।।
परिहर्तव्यानि तथा कुगतिवासस्य हेतुभूतानि ।
मिथ्यात्वादिकानि लोकविरुद्धानि च तथैव ।।
आचरितव्यानि अनिश्रितेन सम्यक्त्व-ज्ञान-चरणानि ।
दौर्गत्यविकुटनानि चिन्तामणिरत्नभूतानि ।।

एत्थ पुण अहिगारो ता सोअव्वेहि पत्थुअपवन्धे ।
सव्वन्नुभासिश्राइ सोश्रव्वाइ ति भणियमिण ॥
वोच्छ तप्पडिवद्ध भवियजणाणन्दयारिणि परम ।
सखेवश्रो महत्थ चरिश्रकह त निसामेह ॥

तत्थ य 'तिविह कहावत्थु' ति पुव्वायरियपवाओ । त जहा-दिव्व, दिव्वमाणुस, माणुस च । तत्थ दिव्व नाम, जत्थ केवलमेव देव चरिश्र वण्णिज्जइ । दिव्वमाणुस पुण, जत्थ दोण्ह पि दिव्वमाणुसाण । माणुस तु, जत्थ केवल माणुसचरिय ति । एत्थ सामन्नश्रो चत्तारि कहाश्रो हवन्ति । त जहा-श्रत्थकहा, कामकहा, धम्मकहा, सकिण्णकहा य । तत्थ अत्थकहा नाम, जा श्रत्थोवायाणपडिवद्धा, असि-मसि-कसि-वाणिज्जसिप्पसगया, विचित्तधाउवायइपमुहमहोवायसपउत्ता, साम-भेय-उवप्पयाणदण्डाइपयत्थविरइश्रा सा श्रत्थकह त्ति भण्णइ । जा उण कामोवायाणविसया, वित्त-वपु-व्वय-कला-दक्खिण्णपरिगया, अणुराय-पुलइश्रपडिवत्तिजोअसारा, दूईवावार-रमियभावाणुवत्तणाइपयत्थसगया सा कामकह त्ति भण्णइ । जा उण धम्मोवायाणगोयरा, खमा-मद्दव-ऽज्जव-मुत्ति-तव-सजम-सच्च-सोया-ऽऽकिंचन्न वभचेर-पहाणा, श्रणुव्वय-दिसी-देसा-ऽणत्थदण्डविरई सामाइय-पोसहोववासो-वभोग-परिभोगा-ऽतिहिसविभागकलिया, श्रणुकम्पा-ऽकामनिज्जराइपयत्थसपउत्ता सा धम्म कह त्ति । जा उण तिवग्गोवायाणसवद्धा, काव्व-कहा-गन्थत्थवित्थ-रविरइया, लोइय-वेयसमयपसिद्धा, उयाहरण-हेउ-कारणोववेया सा सकि ण्णकह त्ति वुच्चइ । एयाण च कहाण तिविहा सोयारो हवन्ति । त जहा-अहमा, मज्झिमा, उत्तम त्ति । तत्थ जे कोह-माण-माया-लोह-समाच्छाइयमई, परलोयदसणपरमुहा, इहलोगपरमत्थदसिणो, निरणुकम्पा जीवेसु, ते तहाविहा तामसा श्रहमपुरिसा दुग्गइगमणाए दुज्जयाए, सुगइ पडिवक्खभूयाए, परमत्थश्रो श्रणत्थवहुलाए श्रत्थकहाए श्रणुरज्जन्ति । जे उण सद्दाइविसयविसमोहियमणा, भावरिउ-इन्दियाणुगयवित्तो, अभावियपरमत्थमग्गा, 'इम सुन्दर, इम सुन्दरयर' ति सुन्दरासुन्देरेसु

अत्र पुनरधिकारस्तावत् श्रोतव्ये प्रस्तुतप्रबन्धे ।
सर्वज्ञभावितानि श्रोतव्यानीति भणितमिदम् ॥
वक्ष्ये तत्प्रतिबद्धा भव्यजनानन्दकारिणी परमाम् ।
सक्षेपतो महार्थां चरितकथा ता निशाम्यत ॥

स्फुटितभित्तिप्रसुप्तमरीसृप भणभणायमानमशकमक्षिकाजाल दरीविवरमु-खविनिर्गतमूषकोत्कर उपरिविलम्बमानोरगनिर्मोक लूतातन्तुविरचितवि-तानक, वासगृहमिव दु पमाया, लीलाभूमिरिवाधर्मस्य, सहोदरव सीमन्त कस्य, सखा इव सर्वदु खसमुदयानाम्, कुलगृहमिव सर्वयातनानाम्, विश्वासभूमिरिव मृत्यो, सिद्धिक्षेत्रमिव कृतान्तस्येति॥ ततो 'महाचारक नीतो देव' इति श्रुत्वा सहसा विमुक्ताकन्दभैरव अनवरतनिपतद्भिर्मह्न्मुक्ताफलसदृशरकज्जलबाष्पबिन्दुभि सपादितहारशोभ देवशोकेनैव परि-म्लानदेह् निरुध्यमानमपि नियुक्तपुरुषै मङ्गलमणिवलयझणझणारवोद्दाम स्वभुजाभिर्बलात् पीडयित्वा तान् उरपेट्टकुट्टनोद्यत ततश्चाऽनुचितधरणी-परिष्वष्कनेन श्वाससमापूरितानन परित्यक्तकुटिलभावत्वेनापि च 'अद-र्शनीया देवावस्था' इति सूचकैरिव लम्बालकैर्निरुद्धनयनपसर चारकमेव प्राप्त कुसुमावलीप्रमुखमन्त पुरम्-इति। दृष्टस्तेन काललोहमयनिगडसमा-पूरितो नरपति । ततोऽशोकपल्लवाकारैर्हस्तै 'अनुचितासेवनबहुल ससार' इति दर्शयन्तमिव हारलतावहनजनितखेदमिव वक्षस्थल ताड-यन्तमधिकतरमाक्रन्दितु प्रवृत्तमिति। ततो राज्ञा आरक्षकैश्च कथक-थमपि निवारितम्। भणित राज्ञा-किमनेनायासमात्रफलेन अधर्मानुब-न्धिना च शोकेन?। अतिबहुविचित्ररूप खलु एप ससार, खेलनकभूता अस्य सर्वे शरीरिण, दुर्निवारश्च प्रसर पूर्वकृतकर्मण, जलधरान्तरवि-निर्गतसौदामिनीवलयचञ्चला लक्ष्मी, स्वप्नसम सगम । एवमचसा-नानि अत्र रागविलसितानि। तत किमेतेनाविवेकजनानुसदृशेण प्रल-पितेन। प्राप्तमेव युष्माभिजीवलोकसारभूत जिनवचनम्। ततस्तदेवानु-तिष्ठत, न तन्मुक्त्वाऽन्यो दु खक्षयोपाय इति। ततस्तदेतदाकर्ण्य 'एवमे-तद् नान्यथा' इति कलयित्वा चानुज्ञाप्य नरपति जीवितनिरपेक्षतया बलादेवानन्दस्य गन्धर्वदत्ताया विद्याधरश्रमण्या सकाशे प्रपन्ना प्रव्रज्येति॥

इतश्च प्रतिदिन कदर्थनयाऽपि क्रोधवशमगच्छता 'एतावन्मात्र

मे जीविय कालोइय मपयमणसण' ति पडिवन्न राइणा । आरक्खिगेहिं निवेइय आणन्दस्स, कुविओ एसो, पेसिओ तेण देवसम्मो नाम नियमहल्लओ 'गच्छ भुञ्जावेहिं' त्ति । वत्तव्वो य एसो 'अभुञ्जमाणे नियमा वावाएमि' त्ति । गओ देवसम्मो, दिट्ठो तेण राया, भणिओ य—देव ! देव्ववसयाण पाणिण विसमा कज्जगइ त्ति । एसो य देव्वो नाम अणाराहणीओ विणएण, अगुणगाही गुणीण, अकालन्नू समीहियस्स, केवलमणत्थो जणाण, मत्तहत्थि व्व सच्छन्दयारी, गङ्गापवाहो व्व उज्जुकुडिलो महाहवो व्व निवायदक्खो, विसगण्ठि व्व नाणुकूलो रसाण, पडिकूलो य समीहियाण, अणुकूलो असमीहियस्स । ता जइ वि एस एवभूओ, तहावि पुरिसेण खणमवि न पुरिसयारो मोत्तव्वो त्ति । जेण महाराय ! पुव्वोवज्जियाण कम्माण चेव एय नाम देव्वो, त च पुरिसयारजेयमेव वट्टइ ति । ता अवलम्बेउ देवो पुरिसयार, करेउ आहारगहण । जीवमाणो हि पुरिसो लद्धिऊणावय अवस्स देव ! सपय पावेइ त्ति । राइणा भणिय—भो देवसम्म ! न मुक्को मए चेव अहाकालाणुरूवो पुरिसयारो । पडिवन्ना य भावाओ पव्वज्जा । अओ न सपयाभिलासपर मे चित्त । उचियकाल च नाऊण पडिवन्न अणसण । अओ न आहारगहण करेमि त्ति । तेण भणिय-अकीरमाणम्मि आहारगहणे सुओ ते कुप्पिस्सइ । राइणा भणिय-अकारणो से कोवो, सच्चपइन्ना खु तवस्सिणो हवन्ति । तेण भणिय—देव ! विइयवुत्तन्तो चेव तुम कुमारचरियस्स, ता मा ते पमाय करिस्सइ । एत्यन्तरम्मि 'चिरायइ देवसम्मो' त्ति सजायामरिसवेगो घेत्तूण खग्ग आगओ आणन्दो । भणिय च तेण-जइ न आहारगहण करेसि, ता इमिणा नयन्तजोहाणुगामिणा करवालेण सीस ते छिन्दामि । राइणा भणियं—

जाणन्तो मरणन्त देहावास असासयमसारं ।
को उव्विएज्ज नरवर ! मरणस्स अवस्स गन्तव्वे ॥
गब्भपभिइमावीई सलिलच्छेए सरं व सूमन्त ।
अणुसमय मरमाण जियइ त्ति जणो वहू भणइ ?॥

मे जीवित, कालोचित साम्प्रतमनशनम्' इति प्रतिपन्न राज्ञा । आरक्ष-कैर्निवेदितमानन्दस्य, कुपित एप, प्रेपितस्तेन देवशर्मा नाम निजमहत्तर 'गच्छ भोजय' इति । वक्तव्यश्चैप 'अभुञ्जान नियमाद् व्यापादयामि' इति । गतो देवशर्मा, दृष्टस्तेन राजा, भणितश्च—देव ! दैववशगाना प्राणिना विपमा कार्यगतिरिति । एप च दैवो नाम अनाराधनीयो विनयेन, अगुणग्राही गुणिनाम्, अकालज्ञ समीहितस्य, केवलमनर्थो जनानाम्, मत्तहस्तीव स्वच्छन्दचारी, गङ्गाप्रवाह इव ऋजुकुटिल, महा-ह्रद इव निपातदक्ष, विपग्रन्थिरिव नानूकूलो रसानाम्, प्रतिकूलश्च समीहितानाम्, अनुकूलोऽसमीहितस्य । ततो यद्यपि एप एवभूत, तथा-ऽपि पुरुपेण क्षणमपि न पुरुपकारो मोक्तव्य इति । येन महाराज ! पूर्वोपार्जितानां कर्मणामेवैतन्नाम दैवम्, तच्च पुरुपकारजेयमेव वर्तते इति । ततोऽवलम्बता देवो पुरुपकारम्, करोतु आहारग्रहणम् । जीवन् हि पुरुपो लङ्घित्वाऽऽपद अवश्य देव ! सपद प्राप्नोतीति । राज्ञा भणितम्—भो देवशर्मन् ! न मुक्त मया चैव यथाकालानुरूप पुरुपकार, प्रतिपन्ना च भावत प्रव्रज्या । अतो न सपदभिलापपर मे चित्तम् । उचितकाल च ज्ञात्वा प्रतिपन्नमनशनम् । अतो न आहारग्रहण करोमि इति । तेन भणितम्-अक्रियमाणे आहारग्रहणे सुतस्तुभ्य कोपिष्यति । राज्ञा भणितम्-अकारणस्तस्य कोप, सत्यप्रतिज्ञा खलु तपस्विनो भवन्ति । तेन भणितम्—देव ! विदितवृत्तान्त एव त्व कुमारचरितस्य, ततो मा ते प्रमाद कार्पीत् । अत्रान्तरे 'चिरायते देवशर्मा' इति सजाता-मपवेगो गृहीत्वा खड्गमागत आनन्द । भणित च तेन-यदि नाहार-ग्रहण करोपि, ततोऽनेन कृतान्तजिह्वानुकारिणा करवालेन शीर्षं ते छिनद्मि । राज्ञा भणितम्—

जानन् मरणान्त देहावासमशाश्वतमसारम् ।
क उद्विज्याद् नरवर ! मरणादवश्यगन्तव्ये ॥
गर्भप्रभृति आवीच्या सलिलच्छेदे सर इव शुष्यत् ।
अनुसमय म्रियमाण जीवतीति जन कथ भणति ? ॥

सपत्थियाण परलोगमेगसत्थेण सत्थियाण व ।
जइ तत्थ कोइ पुरओ वच्चइ भयकारण किमिह ?॥
जीयमणिच्चमवस्स मरण ति मणम्मि निच्छय जस्स ।
सूणायारनसुस्स व का आसा जीविए तस्स ?॥
हदि ! जराधणुहत्थो वाहिसयविइण्णसायगो एइ ।
माणुसमयजूहवह विहाणवाहो करेमाणो ॥
न गणेइ पच्चवाय न य पडियार चिराणुवत्तिं वा ।
सच्छन्दसुह विहरइ हरि व्व मच्चू मयकुलेसु ॥
एक्के च्चिय निव्विण्णा पुणो पुणो जाइउ च मरिउ च ।
जे भवमच्चुव्विग्गा भवरोगहर अणुचरन्ति ॥
'जरमरणरोगसमाण जिणवयणरसायन अमयसार ।
पाउ परिणामसुह नाह मरणस्स बीहेमि'॥
झोसियपावमलाण परिसाडियबन्धलोहनियलाण ।
किं कुणइ कालमरण कयपडियार मणुस्साण ॥
अज्जियतवोधणाण कलेवरहरे वि निप्पिवासाण ।
सलिहियसरीराण मरण पि वर सुविहियाण ॥
सुगहियतवपत्थयणा निव्विमिऊण नियमेण अप्पाण ।
मरण मग्गन्ति मणोरहेहिं धीरा धिइसहाया ॥
जस्स मयस्सेगयरो मग्गो मोक्खो व होइ नियमेण ।
मरण पि तस्स नरवर ! ऊसवभूय मणूसस्स ॥
अणवरयरोगभासुरवसणनिसाणुगयदीहदाढस्स ।
कत्थ गओ वा मुच्चइ कयन्तकण्हाहिपोयस्स ॥
न वि जुद्ध न पलाय कयन्तहत्थिम्मि [illegible] ।
न य से दीसइ हत्थो गेण्हइ य [illegible] ।
जह वा लुणाइ मालाइ [illegible]ासओ [illegible] ।
इय भूयाइ [illegible] ।
जइ ताव मच्चुर[illegible]
मच्चु तमरणोपाणो [illegible] ।

सम्प्रस्थिताना परलोकमेकसार्थेण सार्थिकानामिव ।
यदि तत्र कोऽपि पुरतो व्रजति भयकारण किमिह ?॥
जीवितमनित्यमवश्य मरणमिति मनसि निश्चयो यस्य ।
सूनागारपशोरिव काऽऽशा जीविते तस्य ?॥
हन्त ! जराधनुर्हस्तो व्याधिशतवितीर्णसायक एति ।
मानुषमृगयूथवध प्रभातव्याध' कुर्वन् ॥
न गणयति प्रत्यवाय न च प्रतिकार चिरानुवृत्ति वा ।
स्वच्छन्दसुख विहरति हरिरिव मृत्युर्मृगकुलेषु ॥
एके एव निर्विण्णा पुन पुनर्जनित च मर्तुं च ।
ये भवमृत्यूद्विग्ना भवरोगहरमनुचरन्ति ॥
जरामरणरोगशमन जिनवचनरसायनममृतसारम् ।
प्राप्य परिणामसुख नाह मरणाद् बिभेमि ॥
त्यक्तपापमलाना परिशाटितबन्धलोभनिगडानाम् ।
किं करोति कालमरण कृतप्रतिकार मनुष्याणाम् ?॥
अर्जिततपोधनाना कलेवरगृहेऽपि निष्पिपासानाम् ।
सलिखितशरीराणा मरणमपि वर सुविहितानाम् ॥
सुगृहीततप पथ्यदना निर्वेश्य नियमेनात्मानम् ।
मरण मार्गयन्ति मनोरथैर्धीरा धृतिसहाया ॥
यस्य मृतस्यैकतर स्वर्गो मोक्षो वा भवति नियमेन ।
मरणमपि तस्य नरवर ! उत्सवभूत मनुष्यस्य ॥
अनवरतरोगभासुरव्यसनविषानुगतदीर्घदष्ट्रस्य ।
कुत्र गतो वा मुच्यते कृतान्त कृष्णाहिपो तस्य ॥
नापि युद्ध न प्रलाप कृतान्तहस्तिनि अर्घति भय वा ।
न च तस्य दृश्यते हस्तो गृह्णाति च दृढममोक्षश्च ॥
यथा वा लुनाति शस्यानि कर्षक परिणतानि कालेन ।
इति भूतानि कृतान्तो लुनाति जातानि जातानि ॥
यदि तावन्मृत्युपाशा स्वच्छन्दसुख सुरेषु विचरन्ति ।
अत्यन्तमनवतारो यत्र जरारोगव्याधीनाम् ॥

किं पुण वाहिजरारोगसोगनिच्चुद्दुयम्मि माणुस्से ।
मच्चुस्स सो पमाओ ज जियइ नरो निमेस पि ॥
ता मा अधीरजणसेवियस्स अयसस्स देहि उ(अ)वयास ।
न हु मच्चुदाढलीढ इन्दो वि पहू नियत्तेउ ॥
इय मयमारणमेत्तेण वच्छ ! मा नियकुल कलङ्केहि ।
गेण्हामि वह चत्त हन्त ! सवायाए आहार ?॥
सोऊण इय वयण कोवाणलजलियरत्तनयणेण ।
'जपइ अज्जाऽवि कह' पहओ सीसम्मि खग्गेण ॥
परिचिन्तिय च तेण 'नमो जिणाण' ति मुणियतत्तेण ।
'पुव्वकयकम्मदोसो एसो' त्ति विसुद्धभावेण ॥
सव्वो पुव्वकयाण कम्माण पावए फलविवाग ।
अवराहेसु गुणेसु य निमित्तमेत्त परो होइ ॥
एव च चिन्तयन्तो पुणो वि हन्तूण पावकम्मेण ।
विणिवाइओ महप्पा अकलुसचित्तो सकलुसेण ॥
मरिऊण य उववन्नो सणकुमारम्मि सुरवरो जुइम ।
अह पञ्चसागराऊ लीलारामे विमाणम्मि ॥
इयरो वि य काऊण रज्ज मरिऊण रयणपुढवीए ।
उववन्नो नेरइओ उक्कोसाऊ महाघोरो ॥

—

किं पुनर्व्याधिजरारोगशोकनित्योद्द्रुते मानुषे ।
मन्यो स प्रमादो यज्जीवति नरो निमेषमपि ।।
ततो माऽधीरजनसेवितम्यायशमो देहि अवकाशम् ।
न खलु मृत्युदंष्ट्रालीढ इन्द्रोऽपि प्रभुर्निवर्तयितुम् ।।
इति मृतमारणमात्रेण वत्स ! मा निजकुल कलङ्कय ।
गृह्णामि कथं त्यक्तं हन्त ! स्ववाचा आहारम् ।।
श्रुत्वेद वचन कोपानलज्वलितरक्तनयनेन ।
'जल्पसि अद्यापि कथं' प्रहृत शीर्षे खड्गेन ।।
परिचिन्तित च तेन 'नमो जिनेभ्य ' इति ज्ञाततत्त्वेन ।
'पूर्वकृतकर्मदोष एष' इति विशुद्धभावेन ।।
सर्वं पूर्वकृताना कर्मणा प्राप्नोति फलविपाकम् ।
अपराधेषु गुणेषु च निमित्तमात्र परो भवति ।।
एव च चिन्तयन् पुनरपि हत्वा पापकर्मणा ।
विनिपातितो महात्माऽकलुषचित्त सकलुषेण ।।
मृत्वा चोपपन्न सनत्कुमारे सुरवरो द्युतिमान् ।
अथ पञ्चसागरायुर्लीलारामे विमाने ।।
इतरोऽपि च कृत्वा राज्य मृत्वा रत्नपृथिव्याम् ।
उपपन्नो नैरयिक उत्कृष्टायुर्महाघोर ।।

श्रीहरिभद्रसूरिविररचितायां

'समराइच्चकहाए' बीओ भवो समत्तो

परिशिष्ट

याकिनी महत्तरा सूनु आचार्य हरिभद्र सूरि–रचित

समराइच्च कहा

हिन्दी–अनुवाद

(प्रास्ताविक)

वृषभ जैसी (धीर-गम्भीर) गति वाले भगवान् ऋषभ को प्रणाम करे, जिन्होने दुर्जेय कठिनाई से जीते जा सकने योग्य कामदेव को, जिससे देवता तथा मनुष्य पराजित हो चुके, जीत लिया, जो (भगवान् ऋषभ) तीनो लोको मे मगल के आश्रय हैं ।।१।।

उन भगवान् वर्द्धमान (महावीर) को नमस्कार करें, जो परम श्री आत्म-लक्ष्मी परमात्म–साक्षात्कार से अभिवर्द्धित हुए, जिन्होने मान अहकार को नष्ट कर डाला, विशुद्ध केवल-ज्ञान प्राप्त किया, मन, वचन एव कायात्मक प्रवृत्तिरूप योग से जो अतीत हो गये, योगियो अध्यात्म साधको के जो प्रभु हैं, जो स्वयम्भू—स्वय बुद्ध है ।।२।।

उन शेष बाईस तीर्थंकरो को भी नमस्कार करे, जो जन्म, जरा–बुढापा और मृत्यु के बन्धनो से छूटे हुए है, जो तीनो लोको के अग्रभाग—मस्तक मोक्ष-पद मे स्थित हैं ।।३।।

धर्म-तीर्थ प्रवर्तन के समय जिनेश्वरो पर देवताओ द्वारा की गई पुष्प-वृष्टि, जिस पर भौरो का समूह गू जता था, आपका मगल–कल्याण करे ।।४।।

देवो, सिद्धो–विद्या, मन्त्र आदि मे विशेष सिद्धि प्राप्त जनो तथा साधारण मानवो के समूह जिसके प्रति आदरपूर्वक नत हैं, तीर्थं-करो के भावरूपी कमल से निकली हुई वह मनोहर वाणी आपके लिए सुखप्रद हो ।।५।।

अधिकथा—जो सुनने योग्य हैं, उन्हे सुनिये, जो प्रशसा करने योग्य हैं, उनकी प्रशसा कीजिए, जो छोडने योग्य है, उन्हे छोडिए तथा जो आचरण करने योग्य हैं, उनका आचारण कीजिए ॥६॥

इस दृष्टि से सुनने योग्य वे सारभूत तत्त्व हैं, जिनका सर्वज्ञों ने निरूपण किया है जो मनुष्य तथा देवताओ के लिए मोक्ष-सुख उत्पन्न करने वाले हैं, लोक मे जिनका यश सुप्रतिष्ठ है। उन्हीं द्वारा प्रतिपादित सम्यक्त्व, ज्ञान एव चारित्र की विद्वानों को प्रशसा करनी चाहिए ॥७॥

मिथ्यात्व आदि दोष, जो दुर्गति पाने के कारण हैं (जो दुर्गति मे लेजाने वाले हैं) तथा लोक-विरुद्ध हैं, का त्याग करना चाहिए ॥८॥

अनासक्त भाव से सम्यक्त्व, ज्ञान तथा चारित्र्य की आराधना करनी चाहिए, जो दुर्गति का नाश करने वाले हैं तथा चिन्तामणि रत्न के समान हैं।

यों सुनने योग्य विषयो की दृष्टि से प्रस्तुत प्रबन्ध का अधिकृत विषय सर्वज्ञ-भाषित का श्रवण है, जिसका कथन किया ही गया है।

मैं उस (सर्वज्ञ-भाषित) से सम्बद्ध, महत्त्वपूर्ण, भव्य-मोक्षाधिकारी जनों के लिए आनन्दप्रद, अर्थ-गरिमापूर्ण चरित कथा का सक्षेप मे वर्णन करूंगा, उसे आप सुनें।

पहले के आचार्यों की परम्परा के अनुसार कथा-वस्तु तीन प्रकार की है १ दैविक, २ देवमानुषिक तथा ३ मानुषिक।

इनमे दैविक वह है, जिसमे केवल देवताओ के चरित वर्णित किये जाते हों। जहा देवों और मनुष्यों—दोनों का वर्णन हो, वह देवमानुषिक है। मानुषिक वह है, जहा केवल मनुष्यों के चरित का वर्णन हो।

साधारण कथाए चार प्रकार की होती हैं—१ अर्थ कथा, २- काम-कथा, ३ धर्म-कथा तथा ४ सकीर्ण-कथा।

अर्थ-कथा वह है जिसका अर्थ-उपार्जन से सम्बन्ध हो, जिसमे तलवार (शस्त्र-जीविता), लेखिनी (लेखजीविता), कृषि, व्यापार तथा शिल्पसम्बन्धी विषय हो, जिसमे धातुवाद—खनिज-विज्ञान प्रभृति विविध उपायों का विवेचन हो, जिसमे साम, दाम, दण्ड, भेद आदि (राजनैतिक) तत्त्वों का वर्णन हो।

जो सांसारिक सुख-प्राप्ति विषयक हो, जिसमे धन, शरीर, आयु, कला तथा चातुर्य का वर्णन हो, प्रेम, रोमाच, आदर और मिलन की मुख्यता हो, दूती-कार्य प्रेमी-प्रेमिका के आपसी सन्देशो के आदान-प्रदान, रमण तथा अनुवर्तन जैसे विषय जिसमे जुडे हो, उसे काम-कथा कहा जाता है ।

धर्म-कथा वह है, जिसमे धर्म का उपादान कारण या साधन दृष्टिगत हो, क्षमा-सहन शीलता, मादव-मृदुता, कोमलता, आर्जव-ऋजुता, सरलता, मुक्ति, तपस्या, सयम, सत्य, पवित्रता, अकिञ्चनता-अपरिग्रह एव ब्रह्मचर्य का मुख्यतया निरूपण हो, अणुव्रत, दिग्व्रत, अनर्थ-दण्ड-विरति, सामायिक, पौषधोपवास, उपभोग-परिभोग की मर्यादा तथा अतिथि-सविभाग का विवेचन हो, अनुकम्पा, अकाम-निर्जरा आदि विषय वर्णित हो ।

जिसका धर्म, अर्थ तथा काम—इन तीनो की प्राप्ति से सम्बध हो, काव्य-कथा मूलक ग्रन्थो के विषय जिसमे विस्तार से चर्चित हो, जो लौकिक या शास्त्रीय परम्परा मे प्रसिद्ध हो, जिसमे उदाहरण, हेतु तथा कारणपूर्वक निरूपण हो, उसे सकीर्ण कथा कहा जाता है ।

इन कथाओ के तीन प्रकार के श्रोता होते हैं—१ अधम, २ मध्यम और ३ उत्तम ।

जिनकी बुद्धि पर क्रोध, अभिमान, छल व लोभ का पर्दा पडा है, जिन्हे परलोक मे निष्ठा नही है, जो इस लोक—इस लोक के पदार्थों मे परमार्थ—यथार्थ लक्ष्य की पूर्ति देखते हैं, जो जीवो के प्रति दयावान् नही हैं वे तामसिक—तमोगुण प्रधान प्रकृति के अधम कोटि के व्यक्ति अर्थ-कथा मे अनुरक्त रहते है, जो (अर्थ-कथा) दुर्गति की ओर ले जाती है, सद्गति की प्रतिपक्षभूत है—सद्गति को रोकती है, जो वास्तव मे अनेक अनर्थो से भरी है ।

जिनका मन शस्त्र आदि विषयरूप विष से विमूढ—विकृत है, जिनका वर्ताव इन्द्रिय आदि आत्मा के भाव-शत्रुओ के अनुकूल है, जो परमार्थ—मोक्ष मार्ग का विचार नही करते, यह सुन्दर है, यह सुन्दरतर—उससे सुन्दर है, इस प्रकार जिनकी बुद्धि सुन्दर तथा असुन्दर का निश्चय नही कर पाती, वे राजस—रजोगुण-प्रधान प्रकृति के मध्यम कोटि के व्यक्ति काम-कथा मे आसक्त होते हैं, जो (काम-कथा) बहुत लोगो द्वारा उपहसनीय है, जो एक मात्र विडम्बना से जुडी है, जो इस लोक मे तथा पर-लोक मे दुःख बढाती है ।

जो कुछ अच्छे हैं, दोनो लोको को स्वीकार करते हैं, व्यवहार तथा नीति मे निपुण हैं, परमार्थत सारभूत विज्ञान—तत्त्व-ज्ञान से जो रहित हैं, तुच्छ भोगो का जो आदर नही करते किन्तु उदार-विशाल भोगो से जिनकी तृष्णा हटी नही है, वे कुछ सात्त्विक सत्त्वगुणमय प्रकृति के मध्यम कोटि के व्यक्ति सकीर्ण कथा मे आसक्त होते हैं जो (सकीर्ण कथा) (शुभ-अशुभ मूलक) विशेष परिणामो के कारण सद्-गति तथा दुर्गति मे ले जाती है, आत्मा और लोक के स्वभाव की गति—विधियो का जिसमे समावेश रहता है, सब रसो का निर्झर जिसमे छलछलाता है तथा जो विविध भावो को उत्पन्न करती है।

जिन्हें जन्म, बुढापा तथा मृत्यु सम्बन्धी चिन्तन के कारण वैराग्य उत्पन्न हो गया है, जो जन्मान्तर मे भी अपना कुशल-कल्याण सोचते हैं, काम-भोग से जिन्हें विरक्ति हो गई है, पाप के लेप से जो प्राय छूट चुके हैं, जिन्होने परम पद-मोक्ष का स्वरूप भलीभाति जान लिया है, सिद्धि— जीवन-लक्ष्य की पूर्ति के जो निकटवर्ती हैं, वे सात्त्विक कोटि के उत्तम पुरुष धर्म-कथा के अनुरागी होते हैं, जो (धर्म-कथा) स्वर्ग तथा मोक्ष-पद तक पहुचने मे निसेनी तुल्य है, ज्ञानियो द्वारा जो प्रशसनीय है, सब कथाओ मे उत्तम है, जिसका महान् पुरुषो ने सेवन-अनुशीलन किया है।

इसलिए मैं भी अब धर्म-कथा कहूँगा, जिसकी विषय-वस्तु देव-मानुषिक है।

जो सहज भाव मे [illegible] करने मे लगे रहते हैं, जिन्हें परम पद मोक्ष [illegible] मुक्ता मोती, स्वर्ण और तृण न भिन्न [illegible] —नित्य स्थिर मोक्ष-सुख मे जिन [illegible] है—

जन भयावह मरण-वेला मे कुछ भी सहायता नही कर पाते, केवल धर्म ही सहायक होता है ।

धर्म स्वर्ग प्राप्त कराता है, तदनन्तर उत्तम मनुष्य-योनि उससे मिलती है और अन्तत वह शीघ्र ही मोक्ष की प्राप्ति कराता है । जहा मोक्ष प्राप्त होने पर सब दु ख छूट जाते हैं जो (मोक्ष) शाश्वत कभी न मिटने वाले आनन्द से युक्त है ।

जो उसे (धर्म को) जानता हुआ आचरण मे लाता है, वह सर्वज्ञो द्वारा प्ररूपित धर्म-कथाए माध्यस्थ्य-भावना और कुशलता से सुनता है । यो पहले धर्म के गुणो की प्रतीति करा, मैं अब चरित वर्णन करू गा, जो धर्म-आराधको के गुणो और विराधको-धर्म के विरुद्ध चलने वालो के दोषो पर विशेषत प्रकाश डालेगा । मैं अवन्ती के राजा समरादित्य का चरित वर्णन करू गा, जिसमे उनके नौ भवो—जन्मो समावेश है, जो मोक्षाधिकारी प्राणियो को वैराग्य की ओर प्रेरित करता है ।

यद्यपि (इस कथानक के मूल आधार) गुणसेन तथा अग्नि-शर्मा के अनेक भव (अनेक वार हुए जन्म) हैं, पर (पाठको या श्रोताओ की दृष्टि से) वे सब उपयोगी नही हैं । नौ भवो मे उन दोनो (गुणसेन तथा अग्निशर्मा) का परस्पर मेल होता रहा है, अतएव यह सख्या कही गई है—ली गई है ।

गिरिसेन द्वारा किया गया उपसर्ग—कष्ट सहन करने के पश्चात् जब (समरादित्य को) केवल-ज्ञान हुआ, तब उन्होने (भगवान् समरादित्य ने) बेलधर देव, मुनिचन्द्र राजा तथा रानियो को, जिनमे नर्मदा प्रधान थी, जो (पहले के भवो का) वृत्तान्त कहा, उसे मैं सक्षेप मे, स्पष्ट रूप मे कहूँगा ।

पूर्वतन आचार्यों ने कहा है—गुणसेन-अग्निशर्मा, सिंह आनन्द (पिता-पुत्र), शिखी-जालिनी (मा-बेटी), धन-धनश्री (पति-पत्नी), जय विजय (सहोदर), धरण लक्ष्मी (पति-पत्नी), सातवे भव मे सेन-विसेन (चचेरे भाई), गुण-चन्द्र वानव्यन्तर तथा समरादित्य-गिरिसेन—नौ भवो मे इन रूपो मे वे हुए । इनमे से एक (समरादित्य) का मोक्ष हुआ और दूसरे (अग्निशर्मा) का अनन्त ससार (दूसरा अनन्त जन्म-जन्मान्तर मे घूम रहा है) ।

क्षितिप्रतिष्ठ, जयपुर, कौशाम्बी, सुशर्मनगर, काकन्दी, माकन्दी, चम्पा, अयोध्या तथा उज्जयिनी—क्रमश इन नगरो मे वे हुए ।

गुणसेन की उत्पत्ति सौधर्म, सनत्कुमार, ब्रह्म, शुक्र आनत, आरण, ग्रैवेयक तथा अनुत्तर देवलोक मे हुई । अग्निशर्मा की उत्पत्ति विद्युत्कुमार-देवलोक मे हुई । उसके बाद क्रमश रत्नप्रभा आदि नरको मे ।

देवलोक मे प्रथम की स्थिति क्रमश एक, पाच, नौ, पन्द्रह, अठारह, बीस, तीस तथा तैंतीस सागरोपम काल को थी । दूसरे को स्थिति देवलोक मे डेढ पल्योपम तथा नरको मे क्रमश तीन, सात, दस, सतरह, बाईस तथा तैंतीस सागरोपम काल की थी ।

ये चरित-सग्राहिका गाथाए हैं । अब इन्ही का गुरु उपदेशानुरूप भावार्थ कहा जाता है ।

प्रथम भव

यही जम्बूद्वीप के अन्तर्गत अपरविदेह नामक देश मे क्षिति-प्रतिष्ठ नामक नगर था। वह ऊचे, सफेद परकोटे से सुशोभित था। उसके चारो ओर खाई थी, जो कमलिनियो के वन से ढकी थी। उसके त्रिक (जहा तीन मार्ग परस्पर मिलते हो), चतुष्क (जहा चार मार्ग परस्पर मिलते हो) तथा चत्वर चौक सुन्दर रूप मे विभाजित थे। उस (क्षितिप्रतिष्ठ नगर) ने अपने भवनो से देवराज इन्द्र के भवनो की शोभा को जीत लिया था।

जहा कामिनियो ने अपने मुखो से कमलो को, बोली से कोयल को, नेत्रो से कुवलयो—नील कुमुदो को तथा गति से राजहसो को पराजित कर दिया था।

वहा लोगो मे व्यसन था पर विद्या का, लोभ था पर निष्क-लक यश का, सदा भीरुत्व (भीरुता-डरपोकपन) था पर पापो से और धन-वुद्धि थी पर धर्म मे (वहा के लोग धर्म को ही धन समझते थे)।

वहा पूर्णचन्द्र नामक राजा था। (जिस प्रकार पूर्ण चन्द्रमा—पूर्णिमा के चन्द्र का कला-मण्डल परिपूर्ण होता है, उसी प्रकार) अधी-नस्थ राज-मण्डल से वह परिपूर्ण था। (जिस प्रकार पूर्ण चन्द्रमा मृग-कलक—मृग-लाञ्छन से हीन होता है, उसी प्रकार) वह अहकार के दोप से अछूता था। (पूर्ण चन्द्रमा की तरह) लोगो के मन तथा नयनो के लिए वह आनन्दप्रद था।

राजा के कुमुदिनी नामक रानी थी, जिसका अन्त पुर-रनवास मे मुख्य स्थान था (जो पटरानी थी)। जिसके द्वारा वैपयिक सुख वृद्धि पाते रहते थे तथा जो राजा को उसी प्रकार प्रिय थी, जिस प्रकार कामदेव को रति।

उनके कुमार गुणसेन नामक पुत्र था, जो अनेक गुणो से युक्त था। बाल्यावस्था से ही वह व्यन्तरदेव की तरह केलिप्रिय—क्रीडा, परिहास आदि मे विशेप रस लेने वाला था।

कुटी के आगन मे बैठा ऋषिकुमार आसन लाया। ऋषि ने उसे (अग्निशर्मा को) उस पर बैठने के लिए कहा। वह आसन पर बैठ गया। ऋषि ने पूछा—आप कहा से आये हैं? तब उसने विस्तार से अपना वृत्तान्त कह सुनाया। ऋषि ने कहा—वत्स! पहले किये हुए कर्मों के परिणाम-स्वरूप जीव इस प्रकार दु खभागी होते हैं। इस-लिए जो राज-अपमान से पीडित हैं, दरिद्रता के दु ख से पराभूत हैं, दुर्भाग्य रूप कलक से उन्मन हैं, प्रियजनो की विरह-अग्नि से परितप्त हैं, उन्हे इस लोक और परलोक मे सुख देने वाला यह परम निर्वेद-अत्यन्त शान्ति का स्थान है।

यहा के वासी सग-आसक्तिजनित दु ख, लोगो द्वारा की गई अवमानना-तिरस्कार और दुर्गति मे गमन-यह सब नही देखते—नहीं पाते। (अतएव) वनवासी सर्वथा धन्य है।

यो उपदेश पाकर अग्निशर्मा ने कहा—भगवन् नि सन्देह ऐसी ही बात है। इसलिए यदि आपकी मुझ पर कृपा है और मैं इस व्रत-विशेष के योग्य हूँ तो मुझे यह (व्रत) प्रदान कर अनुगृहीत करें। ऋषि ने कहा—तुम वैराग्य पथ के अनुगत (अनुगामी) हो, इसलिए मुझे (तुम्हारा अनुरोध) स्वीकार है। भला कौन दूसरा इसके योग्य होगा? तब कतिपय-दिन बीते, इस बीच उन्होने उसे अपने नियम व आचार विस्तार से समझा दिये तथा उचित तिथि, करण, मुहूर्त एव लग्न मे उसे तापस-दीक्षा दे दी।

घोर तिरस्कार से उत्पन्न हुए अत्यधिक वैराग्य के कारण उस (अग्निशर्मा) ने दीक्षा के ही दिन गुरु के समक्ष, जो समग्र तापसो से घिरे हुए थे, महा प्रतिज्ञा की कि मैं जीवन पर्यन्त मास-मास के अनन्तर भोजन करूगा, पारणे के दिन मैं पहले पहल जिस घर मे प्रवेश करूगा, उस प्रथम घर से (प्रथम वार मे) भिक्षा प्राप्त हो या न हो, मैं वापिस लौट आऊगा, दूसरे घर नही जाऊगा।

यो अग्निशर्मा ने जिस प्रकार की प्रतिज्ञा की, उसका यथा-वत् अनुपालन करते हुए उसे अनेक लाख पूर्व व्यतीत हो गये। तपो-वन के समीपवर्ती वसन्तपुर के गुणानुरागी लोगो मे उसके प्रति अत्य-न्त भक्ति एव आदर उत्पन्न हो गया। (वे अनुभव करते) आश्चर्य है! यह महान् तपस्वी इस लोक की पिपासाओ-ऐहिक लालसाओं से परे है, अत्यन्त दृढता लिये यह शरीर के प्रति भी अनासक्त है, इसका

जीवन सफल है। कहा गया है—

लोगो द्वारा अनुभावित तथा बहुमानित होते हुए भी मनुष्य को गुण प्राप्त करने का यत्न करना चाहिए। जो व्यक्ति मात्सय—ईर्ष्या भाव नही रखता, वह यदि ज्ञानी नही है तो भी उसे गुण प्राप्त हो जाते हैं।

इधर राजा पूर्णचन्द्र गुणसेन का विवाह कर, उसका राज्याभिषेक कर रानी कुमुदिनी के साथ तपोवन मे वास करने चला गया। कुमार गुणसेन महाराजा हो गया। अनेक सामन्त उसके चरणो मे प्रणाम करते थे। अपने मण्डल से बडे बडे अनेक अन्य मण्डल उसने जीत लिये थे। उसका निर्मल एव विश्रुत—व्यापक यश दशो दिशाओ मे फैला था। वह धर्म, अर्थ तथा काम रूप त्रिवर्ग के सम्पादन मे रत था। आनन्दपूर्वक महारानी वसन्तसेना के साथ वह (राजा) सब लोगो द्वारा श्लाघनीय—प्रशसनीय राज्य-सुख भोगता हुआ सयोगवश एक वार वसन्तपुर मे आया। महा मागलिक उपचार-क्रिया-कलापपूर्वक उसने नगर मे प्रवेश किया। नागरिको ने उसका अभिनन्दन किया। वह उनके साथ वर्षा ऋतु की लीला-दृश्य-शोभा से सुसज्ज विमानच्छन्दक नामक प्रासाद—महल मे आया। वहा सघन काले अगुरु (अगर नामक सुगन्धित पदार्थ)के धूम-सघात दुर्दिन—वरसाती दिन के मेघो की शोभा का अनुसरण करते थे। रत्नावलिया-रत्नो की मालाए विजलियो की तरह शोभित हो रही थी। मुक्तावलिया मोतियो की मालाए जल की धाराओ जैसी लगती थी। चवरो की पक्तिया बगुलो की कतारो जैसी सुन्दर प्रतीत होती थी। रग-विरगे वस्त्रो की मालाए-श्रेणिया मानो इन्द्रधनुप की शोभा का अपहरण कर रही थी। वहा के भू-भाग सुगन्धित जल के छिडकाव से सुरभित थे—महकते थे। वहा फलो पर गुनगुनाते भौरो के समूह मडराते थे। अधिक क्या कहा जाए—

मोह की नीद मे सोये हुए पुरुषो को स्वप्न की तरह यह (प्रासाद) कह रहा था कि पूर्व-काल मे आचरित सुकृत्यो का ही यह सुन्दर सौभाग्य-फल है।

राजा ने वहा नागरिको को उनकी योग्यता के अनुरूप सम्मानित किया। उनके चले जाने पर विविध प्रकार के नाटक, कविता-पाठ, नृत्य आदि मनोहर विनोद के साथ एक दिन व रात विताए। दूसरे दिन समग्र प्रात कालीन कृत्य सम्पन्न कर राजा उचित समय मे

कहा—भगवन् ! मैं वह महापाप कर्मकारी, आपके हृदय को सन्तप्त करने वाला अगुणसेन हूँ। तपस्वी अग्निशर्मा ने कहा—महाराज ! आपका स्वागत है। आप अगुणसेन कैसे हैं ? दूसरो द्वारा दिये गये अन्न पर जीना मात्र मेरा वैभव था। ऐसे मुझ को आपने इस प्रकार की तप-विभूति प्राप्त करा दी। राजा ने कहा—अहो ! आपकी कितनी महानता है ! अथवा तपस्वी जन क्या प्रिय छोडकर और भी कुछ बोलना जानते हैं ? चन्द्र-बिम्ब से अगारो की वर्षा नही होती। अधिक क्या कहे ?

अस्तु—भगवन् ! आपका पारणा कब होगा ? अग्निशर्मा ने कहा—महाराज ! पाच दिनो से अर्थात् पाच दिनो के बाद। राजा ने कहा—भगवन् ! यदि आपके कोई बाधा न हो तो मेरे घर पारणा करने की कृपा कीजियेगा। मैंने कुलपति से आपकी विशिष्ट प्रतिज्ञा के सम्बन्ध मे जान लिया है। इसलिए पहले से ही प्रार्थना कर रहा हूँ। अग्निशर्मा ने कहा—महाराज ! उस दिन को आने दीजिए, कौन जाने इस बीच क्या हो जाए।

इस समय यह करता हूँ। यह करके कल फिर वह करूंगा। इस स्वप्न तुल्य जीव-लोक मे ऐसा कौन सोचे ?

महाराज, दूसरी बात—

जीव-लोक के स्वभाव जगत्-स्थिति को धिक्कार है। पिछले पहर मे जिन स्नेह व अनुरागशील व्यक्तियो को देखा, वे अगले पहर मे नही दिखाई देते।

इसलिए महाराज ! उस दिन को आने दीजिए। राजा ने कहा—भगवन् ! कोई विघ्न न हो तो आप आए। तपस्वी अग्निशर्मा ने कहा—यदि आपका ऐसा आग्रह है तो आपकी प्रार्थना मुझे स्वीकार है। तब राजा उन्हें प्रणाम कर, हर्षवश रोमाचित होता हुआ कुछ समय वहा ठहर नगर में प्रविष्ट हुआ। (पूर्व वर्णनानुसार कुलपति के भोजनार्थ आने पर राजा ने) तापस-परिवार सहित कुलपति का अपनी भक्ति तथा वैभव के अनुरूप सत्कार किया।

पाच दिन बीतने पर अग्निशर्मा का पारणे का दिन आया। वह पारणे के लिए पहले पहल राजा के घर मे प्रविष्ट हुआ। उसी दिन राजा गुणसेन के सिर मे अत्यधिक पीडा उत्पन्न हो गई थी, जिससे सारा राजकुल आकुल था। वैद्यक-शास्त्र मे निपुण वैद्य वहा आये हुए थे। वे अनेक चिकित्सा-संहिताओं-चिकित्सा-ग्रन्थो को सूक्ष्मता

से देख रहे थे । बहुत प्रकार की औषधिया पीसी जा रही थी, मस्तक-पीडा को दूर करने वाले तरह-तरह के रत्नो के लेप किये—जा रहे थे । अपने बुद्धि-वैभव से शुक्र तथा बृहस्पति का भी उपहास करने वाले-उनसे भी अधिक बुद्धिशाली मन्त्री गण किंकर्तव्य-विमूढ थे । पुरोहितो ने मन्त्रोच्चारणपूर्वक आहुति देते हुए शान्ति-कर्म प्रस्तुत किया । उस समय रनवास उद्विग्न था । वहा नारियो द्वारा धारण की हुई सुगन्धित मालाओ की शोभा म्लान हो रही थी, सुन्दर वर्णों के अगराग मिटते जा रहे थे, कपोलो पर की हुई चित्रण-सज्जा आसुओ के जल से धुल रही थी, म्लान मुख-कमल हाथो पर झुके थे । उस समय कन्याओ का अन्त पुर भी बडा उन्मना और खिन्न था । कन्याए कन्दुक-क्रीडा-गेद के खेल से विरत थी, उन्होने चित्र-कर्म-व्यापार-चित्रकारिता का अभ्यास परित्यक्त कर दिया था, नाच-गान बन्द कर दिया था तथा अपने आभूषण उतार दिये थे । पहरेदार अपनी बेंत या लाठी पर झुके थे । उनके चेहरे उडे हुए थे । राजा की अत्यधिक पीडा की सूचना करने वाले नाटे कचुकियो (अन्त पुर के भृत्यो) का मन खिन्न था । रसोइये आदि नौकरो ने अपने अपने कार्य छोड दिये थे, उनका चित्त उदास था ।

इस प्रकार की ऐसी अस्त-व्यस्त व विषम स्थिति मे विद्यमान राजकुल मे तपस्वी अग्निशर्मा कुछ समय रुका । किसी ने उसका वचन मात्र से भी आदर-सत्कार नही किया । वह राज-भवन से निकला । (निकल कर) तपोवन मे चला गया । तापसो ने उसे देखा और कहा—भगवन् ! आपका शरीर पारणा न किये हुए जैसा परिम्लान-मुरझाया हुआ दीख रहा है । क्या पारणा नही किया ? क्या इस समय आप राजा गुणसेन के यहा नही गये ? तपस्वी अग्निशर्मा ने कहा—मैं राजा के घर गया । किन्तु राजा का शरीर वास्तव मे अस्वस्थ मालूम होता है । क्योकि उसके घर मे सारे परिजन-नौकर-चाकर उद्विग्न दिखाई दे रहे थे । मैं उसे (राज-भवन को) उस स्थिति मे देख न सका इसलिए शीघ्र वहा से निकल आया । तापसो ने कहा - नि सन्देह राजा का शरीर विशेष अस्वस्थ था । अन्यथा तपस्वी जन के प्रति वैसी भक्ति वाला वह आपका पारणा जानकर स्वय कैसे ध्यान नही रखता ? दूसरे-आपके प्रति उस राजा का बहुत भक्ति-भाव और आदर है । यही कारण है, वह कुलपति के समक्ष आपके सद्गुणो का बहुत बखान करता था । तपस्वी अग्निशर्मा ने कहा—गुरुजनो की पूजा—

आदर करने वाला वह आरोग्य-लाभ करे, मेरे आहार की कोई खास बात नही है । इस प्रकार उसने (पुन) मासिक उपवास का व्रत प्रतिपन्न-स्वीकार कर लिया ।

इधर राजा गुणसेन ने शिर की पीडा शान्त हो जाने पर अपने नौकरो से पूछा—आज उन महान् तपस्वी के पारणे का दिन था, वे आये हो । किसी ने उनका सत्कार किया या नही ? उन्होने कहा—महाराज ! वे आये थे । किन्तु आपकी मस्तक-पीडा से उत्पन्न हुए हृदय-सन्ताप के कारण नौकर-चाकर अपना-अपना कार्य छोडे हुए थे। इस स्थिति मे उनका न किसी ने सत्कार किया और न उन्हे पूछा ही। यहा का वृत्तान्त उन्हे ज्ञात नही था । उन्होने आपके नौकरो को विचित्र स्थिति मे देखा, थोडी देर ठहरे और फिर उद्विग्न से होकर चले गये।

राजा ने कहा—हाय ! मैं कैसा अधन्य-अभागा हूँ, महान् लाभ से वर्जित रह गया । एक तपस्वी के शरीर को कष्ट देकर मैंने बडा अनर्थ किया । यो विलपन-दु ख-पश्चात्ताप कर वह दूसरे दिन सवेरा होते ही तपोवन मे गया । उसने कुलपति आदि बहुत से तापसो को देखा । उसने लज्जा और विनय से झुके हुए अपने मस्तक से उन्हें विधिपूर्वक प्रणाम किया । कुलपति आदि सभी तापसो ने आशीर्वाद से उसका अभिनन्दन किया । कुलपति ने कहा—महाराज ! बैठिए, आपका स्वागत है । राजा सिर झुकाये, अत्यधिक लज्जा से सकुचाये, लम्बे सास छोडता हुआ कुलपति के सामने बैठा । राजा को वैसी विचित्र स्थिति मे देख उन्होने कहा—वत्स ! उद्विग्न से दिखाई देते हो । यदि अकथनीय-न कहने योग्य न हो तो मुझे उद्वेग-खिन्नता का कारण बतलाओ । राजा ने कहा—आपको भी न कहने—योग्य हो, ऐसी भी कोई बात हो सकती है ? अकथनीय वस्तु-विषय से उद्विग्न व्यक्ति का तपोवन मे आना भी उपयुक्त नही है । कुलपति ने कहा—वत्स ! यह अच्छी बात है, तुम्हारा विवेक उचित है । हा, तो उद्वेग का क्या कारण है ? राजा ने कहा—आपकी आज्ञा है, यो मानकर मैं कह रहा हूँ । अन्यथा इस प्रकार के नृशस-क्रूर आचरण के सम्बन्ध मे मैं कैसे कह सकता हूँ ? कुलपति ने कहा—वत्स ! तपस्वी-जन सब के के लिए माता के समान होते हैं । अत उनके सामने कैसी लज्जा ? आप कहें, जिससे मैं वृत्तान्त जानकर किसी उपाय से आपके उद्वेग को दूर कर सकू ।

राजा ने कहा—भगवन् ! यदि ऐसा है तो सुनिए—

ये अग्निशर्मा मन्दपुण्य, असमीक्षितकारी-बिना सोचे समझे कार्य करने वाले, अयोग्यजन जैसा आचरण करने वाले मेरे सम्बन्ध से हुए वैराग्य के कारण तापस हो गये। ये उत्तम व्रत स्वीकार किये हुए हैं। उस पर भी मैंने इनके साथ अनुचित व्यवहार करना नही छोडा, इसका मुझे दु ख है। कुलपति ने कहा—वत्स ! यदि ऐसी बात है तो सन्ताप मत करो। ऐसा करने का क्या कारण है (कोई कारण नही है) यदि तुम्हारे कारण से यह तापस हुआ है तो तुम इसे धर्म मे प्रवृत्त करने वाले इसके कल्याण-मित्र हो। तब उद्विग्नता की बात ही क्या है ? तुम परलोक से डरने वाले हो, धर्म-शास्त्रो के जानकार हो, तुमसे इस (अग्निशर्मा) का कोई असज्जनोचित आचरण बन पडा है, ऐसा मुझे सभावित नही लगता। अथवा इस समय तुमने वैसा क्या किया है बतलाओ तो। राजा ने कहा—मैंने उन्हे उपनिमन्त्रित किया। ये मासिक पारणे के निमित्त मेरे घर मे प्रविष्ट हुए। मस्तक पीडा से व्याकुल होने के कारण मैं प्रमादवश नौकरो को उधर नियुक्त नही कर पाया। इस प्रकार मैंने इनके आहार का अन्तराय कर इस समय धर्म का अन्तराय किया। कुलपति ने कहा—वत्स ! जो कुछ हुआ है, इसमे तुम्हारा अपराध नही। तीव्र वेदना से पीडित व्यक्ति कार्य या अकार्य नही जानते और न उसके आहार का अन्तराय करने से धम का अन्तराय ही हुआ है बल्कि यह तो तप-सपदा (का अवसर) है। इसलिए उद्वेग मत करो।

राजा ने कहा—भगवन् ! जब तक वे महानुभाव (अग्निशर्मा) मेरे घर भोजन न करले, मेरा उद्वेग कैसे दूर हो ? कुलपति बोले—इस बार यदि बिना किसी विघ्न के पारणे का दिन आयेगा तो वह तुम्हारे घर आहार-ग्रहण करेगा। तब कुलपति ने अग्निशर्मा तापस को बुलाया, आदरपूवक उसका हाथ पकडकर उन्होने कहा—वत्स ! तुम राजा के घर से पारणा बिना किये लौट आये, उससे राजा को बहुत सन्ताप है। कल इसके सिर मे बहुत वेदना थी। वेदना-परवश-पीडा से व्याकुल होने के कारण, तुम्हारा सत्कार नही कर सका, इसलिए इसका अपराध नही है। इसने कहा है तपस्वी अग्निशर्मा जब तक मेरे घर भोजन ग्रहण नही कर लेंगे, तब तक मेरा उद्वेग नही मिटेगा। इसलिए इस बार निर्विघ्नतया जब पारणे का समय आ जाए तो मेरे वचन तथा राजा के बहुमान के कारण इस

(राजा) के घर पारणा करना । तपस्वी अग्निशर्मा ने कहा—भगवन् ! जैसी आपकी आज्ञा । राजा अकारण सन्तप्त हो रहा है। क्योंकि इसने ऐसा तो कुछ नही किया है, जो मेरे पारलौकिक जीवन के विरुद्ध हो – जिससे मेरा परलोक विगडे । तव राजा "अहो ! इनकी कितनी महानता है" यो कह, तपस्वीजन को प्रणाम कर कुछ काल उनकी पर्युपासना–सान्निध्य–लाभ कर नगर मे प्रविष्ट हुआ ।

फिर काल–क्रम से राजा को विषय–सुख का अनुभव करते हुए और अग्निशर्मा को दुष्कर तपश्चरण करते हुए एक मास व्यतीत हो गया । इस वीच जव पारणे का दिन आया, फौजी छावनी से आये हुए राजपुरुषो ने राजा से निवेदन किया—अपने प्रवल पराक्रम से गर्वित आपकी सेना विषम द्रोणीमुख–दो पहाडियो के वीच की ऊची–नीची घाटी के किनारे पर स्थित थी । अपनी रक्षा का उपाय उसने नहीं कर रखा था । राजा मानभग ने, जो सावधान था, "दूसरे प्रकार से देश का विनाश होगा" यह देखकर—सोचकर आपके पदातियो–पैदल सैनिको के गहरी नीद मे सो जाने पर आधी रात के समय, जव रात्रि रूपी वधू का प्रियतम, तीनो लोको का मगल–दीप चन्द्र अस्त हो चुका था, अपनी सारी सेना के साथ वीरतापूर्वक आपकी सेना पर आक्रमण किया और उसे जीत लिया । अव आप ही प्रमाण हैं –आप जैसी आज्ञा करें ।

यह दु सह वचन सुनकर राजा की आखे क्रोध की आग से जलने लगी, लाल हो गई, होठ विषम रूप मे फडकने लगे । उसने निर्दयता से–बहुत जोर से जमीन पर हथेली पटकी और क्रोध के कारण लड खडाती हुई वोली से नौकरो को आज्ञा दी–शीघ्र कूच का नगाडा वजाओ, दुर्जय हाथियो की सेना सजाओ, गर्वीले घोडो के दल को काठिया लगा तैयार करो, ध्वजाओ तथा मालाओ से शोभित रथ–समूह को जोडो, तरह–तरह के शस्त्रो से सुसज्ज पैदल सेना को रवाना करो ।

तव राजा के आदेश के अनन्तर ही कूच के नगाडे का शब्द सुनकर असमय मे आये दुर्दिन–वरसाती दिन की तरह राजा का सैन्य चारो ओर से इकट्ठा हो गया । जहा हाथी मेघ-घटा के समान शोभा पा रहे थे । ऊची ऊची ध्वजाए, चवर तथा छत्रो के समूह ही मानो वगुले थे । तीक्ष्ण तलवारें और भाले विजली जैसे लगते थे । शख, वडे वडे ढोल और तुरही के निर्घोष–ध्वनि रूपी मेघ-गर्जन से दिशाए

पूरित थी । नरेन्द्र गुणसेन सुन्दर रथ पर आरूढ हुए । उनके आगे जल से भरे स्वर्ण-कलश रखे जा रहे थे । विजय-लक्ष्मी का मसूचक मगल-वाद्य वज रहा था। वन्दीजन तरह-तरह के मगल-पाठ उच्चारित कर रहे थे ।

इस बीच तपस्वी अग्निशर्मा पारणे के लिए राजा के घर मे प्रविष्ट हुआ । राजा के प्रस्थान को लेकर उसके मुख्य सेवक उतावली मे थे, अत उस विशाल भीड मे अग्निशर्मा की ओर किसी का ध्यान नही गया । तव वह कुछ देर रुका और फिर दृप्त-मदोन्मत्त हाथियो और घोडो की चपेट मे आ जाने के भय से राजा के घर से लौट गया । इसके अनन्तर ज्योतिषियो ने, जिन्होने खूटी द्वारा छाया का माप लिया था, जो ज्योतिष-शास्त्र का परमार्थ-रहस्य-सार जानते थे, राजा से निवेदन किया—देव ! उत्तम मुहूर्त है, प्रस्थान कीजिए । राजा ने कहा—तपस्वी अग्निशर्मा के पारणे का दिन है । कुलपति के वचन से उन्होने मेरे घर आहार ग्रहण करना स्वीकार किया था । इसलिए वे महानुभाव आ जाए । उनके भोजन कर लेने के बाद उन्हे प्रणाम कर चलेंगे । तव समीप स्थित कुल-पुत्र-उच्च कुलोत्पन्न कुमार ने कहा—देव ! वे महानुभाव अभी-अभी आये थे । मदोन्मत्त हाथियो और घोडो के समूह की चपेट मे आने के भय से राजा-भवन से चले गये । मेरा अनुमान है, अव तक वे नगर से वाहर नही निकले होगे। यह सुनकर राजा शीघ्र उस मार्ग की ओर रवाना हुआ और उसने नगर से निकलते हुए तपस्वी अग्निशर्मा को देखा । तव अपने उत्तम रथ से उतरकर भक्तिपूर्वक उनके चरणो मे गिरकर उसने वहुत आदर के साथ उनको निवेदन किया—भगवन् ! कृपा कर वापिस लौटिए । जाना आवश्यक होने पर भी मैं आपके आगमन की प्रतीक्षा करता हुआ इतने समय ठहरा था । उस बीच आप मेरे घर मे प्रविष्ट हुए। मेरे मुख्य सेवक आपको देख ही न पाये थे कि आप वापिस लौट गये। इसलिए वापिस पधारिए । तपस्वी अग्निशर्मा ने कहा—महाराज ! आप मेरी विशेष प्रकार की प्रतिज्ञा का वृत्तान्त जानते ही हैं। इसलिए अव ऐसा अनुरोध मत कीजिए । तपस्वी सत्यप्रतिज्ञ होते हैं । लाभ एव अलाभ उनके लिए समान है । राजा ने कहा—भगवन् ! मैं अपने इस प्रमादपूर्ण आचरण से लज्जित हूँ । तीव्र तपस्या से उत्पन्न आपको शरीर-पीडा से मेरी पीडा कही अधिक है । सन्ताप की अग्नि मुझे बुरी तरह जला रही है । मेरा हृदय टूटा जा रहा है । मेरी वाणी रुधती

जा रही है । मैं अपने को महा पाप-कर्म करने वाला मानता हूं। आप सब दुःखी प्राणियो के बन्धु तुल्य और निष्कारण वात्सल्यशील हैं। भगवन् ! आप ही इस दुःख को शान्त करने का उपाय सोचिए। तपस्वी अग्निशर्मा ने सोचा—महाराज के भावो मे कितना ऊंचापन है! मैं पारणा नही कर पाया, इसका इसके इतना खेद है । अहो ! गुरुजनो की शुश्रूषा का इसे इतना अनुराग है, इसलिए जब तक मैं इसके घर पारणा नही कर लूंगा, यह स्वस्थ-परितुष्ट नही होगा। यह सोचकर (अग्निशर्मा) ने कहा महाराज ! आपके दुःख का कोई कारण नही है तो भी इसके शान्त होने का यह उपाय है । बिना किसी विघ्न के पुनः पारणे का दिन आने पर मैं आपके घर आहार ग्रहण करूंगा, यह मैं स्वीकार करता हूँ । इसलिए सन्ताप न करें । तब जमीन पर घुटने और हथेली टिकाकर राजा ने कहा—भगवन् ! इस दुःख के उपशम का-शान्त होने का आपने सुन्दर उपाय सोचा । अथवा तपस्वी जन निर्मल ज्ञान रूपी नेत्रो वाले होते हैं वे क्या नहीं जानते? मैं अनुगृहीत हू । यह आपकी निष्कारण वत्सलता के अनुरूप ही है। आप तपोवन को जाए। मैं तो इस नये प्रमाद के कलक से दूषित होने के कारण कुलपति के दर्शन करने का साहस भी अपने मे नही पाता। यो कहकर तपस्वी अग्निशर्मा को प्रणाम कर राजा लौट आया। मुझे इस समय नही जाना चाहिए, यो सोचकर उसने मान-भग पर सेना भेज दी ।

अग्निशर्मा तपोवन मे गया, कुलपति को सारा वृत्तान्त जैसा घटित हुआ, निवेदित कर दिया । कुलपति ने "वत्स ! अच्छा किया" यो कहकर उसका अभिनन्दन किया । वह (अग्निशर्मा) अपने व्रत-विशेष (की आराधना) मे लग गया । राजा, जिसका दिन पर दिन धर्म के प्रति खिचाव बढता जा रहा था, से सत्कृत उस (अग्निशर्मा) को एक मास पूरा हो गया। राजा के सैकडो मनोरथो के साथ पारणे का दिन आया । उसी दिन राजा गुणसेन की रानी वसन्तसेना ने पुत्र को जन्म दिया । प्रतिहारी-रनवास की पहरेदारिन ने, जिसका मुख-कमल हर्ष से प्रफुल्लित था, राजा को उल्लासपूर्वक निवेदन किया-महाराज ! यह प्रजा का भाग्य है, देवी वसन्तसेना ने सुखपूर्वक पुत्र को जन्म दिया है, जो आपके अभ्युदय का सूचक है । राजा पुत्र जन्म के समाचार से रोमाचित हो गया । उसने पहरेदारिन को हाथो के कडे, बाजूबन्द, कान का अलकार आदि शरीर के गहने देकर आज्ञा

दी—वसुन्धरे ! जो कोई पहरेदार पास मे हो, मेरे वचन से आदेश दो कि काल-घण्टा के प्रयोग से—काल-घण्टा वजाकर मेरे राज्य मे सब (जो कारागृह मे वन्दी हैं) को बन्धन-मुक्त कर दिया जाए, घोषणा-पूर्वक (याचको को) मन चाहे से भी अधिक महादान दिया जाए, मेरे पुत्र-जन्म का समाचार जितशत्रु आदि राजाओ को भेजो, नागरिको को देवी के पुत्र-जन्म रूप अभ्युदय की जानकारी कराओ, नगर मे पूर्व निर्दिष्ट समय के बिना एकाएक आयोजित किया जाने वाला महान् उत्सव कराओ। पहरेदारिन ने (राजा द्वारा) जैसी आज्ञा की गई थी, तदनुसार पहरेदारो को निर्देश कर दिया। उन्होने राजा की आज्ञा का अनुवर्तन किया। मनोरम वर्द्धापन-समारोह-बधाई का उत्सव मनाया गया, जिसमे अनेक पान-गोष्ठिया आयोजित थी। वहा वजाई जाती तुरही की आवाज दशो दिशाओ मे फैल रही थी, नारिया अपना एक हाथ ऊचा कर करके नाच रही थी, अन्त पुर की ललनाए एक दूसरे के श्रेष्ठ उत्तरीय (शरीर के ऊपरी भाग मे पहना या ओढा जाने वाला वस्त्र) बलात् खीच रही थी। विशेष रूप से सजी हुई स्त्रिया आपस मे मिल रही थी। पीछे से आकर (दूसरी स्त्रियो द्वारा) की गई मुक्के की चोट से डरी हुई स्त्रिया सिसकारी छोड रही थी। मद से उन्मत्त होने के कारण स्त्रिया कचुकी (अन्त पुर के वृद्ध सेवक) को नचा रही थी। हाथ से वजाये जाते ढोलक की मधुर ध्वनि सुनाई दे रही थी। दान से परितुष्ट अनेक वन्दीजन जय शब्द का उद्घोष कर रहे थे। नाचती हुई ठिगनी और बौनी दासिया राजा को हसा रही थी।

वसन्तपुर नगर मे बहुत बडा उत्सव चलने लगा। इस प्रकार राजा सहित नौकर-चाकर महारानी के पुत्र-जन्माभ्युदय के आनन्द मे अत्यन्त प्रमत्त-मस्त बने हुए थे कि तपस्वी अग्निशर्मा पारणे के लिए राजकुल मे प्रविष्ट हुआ। किसी ने वचन मात्र से भी उसका सत्कार नही किया। अशुभ कर्मों के उदय से उसका मन आर्त्त-ध्यान मे दूषित हो चला। वह शीघ्र ही वहा से निकल गया। वह सोचने लगा—अहो ! इस राजा का मेरे प्रति बचपन से वैरानुबन्ध-शत्रुभाव चला आ रहा है, जो अनुचित है। उसके अत्यन्त रहस्यपूर्ण आचरण को देखो तो सही, मेरे आगे तो मनोनुकूल बात बनाता है पर आचरण उससे उल्टा करता है। यो सोचता हुआ वह नगर से निकल गया। इसके बाद अज्ञान के दोष से तथा पारमार्थिक पथ का चिन्तन न करने से वह कषायो द्वारा जकड लिया गया। उसकी परलोक-भावना चली

गई, धर्म-श्रद्धा नष्ट हो गई, सकल दुःख रूपी वृक्ष के बीज के तुल्य अमैत्री-भाव जाग उठा, शरीर को पीडा देने वाली तीव्र भूख लगी। वह भूख से तिलमिला उठा।

प्रथम परिषह (भूख) से आक्रान्त, अज्ञान और क्रोध के वशीभूत हुए उस मूढ हृदय वाले ने यह घोर निदान (कर्म-फल का आगामी काल के लिए सकल्प) किया कि मेरे द्वारा अच्छी तरह अनुष्ठित इस व्रत-विशेष का फल हो तो प्रत्येक भव मे इसके वध के लिए जन्म हो।

जो व्यक्ति अपने प्रणयी-प्रेमी लोगो का प्रिय तथा शत्रुओ का अप्रिय न कर सके तो मात्र अपनी माता का यौवन नष्ट करने वाले उसके जन्म से क्या।

वह पापी राजा बिना किसी अपराध के बचपन से ही मेरा शत्रु है। इसलिए मैं उसका अप्रिय करूंगा।

इस प्रकार निदान करके उस स्थान (कुत्सित भाव-भूमि) से प्रतिक्रान्त न होता हुआ—उसका प्रतिक्रमण न करता हुआ (मन में आये इन परिणामो के लिए पश्चात्ताप न करता हुआ) क्रोध की अग्नि से जलते हुए चित्त मे बार बार वह इस तरह की भावना लाता रहता।

इस बीच वह तपोवन मे पहुचा। अनेक विकल्पो से उत्पन्न हुई चिन्ता के कारण उसकी क्रोधाग्नि धधक रही थी, बढ रही थी। वह कुलपति तथा शेष तापसो से बचकर आम्रवीथिका मे गया तथा निर्मल-स्वच्छ पत्थर के बने हुए चौकोर चबूतरे पर बैठा। मनस्ताप-वश पुन सोचने लगा— अहो! उस राजा का मेरे प्रति कितना शत्रु-भाव है। क्यो उसने सब तापसो मे मेरा उपहास किया? मेरी विशेष प्रतिज्ञा को जानकर उस कपटी ने उस प्रकार से मुझे निमन्त्रित किया, जिससे मेरा पारणा नही हो सका और मैं तिरस्कृत हुआ। वह राजा मूर्ख है। इस अवस्था को पहुचे हुए मुझे सताकर वह क्या करेगा? जो प्राणी अनाथ हैं, दुर्बल हैं, दूसरो द्वारा तिरस्कृत हैं, वे तो मानो यम-राज (दुर्भाग्य) द्वारा ही मारे हुए हैं। उनको कष्ट देने से अभिमानी का अभिमान पूरा नही होता और विशेष रूप से उन तपस्वियो को, जिनके लिए शत्रु और मित्र समान हैं तथा जो परलोक साधने मे लगे हैं। अथवा मैंने आहार मात्र (सर्वथा आहार) की आसक्ति नही छोडी अतएव मुझे इतना सताया जा सका है। इसलिए मैं अब आजीवन आहार नही करूगा, जिसमे मात्र तिरस्कार समाया है। इस प्रकार

जीवन भर के लिए उसने महा उपवास-व्रत स्वीकार कर लिया ।

इसके बाद तपस्वियो ने उसे देखा—वह अपने सारे कार्य छोडे हुए था, अशुभ ध्यान से उसका मन दूषित था, तपस्या से शरीर परि-क्षीण था । उन्होने कहा—भगवन् ! आपका शरीर बडा क्षीण दीख रहा है, आप पुष्प एव (चन्दन आदि के) विलेपन द्वारा सत्कृत नही हैं । तो क्या अब भी आपका पारणा नही हुआ ? अग्निशर्मा ने कहा-नही हुआ है । तापसो ने पूछा—कैसे नही हुआ ? क्या आप राजा गुण-सेन के घर मे प्रविष्ट नही हुए ? अग्निशर्मा ने कहा—प्रविष्ट हुआ था । तापसो ने पूछा—तब कैसे नही हुआ ? अग्निशर्मा बोला—यद्यपि मेरा कोई अपराध नही हैं पर बचपन से ही वह राजा मुझसे वैर रखता आ रहा है । उसने मुझे कष्ट पहुचाया । पहले मैं समझ नही पाया, अब मैंने उसका वैर-भाव जान लिया है । विनीत की तरह दिखाई देता है पर उस मिथ्या विनीत का वैर-भाव छूटता नही, जिससे उप-हास करने की नीयत से मुझे निमन्त्रित कर तरह तरह के कपटपूर्ण बहाने बना अनार्योचित कार्य (अनुचित व्यवहार) से मेरा तिरस्कार करता है । आज मेरे पारणे का दिन जानकर उसने अचानक उत्सव आयोजित करा दिया । मैं राजा के घर मे प्रविष्ट हुआ । किसी ने मेरा सत्कार नही किया । मैंने राज-परिवार का अभिप्राय जान लिया और मैं शीघ्र वहा से निकल आया । तब तापसो ने कहा—तपस्वियो के प्रति वात्सल्य रखने वाले राजा गुणसेन के लिए ऐसा सम्भव तो नही लगता अथवा मनुष्य विभिन्न गाठो (कपटपूर्ण वृत्तियो) वाले होते है, उनसे क्या सम्भव नही है ? ऐसा कोई कार्य नही है, जो कषायवश न किया जा सके । यो कहकर उन्होने (तापसो ने), जो बहुत उद्विग्न हो रहे थे, कुलपति को निवेदन कर दिया कि अग्निशर्मा तापस का इस घटना से अब भी पारणा नही हो सका है ।

तब कुलपति हडबडी के साथ शीघ्र अग्निशर्मा के पास आये । अग्निशर्मा ने यथोचित विधिक्रम के साथ उनकी पूजा की । तब उन्होने (कुलपति ने) कहा—वत्स ! अब भी तुम्हारा पारणा नही हुआ ? आश्चर्य ! उस राजा गुणसेन का ऐसा अनुचित आचरण ! अग्निशर्मा तापस ने कहा—राजा प्रमादी होते है । अथवा उस (गुणसेन) का क्या दोष है, यह तो मेरा ही दोष है, जिसने भोजन मात्र की आसक्ति का त्याग नही किया, जिससे उसके घर मे प्रवेश करना पडा । अब मैंने जीवन भर के लिए इस आसक्ति को भी छोड दिया है, जो सब

प्रकार के परिभव-तिरस्कार का बीज है। इसलिए भगवन् (आप) से मेरी प्रार्थना है, इस सम्बन्ध मे आप मुझे और तरह का आदेश न दीजियेगा। कुलपति ने कहा—यदि आहार का त्याग कर दिया है तो अब आज्ञा का समय चला गया। तपस्वी सत्यप्रतिज्ञ होते हैं। किन्तु तुम्हे राजा पर क्रोध नही करना चाहिए। क्योकि सब पूर्व-कृत कर्मों का फल भोगते हैं। दूसरा तो अपराध-दोष और गुण मे केवल निमित्त बनता है। इस प्रकार कुलपति ने उसे शिक्षा दी, उसकी परिचर्या के लिए तपस्वियो को नियुक्त किया और वे चले गये।

इधर राजा गुणसेन के नौकर-चाकर अकस्मात् समायोजित उत्सव का आनन्द ले रहे थे, पारणे का समय बीत चुका था, तब राजा को याद आया-आज उस महातपस्वी के पारणे का दिन था। हाय! मेरी अधन्यता-मेरा दुर्भाग्य! मुझे लगता है—उस महातपस्वी का पारणा नही हो सका है। समीप-स्थित सेवको से उन्होने (राजा ने) पूछा कि वे महान् तपस्वी यहा आये या नही? उन्होने सावधानी से पता लगाकर निवेदन किया—राजन्! आये थे किन्तु महारानी के पुत्र-जन्मोत्सव के आनन्द मे नौकर-चाकर अत्यन्त प्रमत्त-मस्त बने थे, इसलिए किसी ने उनका सत्कार नही किया। तब वे शीघ्र ही यहां से लौट गये। राजा ने कहा—हाय! यह मेरे पाप का परिणाम है। उस महान् तपस्वी को धर्म का अन्तराय हुआ, इसलिए मैं महारानी के पुत्र उत्पन्न होने की आनन्दप्रद घटना भी आपत्ति ही मानता हूँ। अभागा के घर धन की वर्षा सर्वथा-बिल्कुल नही होती। मैं अपने प्रमाद के दोष से इतना दूषित हूँ कि वृत्तान्त जानने के लिए उनका मुख देखने तक का साहस नही कर सकता। सोमदेव पुरोहित! जाओ, उस महा तपस्वी के वृत्तान्त की खोज करके कि उसने क्या किया, मुझे शीघ्र निवेदित करो, मेरा हृदय आशंकित सा हो रहा है। पर ध्यान रहे, कोई न जान पाए कि तुम मेरे आदमी हो।

सोमदेव पुरोहित तपोवन मे गया। उसने अग्निशर्मा तापस को देखा। वह बहुत से तपस्वियो से घिरा, पहाडी नदी के तट के समीप निर्मित मण्डप मे स्थित, लम्बे कुशो से तैयार किये गये आसन पर बैठा क्रोधवश राजा के सम्बन्ध मे बात कर रहा था। सोमदेव ने विनय से मस्तक झुका उसे प्रणाम किया। उसने आशीर्वादपूर्वक "आपका स्वागत है", यो कहकर "बैठिए" ऐसा निर्देश किया। सोमदेव पुरोहित बैठा। उसने कहा—भगवन्! आपका शरीर बहुत क्षीण

दिखलाई पड रहा है, क्या बात है ? अग्निशर्मा तापस ने कहा—नि स्पृह तथा दूसरो से प्राप्त भिक्षा पर निर्वाह करने वाले तपस्वियो का शरीर कृश होना ही है । सोमदेव ने कहा—ठीक है, तपस्वी नि स्पृह ही होते हैं किन्तु धन, धान्य, चादी, सोना, मणि, मोती, मू गा, द्विपद-दो पैरोवाले प्राणी तथा चतुष्पद—चार पैरोवाले प्राणियो के सन्दर्भ मे न कि धर्म-काय—धर्मोपकरणभूत देह के उपकारक आहारमात्र मे । यहा (ससार मे) ऐसे लोग नही हैं, जो मुक्ति के पथ पर चलनेवाले, शत्रु और मित्र मे भेद नही मानने वाले, तृण, मणि, मोती और स्वर्ण को समान समझने वाले, ससार रूपी समुद्र मे जहाज के तुल्य आप जैसो को आहार भी न दे । अग्निशर्मा तापस ने कहा– यह सच है, राजा गुणसेन को छोडकर यहा ऐसे लोग नही हैं । सोमदेव ने कहा–भगवन् ! राजा गुणसेन ने क्या किया ? वह राजा तो धर्म-परायण सुना जाता है । अग्निशर्मा तापस ने कहा— उसके सिवाय धर्म-परायण कौन होगा, जो अपने मण्डल-अपने निकटवर्ती और दूरवर्ती पडौसी राजाओ के गुट्ट को जीत कर भी तपस्वी जन को बलात् मारने को उद्यत रहे ? सोमदेव ने सोचा—यह तपस्वी प्रकुपित है । जिस प्रकार यह लम्बे कुश-तृणो से तैयार किये हुए आसन पर बैठा दीखता है, उससे लगता है, राजा के योग से हुए दु ख के कारण इसने अनशन स्वीकार कर लिया है । पूछने पर यह स्वामी (राजा) के प्रति न सुनने योग्य परिवाद-निन्दायुक्त वचन कहेगा, इसलिए किसी अन्य से वृत्तात जानकर राजा को निवेदन करू गा । (इस प्रकार) अग्निशर्मा को प्रणाम कर सोमदेव चला गया । हाथ मे कुश एव पुष्प लिये हुए स्नान के हेतु पहाडी नदी मे उतरते एक तापस से उसने पूछा—भगवन् ! अग्निशर्मा तापस ने क्या निश्चय किया है ? आखो से ढलकते हुए आसुओ के साथ उसने विस्तारपूर्वक उस अनुष्ठान— अग्निशर्मा द्वारा स्वीकृत कृत्य के सम्बन्ध मे बतलाया । सोमदेव गया और जैसा वह मालूम कर सका था, राजा को निवेदित किया । इस पर राजा को बहुत दु ख हुआ, चिन्ता के भार से वह अपनी देह को सम्हाल नही सका । सारे रनवास तथा प्रमुख कर्मचारियो सहित वह अग्निशर्मा को प्रत्यायित करने यथार्थ परिस्थिति की प्रतीति कराने के लिए पैदल ही तपोवन को रवाना हुआ । सुन्दर हसिनियो से घिरे हुए राजहस की तरह वह राजा रानियो, प्रमुख कर्मचारियो तथा नौकर-चाकरो से घिरा हुआ तपोवन के समीपवर्ती पर्वतीय नदी के विस्तीर्ण तट पर पहुचा । इस

बीच खिले हुए कमल जैसे मुखवाले एक मुनिकुमार ने, ज्योही राजा को आया जाना, अग्निशर्मा तापस को उस सम्बन्ध मे निवेदित किया। तब अग्निशर्मा तापस ने, जिसका शरीर क्रोध की आग से जल रहा था, कुलपति को पुकारा तथा यथोचित आदर-सत्कार का लघन कर उसने निष्ठुरता से कहा—अरे ! अरे ! मैं इस निष्कारण वैरी, नीच राजा का मुह नही देख सकता । इसलिए जो कुछ कहकर इसे बाहर से ही लौटा दीजिए । कुलपति ने सोचा—कषायो ने इस (अग्निशर्मा) पर अधिकार जमा लिया है । इसलिए प्रत्यग्र-अभिनव कषाय से दूषित चित्त होकर यह राजा को न देखे, यही उचित है । (यो सोच) वे थोडी दूर राजा के सामने गये । उन्होने राजा को सपरिवार देखा । उसका शरीर मुरझाया हुआ था । राजा ने परिवार-सहित विनय-पूर्वक उन्हे प्रणाम किया । कुलपति ने आशीर्वाद से उसका अभिनन्दन किया और कहा—महाराज ! आइए, इस चम्पक-वीथिका मे बैठें। राजा ने कहा—जैसी आपकी आज्ञा । वे चपक-वीथिका मे गये । कुलपति स्वच्छ शिला पर बिछे कुशासन पर बैठे । सामने पृथ्वी पर परिवार सहित राजा बैठा । तब कुलपति ने कहा—महाराज ! रानियो तथा पारिवारिकजनो के साथ इस समय इतनी दूर तक पैदल आने का अनुचित कार्य आपने क्यो किया ? राजा ने कहा—भगवन् ! हम तो अनुचित-कारी ही हैं । अथवा मुझ जैसे अधम-नीचजनो के लिए यही उचित है कि प्रमादवश महा तपस्वीजन का व्यापादन—घात-पीड़ा-उत्पादन कर धर्मातराय करें ।

अस्तु-मेरी विडम्बनापूर्ण मन्त्रणा— कपटयुक्त बातो से क्या, जो हार्दिक सद्भाव से वर्जित हैं । भगवन् ! वे अग्निशर्मा तापस कहा है ? मैं उन्हे प्रणाम करू तथा पाप-कम करने वाली अपनी आत्मा को उनके दर्शन से शुद्ध करू । कुलपति ने कहा—महाराज ! इतना सन्ताप मत करो । तुम्हारे कारण ग्लानियुक्त हो, इसने अनशन नहीं किया है । तपस्वीजनो का यह आचार ही है कि अन्तिम समय मे अनशन-विधि द्वारा देह का परित्याग करे । राजा ने कहा—भगवन् ! अधिक क्या कहूँ । (मेरी भावना है) मैं उस महानुभाव (अग्निशर्मा) का दर्शन करू । कुलपति ने कहा—इस समय उसका दर्शन जाने दो । वह ध्यान मे व्यापृत—सलग्न है । इसलिए उसके अभिप्रेत इच्छित कार्य मे अन्तराय—विघ्न करने से क्या ? तुम नगर को जाओ, फिर कभी दर्शन करना । अच्छा, जैसी आपकी आज्ञा । फिर कभी आऊँगा, यों

कह कर राजा अत्यन्त दुर्मना—खिन्न होता हुआ उठा । कुलपति को प्रणाम कर नगर की ओर रवाना हुआ । तब एक बाल तापसकुमार दयार्द्र होकर—करुणापूर्वक थोडी दूर उसके पीछे आया और उसे अग्निशर्मा का अभिप्राय (मनोभाव) निवेदन किया । तब राजा ने सोचा कि कुलपति इससे दुविधा मे पड जाते हैं तो मुझे फिर यहा आने से क्या ? इसलिए मेरा इस नगर मे ठहरना भी उचित नही है जिससे उस महात्मा के सम्बन्ध मे कुछ और अश्रोतव्य— न सुनने योग्य न सुनना पडे । यो सोचता हुआ राजा वसन्तपुर आया । उसने ज्योतिषियो से पूछा क्षितिप्रतिष्ठ नगर जाने मे हमारे लिए कौन-सा दिन अच्छा है ? नित्य उस (ज्योतिष-सम्बन्धी) कार्य मे व्यापृत होने से लगे रहने से जिन्हे उत्तम दिन ज्ञात था उन ज्योतिषियो ने विज्ञापित किया—बतलाया कल ही अच्छा दिन है । तब राजा ने अपने नौकर-चाकरो को आदेश दिया कि कल शीघ्र ही रवाना होना है ।

दूसरे दिन बडी धूमधाम से राजा रवाना हुआ । अनवरत-निरन्तर चलते हुए एक महीने मे वह क्षितिप्रतिष्ठ नगर पहुचा । बडे ठाठ बाट से वह नगर मे प्रविष्ट हुआ, जहा विविध प्रकार की ऊची ऊची झण्डिया लगाई गई थी, बाजार तरह-तरह से सजाये गये थे, राजमार्ग फूलो की सजावट से सुशोभित किये गये थे जो (नगर) सफेदी किये हुए महलो की कतार से सुन्दर लगता था । वहा राजा सर्वतोभद्र नामक महल मे गया जिसके तोरण-द्वारो मे वन्दनवारें लटकाई गई थी तथा जिसे विशेष रूप से सजाया गया था ।

उसी दिन वहा मास-कल्प विहार से सयमपूर्वक विचरण करते हुए विजयसेन नामक आचार्य अपने शिष्य-समुदाय सहित आये । वे द्वादश अगो के सम्पूर्णत ज्ञाता थे, अवधि और मन पर्याय ज्ञान के अतिशय से युक्त थे । उनके सब अग सुन्दर तथा अभिराम—मनोरम थे । चढती जवानी की शोभा से उनका शरीर समृद्ध था । वे मानो वसुन्धरा—भूमण्डल के शृङ्गार थे, सब के नेत्रो को आनन्द देने वाले थे, धर्म-निरत व्यक्तियो के लिए वे एक उदाहरण थे । मानो वे परम सौभाग्य के खान निलय-घर, आदेय-भाव के स्थान—अनुकरण करने योग्य, क्षान्ति-क्षमाशीलता, कुलगृह-पितृगृह या सहज आश्रय, गुण रूपी रत्नो के आकर—खान तथा पुण्य के विपाक-सर्वस्व—सम्पूर्ण परिपाक या परिणाम थे । अति महान् राजवश मे वे उत्पन्न हुए थे ।

वे अशोकदत्त सेठ द्वारा बनवाये गये जिन-भवन से सुशोभित

अशोकवन नामक उद्यान मे अनुज्ञा लेकर ठहरे । नीतियुक्त राजाओ की तरह वहा आम के निश्छिद्र-अत्यन्त सघन पेड थे (जिस प्रकार नीति युक्त राजाओ मे छिद्र - त्रुटिया मिलना कठिन है, उसी प्रकार अत्यन्त सघनता के कारण वहा आम के वृक्षो के बीच जरा भी खाली स्थान नही था) । पर-नारी के दर्शन से भय खाने वाले (सकुचाने वाले) सत्पुरुषो की तरह बावडी के तट पर उगे हुए वृक्ष नीचे मुह किये हुए थे (खूब फले-फूले होने से झुके हुए थे) । सत्पुरुष जिस प्रकार चिन्ता-रहित होते हैं, उसी प्रकार माधवी लताए शाखा-प्रशाखारहित थी। दरिद्र कामी पुरुषो के हृदयो की तरह लतागृह (लता-मण्डप) चारो ओर से आकुल-अस्थिर थे । नीम के वृक्ष सासारिक भोगो मे आसक्त पाखण्डीजनो की तरह शोभा नही पा रहे थे । कुसुमल वस्त्र पहने नव दुलहो की तरह लाल अशोक विराजित—शोभित थे । अधिक क्या कहे ? जीव-लोक के मनोरथो की तरह उद्यान के वृक्ष बहुत प्रकार के थे। वहा हिमालय पर्वत की चोटियो की तरह जिन-भवन अत्यन्त ऊचे और सफेद थे । सयमपूर्वक अपनी आचार-क्रिया मे निरत रहते हुए वे (आचार्य) वहा अत्यन्त प्रासुक—निर्जीव—शुद्ध स्थान में प्रवास करने लगे।

इधर राजा गुणसेन ने आस्थानिका—सभा मे आकर पूछा—आज किसी ने यहा कोई आश्चर्यभूत वस्तु देखी ? तब कल्याणक (इस नाम वाले सभासद) ने, जो विजयसेनाचार्य का दर्शन कर चुका था, कहा—महाराज ! मैने आश्चर्य देखा है । राजा ने कहा—बतलाओ, वह क्या है ? कल्याणक ने कहा कि श्रमण-वेष स्वीकार किये हुए विजयसेन नामक आचार्य को, जो गान्धार जनपद के अधिपति समरसेन के पौत्र तथा लक्ष्मीसेन के पुत्र हैं, अशोकदत्त सेठ द्वारा ठहराये हुए अशोक वनोद्यान मे देखा है । समस्त दर्शनीय पदार्थों मे जो नेत्रो के लिए महोत्सव जैसे हैं परम दर्शनीय हैं । उनके सौन्दर्य की प्रभा के प्रवाह से चारो दिशाए उज्ज्वल हो रही हैं । वे सम्पूर्ण कलाओ से युक्त चन्द्रमा के समान हैं । प्रथम यौवन—चढती जवानी मे स्थित होते हुए भी वे विकार-रहित हैं । यद्यपि उन्होने कामदेव को जीत लिया है, पर तपश्री (तप कान्ति रूपी नारी) मे विशेष रत-अनुरागयुक्त हैं । उन्होने सब आसक्तियो का परित्याग कर दिया है पर सब लोगो का उपकार करने मे वे आसक्त (सलग्न) हैं । वे मानो मूर्तिमान सदेह भगवान् धर्म हैं । तब राजा ने कहा—तुम कृतपुण्य—पुण्यात्मा हो, तुमने नेत्रो का फल पा लिया । मैं भी, यदि कोई बाधा नहीं हुई तो फल भगवान् को

वन्दना करने जाऊंगा ।

रात बीत जाने पर राजा अपने समस्त प्रातःकालीन कृत्य सम्पन्न कर उस उद्यान मे गया । तारो के समूह से परिवृत—घिरे हुए शरद ऋतु के चन्द्र की तरह उसने अनेक श्रमणो से परिवृत विजयसेनाचार्य को देखा । वह हर्ष से पुलकित हो उठा । उसकी आँखे आनन्द के आसुओ से भर गई । पृथ्वी पर घुटने तथा हथेली रखते हुए उसने विनयपूर्वक उन्हें प्रणाम किया। गुरु ने उसे धर्म (अहिंसा दया का) लाभ शब्द द्वारा अभिहित आशीर्वाद दिया, जो शरीर और मानस के अनेक दुःखो को मिटाने वाला तथा मोक्ष के शाश्वत सुख के बीज के समान था। तदनन्तर चारित्र्य के अठारह हजार अगो का भार वहन करने वाले, मुक्ति रूपी वधू के प्रति प्रगाढ-अनुरागवश उससे मिलने की चिन्ता मे दुर्बल बने जा रहे शेष साधुओ को प्रणाम कर वह गुरु के पास बैठा । उनके रूप और चारित्र्य से वह आश्चर्यान्वित हो उठा । उसने कहा—आपके तो सभी मनोरथ सम्पन्न थे—मन की अभिलाषा के अनुरूप सब कुछ प्राप्त था । फिर इस प्रकार के वैराग्य का क्या कारण था ? वेगपूर्वक—शीघ्रता से चरणो मे पडते-झुकते राजाओ के मुकुटो मे लगे रत्नो की कान्ति के विस्तार से आपका पाद-पीठ-पैर रखने का पीढा जहा उज्ज्वल बना रहता था, वैसी राज्य-लक्ष्मी को छोड कर आपने इस प्रकार का यह विशिष्ट व्रत क्यो स्वीकार किया, जिसमे इस लोक की कोई लालसा नही है ? आचार्य विजयसेन ने कहा—महाराज ! ससार में वैराग्य का कारण पूछते हो ? यहा वैराग्य का कारण निश्चय ही सुलभ है । सुनो —

नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव-योनि मे भटकते हुए जीवो को जन्म, वृद्धावस्था तथा मृत्यु के भय के सिवाय क्या कुछ सुख है ?

क्या ससार मे कोई ऐसा नारक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देव है, जिसका जन्म और मृत्यु जैसे अशुभ कर्मों से पाला नहीं पडता ?

जाल मे फसे हुए तथा व्याधो — शिकारियो द्वारा मारे जाते हरिण के बच्चो की तरह जन्म और मृत्यु से जकडे हुए प्राणियो को कैसे सुख हो सकता है ?

सब प्राणियो के दुःख मात्र का क्षण भर के लिए भी जो प्रतिकार कर सके, ऐसा सुख जो नही दे सकती, उस लक्ष्मी - सम्पत्ति मे कैसा आग्रह ?

मेरी यहा उत्पत्ति कैसे हुई, मैं यहां से फिर कहा जाऊगा, जो इतना भी सोचता है, वह कौन यहा विरक्त नही होता ?

और भी— महाराज ! महासमुद्र के मध्य मे पडे हुए रत्न की तरह चिन्तामणि जैसा यह मनुष्य-जन्म यहा दुर्लभ है तथा जीवन तीव्र वायु द्वारा परिचालित कुश के अग्रभाग मे लगे जल के विन्दु के समान चचल है। काम-भोग कुपित सापो के भीषण फण समूह के समान हैं। समृद्धि शरद् ऋतु के बादल, स्त्री के कटाक्ष, हाथी के कान तथा बिजली के समान चचल है। जिन्होने शुभ (पुण्यात्मक) तप का आचरण नही किया, उन्हे तिर्यंचो और नारको मे (तिर्यंच गति और नरक गति मे) दारुण—कठोर कर्मफल प्राप्त होता है।

जो भय, रोग, शोक, प्रिय-वियोग जैसे बहुत से दु खो की आग से जल रहा है, जो नटो के तमाशे की तरह (अशाश्वत) है, ऐसे ससार मे किसको धैर्य्य रहे ?

सत्पुरुषो को सदा शाश्वत स्थान (मोक्ष) तथा एकान्त रूप से—निश्चित रूप से उसे प्राप्त कराने वाले, महान् मुनियो द्वारा बतलाये गये उपाय मे यत्न करना उचित है।

महाराज ! इस प्रकार यह ससार ही मेरे वैराग्य का कारण है। तो भी निमित्त यो बना, सुनें—इसी देश मे गान्धार नामक जनपद है। वहा गान्धारपुर नामक नगर है। मैं वहा का निवासी था। सोमवसु पुरोहित का पुत्र विभावसु मेरा मित्र था। वह मानो मेरा दूसरा हृदय था। एक समय वह रोग-पीडित हुआ तथा देवो व असुरो को जीतने वाली मृत्यु ने मेरे देखते देखते उसे पञ्चत्व प्राप्त करा दिया-वह मर गया। तब मैं उसके विरह की अग्नि से जलता हृदय लिये रहता था। उस बीच सयम पूर्वक विहार करते हुए चार साधु वर्षावास के निमित्त वहा आये। वे एक बहुत बडी पहाडी गुफा मे ठहरे, जो नगर से बहुत दूर नही थी। मुझे यह अति प्रिय लगेगा, यह सोच मेरे आदमियो ने मुझे यह बतलाया। मैं शीघ्र ही उन्हे वन्दना करने गया। मैंने वहा साधुओ को स्वाध्याय मे व्यापृत—निरत देखा तथा प्रहृष्ट-प्रत्यन्त प्रसन्न मुख-कमल से मैंने उन्हे वन्दन किया। साधुओ ने 'धर्म (अहिंसा दया का) लाभ' शब्द द्वारा मेरा अभिनन्दन किया। मैंने विहार आदि के सम्बन्ध मे उनसे पूछा। मुनियों ने उपदेश दिया। तब कुछ देर उन मुनियों

सारे वर्षावास मे मासिक उपवास करते रहे । इससे (अन्त प्रेरणावश) मुझे सम्यक्त्व लाभ हुआ । मेरी श्रद्धा बढती गई । मैं प्रतिदिन उनकी सेवा करता रहा । इस प्रकार चार महीने बीत गये । अन्तिम रात मे मुझे चिंता हुई—कल ये महान् तपस्वी चले जायेंगे । तब आधा पहर रात शेष रहने पर मैं उनके दर्शन के लिए नगर से निकला । मैं थोडी दूर गया तो आभास हुआ मानो पृथ्वी कुछ हिली, गान्धार पर्वत गरजा[1] वहा गर्जना हुई, सुगन्धित पवन बहने लगा, आकाश रूपी आगन चमक उठा, "जय-जय" ध्वनि फैलने लगी । तब मैं अत्यन्त हर्षित होता हुआ जल्दी-जल्दी आकर देखता हूँ— गान्धार पर्वत की गुफा के पास तृण आदि साफ किये हुए हैं, भूमि समतल बनाई हुई है, सुगन्धित जल छिडका हुआ है, फूलो से सजावट की हुई है, नीचे (भूमि पर) आये हुए देवता के समूह पूज्य साधुओ की स्तुति करते हैं—अहो ! आपका मनुष्य जन्म सफल हुआ, आपने राग आदि का क्षय कर दिया, कर्म-सेना पराजित करदी, (आप) ससार-रूपी समुद्र को पार कर गये, आपने शाश्वत—सदा स्थिर रहने वाला मोक्ष साध लिया ।

तब मैंने सोचा—निश्चय ही इन्हे केवल-ज्ञान हुआ है । ये जन्म, बुढापा और मौत के दुःख से छूट गये हैं । इसके बाद मैंने देखा—केवल-ज्ञान के प्रभाव से वे पूज्य साधु रत्नमय सिंहासनो पर स्थित हैं, भव-प्रपञ्च से वे उन्मुक्त हैं, उनकी चित्त-वृत्ति अत्यन्त शान्त है, केवल-ज्ञान की आभा से उनके शरीर अतिशय समृद्धि-शोभित हैं, मानो वे (साधु) मूर्तिमान् गुण हो ।

तब मैंने सोचा—नि सन्देह इन्हें सम्पूर्ण केवल-ज्ञान हुआ है । तब मेरी आखे आनन्द के आसुओ से भर गई, विस्मय-आश्चर्य से उत्फुल्ल हो उठी तथा रोमाञ्च से मेरे अग पुलकित हो गये । अत्यन्त शोभन—मनोरम तथा वर्णनातीत अवस्थान्तर का अनुभव करते हुए मैंने पृथ्वी पर अपने घुटने तथा हथेली टेक कर उन्हे वन्दना की और उनके सामने बैठ गया । केवली ने कथा-प्ररूपणा प्रारभ की । देवता तथा मनुष्य अपनी मन-इच्छित बातें पूछने लगे । तब मैंने सोचा—क्या मैं भी भगवान् से पूछू ? तभी मेरे हृदय के लिए काटे के तुल्य (जिसका मरण मेरे हृदय मे काटो की तरह चुभ रहा था) विभावसु मुझे याद आया । मैंने सोचा— मेरा मित्र विभावसु कहा उत्पन्न हुआ, यह पूछू । इस

---

१ केवल ज्ञान उत्पन्न होने के समय यद्यपि पृथ्वी नही हिलती किन्तु देव विमानो के आवागमन एव गर्जना आदि के कारण पृथ्वी हिली, पर्वत गरजा ऐसा आभास हुआ ।

प्रकार विचार कर मैंने भगवान् केवली से पूछा—कुछ समय पूर्व मेरा मित्र मर गया था । वह कहा उत्पन्न हुआ ? इस समय किस अवस्था का अनुभव कर रहा है ? यद्यपि मैंने परमार्थ मोक्ष का मार्ग समझा है, फिर भी मेरे चित्त मे उसके विरह की अग्नि से जो सन्ताप उत्पन्न हुआ है, वह शात क्यो नही होता ?

केवली के कहा—इसी गान्धारपुर नगर मे पुष्यदत्त नामक वस्त्र शोधक-धोबी है । उसके यहा मधुपिंगा नामक पालतू कुतिया है । वह (विभावसु) उसके गर्भ से कुत्ते के रूप मे उत्पन्न हुआ है । वह बहुत कडी रस्सी से बधा हुआ, भूख से परिम्लान मुरझाये शरीर वाला, कपडे धोने के कुण्ड के निकट स्थित, गधे के खुर की चोट से डरा हुआ वह इस समय यही (इसी नगर मे) कठोर दु खपूर्ण अवस्था का अनुभव कर रहा है ।

जन्मान्तर मे (पहले के जन्म में) तुम पुष्करार्द्ध द्वीप के अन्तर्गत भरत क्षेत्र के कुसुमपुर नगर मे निवास करने वाले श्रेष्ठि-पुत्र—सेठ के लडके थे । तुम्हारा नाम कुसुमसार था । यह (विभावसु का जीव जो अभी कुत्ते की योनि मे है) श्रीकान्ता नामक तुम्हारी अत्यन्त प्रिय पत्नी के रूप मे था । उस अभ्यास—सस्कार के कारण उसके वियोग रूपी अग्नि से तुम्हारे चित्त मे उत्पन्न हुआ सन्ताप शात नही होता ।

तब मुझे यह सुन कर बहुत ग्लानि हुई । उसके स्नेह से मेरा मन मोहित था । इसलिए मैंने उसे छुडाने के लिए अपने आदमियो को पुष्यदत्त धोबी के यहा यह कर कर भेजा कि शीघ्र छुडा कर उसे खाना और पानी दो तथा उसे लेकर यहा आओ । तब वे पुरुष गये, मेरी आज्ञा का शीघ्र पालन किया तथा उसे लेकर मेरी ओर आये । वह (कुत्ता) धीरे-धीरे चलता हुआ जब बहुत दूर नहीं था तो मैंने देखा, उसके बालो मे सैकडों पिस्सू पडे थे, कीडो (के समूह) द्वारा काटे जाने से (शरीर पर) घाव बने थे, उसका शरीर बहुत क्षीण था, सांस लेते समय हिलती हुई उसकी जीभ विकराल लगती थी, उसके सफेद दांत चमकते थे । उसे उस दशा मे देख मेरे मन मे बहुत विरक्ति हुई ।

मैंने सोचा—ससार-वास कितना कष्टकर है । यहां जीवो के प्रेम-विलसित—प्रेमासक्त कार्यों का ऐसा अन्त होता है । इसके बाद वे पुरुष उस (कुत्ते) को साथ लिये मेरे पास पहुंचे । उन्होंने निवेदन किया—राजन् ! वह कुत्ता यह है । मुझे देख कर वह अपनी लम्बी पूछ हिलाने लगा, उसकी आंखें आसुओ से भर गई, वह गर्दन ऊंची

किये सिर हिलाने लगा । इस प्रकार एक वर्णनातीत अवस्था (स्थिति) प्राप्त कर वह भोकने लगा ।

तव मैंने केवली से पूछा भगवन् ! यह क्या बात है ? उन्होने कहा— यह पूर्वजन्म के सस्कार से होने वाला प्रेम है जिसका अन्त बडी कठिनाई से होता है । मैंने पूछा—भगवन् ! क्या यह मुझे पहचानता है ? भगवान् ने कहा - विशेषत नही, सामान्यत (पहचानता है) । ससार का स्वभाव ऐसा ही है । जन्मान्तर मे अभ्यस्त - सस्कारगत भावना यदि भोग मे न आए तो वह कुछ समय के लिए पीछे चलती है, चालू रहती है । तब मैंने कहा— यह किस कर्म का विपाकफल है ? भगवान् ने कहा—जाति के अहकार और मान से बन्धने वाले कर्म का । मैंने पूछा—भगवन् ! इसने क्या मान किया था ?

भगवान् ने कहा—सुनो, इससे पूर्व के जन्म की घटना है, यहा मदन-महोत्सव प्रारम्भ हुआ । विचित्र वेष बनाये नगर की गान-मडलिया निकलने लगी । वह युवाजनो के समूह से घिरा हुआ बहुत लोगो द्वारा प्रशसनीय वासन्ती क्रीडा का अनुभव कर रहा था— आनन्द ले रहा था । उसने अपने पास से निकलती धोबियो की गान-मण्डली को देखा । उसे देख अज्ञान के दोष के कारण जाति, कुल आदि के गर्व से "यह नीचो की मण्डली हमारी मण्डली के पास से कैसे निकल रही है, यो धोबियो को दुतकारा । उस मण्डली का मुखिया जान पुष्यदत्त की बहुत भर्त्सना की । उसका शरीर बाधकर उसे बन्दीगृह मे डलवा दिया । इस बीच उसने गुरु-अत्यन्त तीव्र मान के परिणामो मे वर्तते हुए आगे के भव (जन्म) का आयुष्य बाधा । मदन महोत्सव के समाप्त हो जाने पर नगर के लोगो ने पुष्यदत्त को छुडवाया । उन कर्मो के परिणाम के कारण वह मरकर यहा उत्पन्न हुआ ।

तब मैंने विचार किया—कर्म बाधने का निदान कारण थोडे से सुखवाला होता है, कर्म बाधते समय थोडा सा सुख होता है पर उसका परिणाम बडा दु खप्रद होता है । ससार-वास—सासारिक जीवन को धिक्कार है । इसलिए भगवान् से पूछू — इस निदान का पर्यवसान अन्त कैसे होगा ? क्या यह (जीव) भव्य है या अभव्य (मोक्ष पाने योग्य है या नही है) ? क्या यह सिद्धि-मुक्ति प्राप्त करने वाला है या नही है ? इसे सम्यक्त्व रूप (मोक्ष का) बीज प्राप्त है या नहीं ? यो सोचकर मैंने पूछा।

तब भगवान् ने कहा—इस निदान (कर्म बन्ध) का जिस प्रकार अन्त होगा, वह सुनो। कुत्ते के भव मे अपना आयुष्य पूरा कर यह इसी पुष्यदत्त के घर मे उत्पन्न हुई घोरघटिका नामक गधी के गर्भ म गधे के रूप मे उत्पन्न होगा। वह पुष्यदत्त के मन को अप्रिय लगने वाला होगा। उसकी शरीर-वृत्ति- जीवन-निर्वाह बडे कष्ट से चलेगा। भारी बोझ ढोते रहने से उसका शरीर परिखिन्न—दु खी रहेगा। अपने आयुष्य काल तक वहा रहकर, फिर मरकर पुष्यदत्त के मित्र मातृदत्त नामक चाण्डाल की अनधिका नामक पत्नी के गर्भ से नपु सक के रूप मे वह उत्पन्न होगा। वहा जन्मा हुआ वह कुरूपता तथा दुर्भाग्य के कलक से दूषित, विषय--भोग-सुख का अजान कुछ काल तक नपु सक के रूप मे जीकर एक सिह द्वारा मारा जायेगा और उस शरीर को छोडकर उसी चाण्डालिनी की कोख से लडकी के रूप मे उत्पन्न होगा। वहा जन्म लेकर बचपन के प्रारम्भ मे ही वह लडकी एक साप द्वारा डसी जायेगी और पुष्यदत्त की दत्तिका नामक गर्भदासी--प्रसूति का काय करने वाली नौकरानी के कोख से वह जीव नपु सक के रूप मे उत्पन्न होगा। वह जन्मान्ध, नाटा और कुबडा होगा। सब लोगो द्वारा वह तिरस्कृत होता रहेगा। इस प्रकार कुछ समय वह नपु सक-अवस्था में बितायेगा। एक दिन नगर मे आग लगेगी, जिसमे जलकर उसका शरीर राख हो जायेगा। वह मरकर उसी गर्भ-दासी की कोख से एक लडकी के रूप मे उत्पन्न होगा। वह लडकी लगडी होगी। इसी नगर मे राजमार्ग मे चलती हुई वह एक बिगडे हुए मस्त हाथी द्वारा मार डाली जायेगी। तब वह इसी पुष्यदत्त की कालाञ्जनिका नामक पत्नी के गर्भ से लडकी के रूप मे उत्पन्न होगी। वह क्रमश युवती होगी। पुष्यदत्त पुष्यरक्षित नामक एक अत्यन्त दरिद्र व्यक्ति से उसका विवाह कर देगा। वह गर्भवती होगी। प्रसव के समय अत्यधिक वेदना से पीडित होती हुई वह मरकर अपनी मा के गर्भ से पुत्र रूप म उत्पन्न होगी। बचपन मे ही गान्धार नदी के तट पर खेलते हुए उसे पुष्यदत्त का किरात नामक शत्रु "यह मेरे शत्रु का पुत्र है", यो सोच पकड लेगा, उसकी गर्दन मे एक भारी शिला बाधकर उसे एक बडी झील मे फेंक देगा। इस कर्म-बन्ध का यो पर्यवसान-अन्त होगा।

यह भव्य है, मोक्षगामी है। इसे अबतक सम्यक्त्व प्राप्त नही है।

तब मैंने पूछा—भगवन्! जल मे मर जाने के बाद यह कहा

उत्पन्न होगा ? उसे बीज—मुक्ति का मूल कारण सम्यक्त्व कब प्राप्त होगा, मोक्ष कब प्राप्त होगा ? भगवान् ने कहा सुनो, जल मे मर जाने के पश्चात् वह वानव्यन्तर देवो मे उत्पन्न होगा । तब उसी जन्म मे वह आनन्द तीर्थंकर के पास सम्यक्त्व प्राप्त करेगा, जो शाश्वत सुख मोक्षसुख रूपी कल्प वृक्ष का एक मात्र बीज है । यो चारो गतियो मे सख्येय जन्म बीतने के पश्चात् इसी गान्धार जनपद मे राजा होगा, अमर तेज विद्याधर नामक श्रमणाधिपति के पास दीक्षित होगा, केवल-ज्ञान प्राप्त करेगा तथा मुक्तिगामी होगा ।

यह सुनकर मैं धर्म की ओर विशेष आकृष्ट हुआ । ससार रूपी बन्दीगृह से मेरी बुद्धि हट गई । तब माता-पिता को मनाकर उनसे अनुज्ञा लेकर, जो करणीय करने योग्य था, उसे यथोचित रूप मे करके मैं स्वनामधन्य-भगवान् इन्द्रदत्त-गणनायक के समीप निष्क्रान्त-दीक्षित हुआ । इस प्रकार मेरे वैराग्य का कारण यह है ।

गुणसेन ने कहा—भगवन् । आप कृतार्थ हैं । वैराग्य का यह सुन्दर कारण है । जैसाकि आपने कहा था—

शाश्वत स्थान-मोक्ष तथा उसे निश्चित् रूप मे प्राप्त करने वाले, परम महान् मुनियो द्वारा कहे गये उपाय को साधने मे सत्पुरुषो को प्रयत्न करना उचित है ।

(कृपया बतलाए) वह शाश्वत स्थान और उसका साधक उपाय क्या है ? विजयसेन ने कहा—शाश्वत स्थान वह है, जहा आठ प्रकार के कर्मो के कलक से छूटे हुए, जन्म, वृद्धावस्था, मृत्यु, रोग तथा शोक से रहित, अनुपम ज्ञान, दर्शन व सुख के भागी जीव अत्यन्त विस्तीर्ण तथा दीर्घ अनन्त काल तक रहते हैं । समस्त अतिशयो के समुद्र, तीनो लोको के बन्धु, देवताओ तथा असुरो द्वारा पूजित सर्वज्ञो ने उस परमपद मोक्ष-स्थान को चवदह रज्जु प्रमाण ऊचे उठे हुए इस त्रैन लोक के चूडामणि भूत-सर्वोच्च भाग पर सस्थित बताया है । उसका साधक-प्राप्त करने वाला उपाय सम्यक्त्व, ज्ञान तथा चारित्र्य मूलक प्रतिपादित किया गया है, बतलाया गया है । उसकी गृहस्थ-धर्म तथा साधु धर्म के रूप मे व्यवस्था की गई है । वहा गृहस्थ-धर्म बारह प्रकार का है, जैसे पाच अणुव्रत, तीन गुणव्रत तथा चार शिक्षाव्रत । साधु-धर्म दश प्रकार का है—क्षमाशीलता, मृदुता, ऋजुता सरलता, मुक्ति-लौकिक भार से मुक्तता-सन्तोष या निर्लोभता, तप, सयम, सत्य, शौच-

पवित्रता, अकिञ्चनता अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य ।

इन दोनो प्रकार के धर्मों की मूल वस्तु-मूल आधार सम्यक्त्व है । अनादि-कर्म परम्परा से वेष्टित घिरे हुए व्यक्ति के लिए वह दुलभ है । वह कर्म आठ प्रकार का है ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयुष्य, नाम, गोत्र तथा अन्तराय, मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति असत् से विरत न होना, प्रमाद, कषाय तथा योग मानसिक, वाचिक कायिक प्रवृत्ति इसके कारण हैं । परिणाम विशेष द्वारा सञ्चित इसरी स्थिति दो प्रकार की कही गई है, जैसे—उत्कृष्ट तथा जघन्य । तीव्र अशुभ परिणामो द्वारा उत्पन्न होने वाले ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय व अन्तराय की तीस-तीस कोडाकोड सागर, मोहनीय की सत्तर कोडाकोड सागर, नाम व गोत्र की बीस बीस कोडाकोड सागर तथा आयुष्य की तेंतीस सागर उत्कृष्ट स्थिति है । तथा विध उस प्रकार के परिणामो से सचित वेदनीय की बारह मुहूर्त, नाम व गोत्र की आठ-आठ मुहूर्त तथा शेष की अन्तर्मुहूर्त जघन्य स्थिति है ।

यो स्थित कर्म की यथाप्रवृत्तकरण-द्वारा घर्षण-घूर्णन से कभी एक कोडाकोड सागर को छोडकर शेष (स्थितिया) क्षपित हो जाती हैं । उनमे से कुछ और क्षपित हो जाती हैं । तब गाढ राग व द्वेषमय परिणाम से युक्त, ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय एव अन्तराय से सर्वाक्षित तथा मोहनीय से निर्ववर्तित--निष्पन्न निर्मित अत्यन्त दुर्भेद्य कर्म-ग्रन्थि रह जाती है । कहा है—

जीव के कर्मों से उत्पन्न, गाढ राग व द्वेषपूर्ण परिणामो से युक्त, कर्कश-कठोर, सघन, घुली हुई और गूढ—गहरी गाठ की तरह अत्यन्त दुर्भेद्य कठिनाई से भेदने योग्य-कर्म-ग्रन्थि-होती है ।

ऐसी स्थिति मे कई ऐसे जीव हैं, जो उसका भेदन कर देते हैं, कई ऐसे है, जो भेदन नही कर पाते । वहा जो भेदन करते हैं, वे अपूर्व-करण द्वारा ऐसा करते हैं । उसका भेदन हो जाने पर जीव अनिवृत्तिकरण-द्वारा सम्यक्त्व को प्राप्त करता है, जो कर्म-वन के लिए दावाग्नि के एक भाग की तरह है, जो मोक्ष-सुख का निरुपहत-अपहत या बाधित नही होने वाला बीज है ससार रूपी [illegible] मे

जो सक्षम है, चिन्तामणि रत्न [illegible] ने कीरा [illegible]

सागर मे जो प्रमाणपूर्ण है—पर्ण [illegible] हो सार

दर्शन-मोहनीय कर्म के अनुवेदन [illegible] क्षय से

प्रशम, सवेग, निर्वेद तथा अनुकम्पा जिसका चिंतन (बाह्य अभिव्यक्ति) है आत्मा की स्वाभाविक परिणति जिसका रूप है । उस (सम्यक्त्व) के प्राप्त होने के साथ साथ उसे (साधक को) मति और श्रुत ये दो ज्ञान हो जाते हैं । ऐसा होने पर वह जीव अत्यधिक कर्म-मल से मुक्त आत्म-स्वरूप का सन्निकटवर्ती, प्रशम, शाति सवेग मोक्षाभिलाषा निर्वेद वैराग्य तथा अनुकम्पा दया मे तत्पर और सर्वज्ञो के वचनो मे अभिरुचिशील हो जाता है । कहा है -

वह आत्म-परिणाम रूप सम्यक्त्व उपशम आदि उपायो तथा बाह्य प्रशस्त योगो द्वारा लक्षित होता है ।

•ऐसी स्थिति मे जीव के शुभ परिणाम बरतते है-यह जानने योग्य है । क्या ससार मे मैल रूपी कलक से उन्मुक्त स्वर्ण कभी-काला होगा ?•

यह कर्मो की प्रकृति है, अशुभ का परिणाम है, यह जानकर व्यक्ति उपशम-शातभाव के कारण अपराध करने वाले पर भी कभी क्रोध नही करता ।

सवेग से व्यक्ति नरेन्द्र और देवेन्द्र के सुख को भी दु ख रूप मानता हुआ मोक्ष के अतिरिक्त और कुछ नही चाहता ।

निर्वेद की अपेक्षा से वह ममत्व रूपी विष का वेग नही होने पर भी नारक, तिर्यंच, मनुष्य और देवयोनि मे दु ख ही है, (ऐसा विचार कर) जीव परलोक का मार्ग नही बनाता-ससार (आवगमन) नही बढाता।

भयानक ससार-सागर मे प्राणियो के समूह को दु ख से पीडित देखकर वह अपने सामर्थ्य के अनुसार बिना किसी भेद भाव के दो प्रकार की स्व तथा पर रूप अनुकम्पा करता है ।

वह शुभ परिणामो से युक्त तथा काड्क्षा-इच्छा-लालसा आदि विस्रोतिका-विपरीत मार्ग से रहित होता हुआ उसे सत्य एव नि शका-शका या स देहशून्य मानता है, जो वीतरागो (जिनेश्वरो) द्वारा प्रज्ञप्त-प्ररूपित है ।

जिनेश्वरो ने सम्यक्दृष्टि को ऐसे परिणामो वाला बतलाया है । वह थोडे ही समय मे ससार-समुद्र को लाघ जाता है ।

तब उस स्थिति मे से भी कुछ दो से नौ के बीच पल्योपम के क्षीण होने पर वह परमार्थ शुभतर परिणामयुक्त देश-विरति (आशिक

त्याग) प्राप्त स्वीकार करता है। जैसे—स्थूल-प्राणातिपात-विरमण, स्थूल-मृषावाद-विरमण, स्थूल-अदत्तादान-विरमण, परस्त्री-गमन-विरमण या स्वदार-सन्तोष तथा अपरिमित-परिग्रह विरमण।

वह इस प्रकार देश-विरति (आंशिक त्याग) के परिणामों से युक्त होकर, अणुव्रतों को स्वीकार कर, भावत अपने परिणामों को स्थिर रखता हुआ इन अतिचारों का आचरण नहीं करता जैसे—

किसी को बांधना, पीटना, किसी का अंग-छेद करना, अधिक भार लादना, खाद्य-पेय का विच्छेद करना, विना विचारे झट से बोल देना, किसी की रहस्यभूत-गुप्त बात प्रकट कर देना, अपनी पत्नी की गुप्त बात बता देना, असत्य का उपदेश करना, झूठा लेख लिखना, चोर द्वारा चुराई वस्तु लेना, चोरी करवाना, विरुद्ध-निषिद्ध राज्य का अतिक्रमण करना, कूट तोल-कूट माप करना, तत्प्रतिरूपक-विपरीत व्यवहार वस्तु मे भेल-सभेल करना या असली के बदले नकली देना, (कुछ समय के लिए) रखैल वेश्या के साथ काम-सेवन करना, जो रखैल न हो, ऐसी वेश्या के साथ काम सेवन करना, अनंग-क्रीडा करना दूसरों के विवाह कराना काम-भोग की तीव्र अभिलाषा करना, कृषि भूमि व घर के परिमाण का अतिक्रमण, चांदी-सोने के परिमाण का अतिक्रमण, धन-धान्य के परिमाण का अतिक्रमण, द्विपद-दो पैरों वाले तथा चतुष्पद-चार पैरों वाले प्राणियों के परिमाण का अतिक्रमण, कुप्य-सोने-चांदी के अतिरिक्त अन्य धातुओं व मिट्टी आदि के बने गृहोपकरण के परिमाण का अतिक्रमण तथा संसार-समुद्र मे परिभ्रमण के हेतुभूत और भी इस तरह के आचरण—(वह धार्मिक व्यक्ति) अपने परिणामों को शुभ रखता हुआ नहीं करता।

तब (उसके बाद) वह इस प्रकार उत्तर गुण स्वीकार करता है—

ऊर्ध्वदिक् गुणव्रत, अधोदिक्-गुणव्रत, तिर्यक् दिक्-गुणव्रत, भोगोपभोग-परिमाणात्मक गुणव्रत, उपभोग परिभोग के हेतुभूत कूर्म कर्म आदि का परिवर्जन, अपध्यानाचरित-अनिष्ट चिंतन, प्रमादाचरित-प्रमाद-पूर्ण आचरण हिंसा-प्रदान-हिंसक सामग्री देना या हिंसा का उपदेश देना, पाप-कर्म का उपदेश देना—एतन्मूलक अनर्थ-दण्ड विरति गुणव्रत तथा सावद्य-सपाप योग-प्रवृत्ति का परिवर्जन-परित्याग व निरवद्य-पाप रहित योग का परिसेवा रूप शिक्षा व्रत, दिक्-व्रत मे गृहीत-स्वीकृत दिशा सम्बन्धी परिमाण का प्रतिदिन (विशेष रूप से) परिमाण करना

एतद्रूप देशावकाशिक शिक्षाव्रत, आहार व शरीर-सत्कार-शारीरिक सज्जा अनुकूलता आदि का त्याग, ब्रह्मचर्य का पालन, अव्यापार प्रवृत्तियो का त्याग-एतद्रूप पोषध शिक्षाव्रत-न्याय से अर्जित, कल्पनीय-लेने योग्य, शुद्ध आहार, जल आदि पदार्थ देश, काल, श्रद्धा एव सत्कारपूर्वक अत्यन्त भक्ति से आत्मानुग्रह का उद्देश्य लिये सयतो को देना-इस प्रकार का अतिथि-सविभाग-शिक्षाव्रत ।

इस तरह शुभ परिणाम वाला गुणव्रत और शिक्षा व्रत स्वीकार कर भावपूर्वक अपने परिणामो-मे स्थिर रहता हुआ इन अतिचारो का सेवन नही करता—जैसे ऊर्ध्व दिशा के परिमाण का अतिक्रम, अधो दिशा के परिमाण का अतिक्रम, तिरछी दिशा के परिमाण का अतिक्रम, क्षेत्र की वृद्धि-स्मृति का अन्तर (भूल जाना)' सचित्त का आहार, सचित्त-प्रतिबद्ध-सचित्त युक्त का आहार, अपक्व (कच्ची) औषधि का भक्षण, दुष्पक्व (यथार्थ रूप मे न पकी हुई) औषधि का भक्षण, तुच्छ नि सार अग्राह्य औषधि का भक्षण, अगारो का काम (कोयले बनाने का काम) वन का काम, (वन की लकडी आदि कटवाने का व्यापार) गाडी का काम, भाडे का काम, पत्थर आदि फोडने का काम, (हाथी आदि के) दात का व्यापार, केश का व्यापार, रस का व्यापार, विष का व्यापार, यन्त्र से पेरने का काम, अग छेदने का काम, वन आदि जलाना, कुलटाओ का पोषण, सरोवर, झील व तालाब सुखाना, काम-विकार, कुचेष्टा, वाचालता, अधिकरण-शस्त्र का सयोजन, उपभोग-परिभोग का अतिरेक, मन द्वारा दुश्चिन्तन, वचन का दुष्प्रयोग, शरीर का दुष्प्रयोग, सामायिक की सार-सम्हाल न करना, सामायिक अनवस्थित रूप में (अजागरूकता से) करना, आनयन-प्रयोग-मर्यादित क्षेत्र से बाहर की वस्तु मगवाना प्रेषण-प्रयोग-मर्यादित क्षेत्र से बाहर वस्तु भेजना, शब्द द्वारा अनुपात-भाव-प्रदर्शन, रूप द्वारा अनुपात-आकृति द्वारा भाव-प्रदर्शन, बाह्य पुद्गल प्रक्षेपण किसी वस्तु को फेंक कर भाव प्रदर्शित करना, शय्या व सस्तारक का प्रतिलेखन न कर या दुष्प्रतिलेखन-अयथावत् प्रति लेखन कर सेवन करना, शय्या व सस्तारक का प्रमार्जन न कर या दुष्प्रमार्जन—अयथावत् प्रमाजन कर सेवन करना, प्रतिलेखन न कर या दुष्प्रतिलेखन कर मल-मूत्र का विसर्जन करना प्रमार्जन न कर या दुष्प्रमार्जन कर मल-मूत्र का विसर्जन करना, पोषधोपवास का सम्यक्—विधिवत् अनुपालन न करना, सचित्त वस्तु का निक्षेप सचित्त वस्तु अचित्त पर रखना, सचित्त वस्तु द्वारा पिधान-सचित्त वस्तु द्वारा अचित्त

वस्तु को ढकना, काल का अतिक्रम-उल्लघन करना, पर व्यपदेश-अपनी वस्तु किसी दूसरे को देना या दूसरे की बताना, मत्सर भाव से देना। इस प्रकार के और भी गुणव्रतो एव शिक्षाव्रतो के अतिचारो का (वह) आचरण नही करता। तब वह इसके अनुरूप कल्प-विधिक्रम से आचरण करता हुआ अपनी कर्म-स्थिति के परिणाम के अनुसार उसी जन्म मे या अनेक जन्मो मे सख्येय सागरोपम काल को क्षपित कर सर्वविरति मूलक, क्षमा-मार्दव-आर्जव-मुक्ति-तप-सयम-सत्य-शौच-आकिञ्चन्य ब्रह्मचर्य रूप यति-धर्म (श्रमण-धर्म) को प्राप्त करता है। कहा है—

सम्यक्त्व प्राप्त होने पर दो से नौ पल्योपम के बीच श्रावक होता है। फिर (सम्पूर्ण) चारित्र्य, उपशम-श्रेणी एव क्षपक श्रेणी प्राप्त करने मे कई सागरोपम लग जाते है। इस प्रकार सम्यक्त्व अप्रतिपाति अपतनशील-स्थिर रहे तो वह (अनेक) देव-मनुष्य जन्मो में अथवा उपशम-श्रेणी को छोड क्षपक-श्रेणी पर आरूढ हो तो एक ही भव मे सब कुछ साध लेता है।

तब क्षपक-श्रेणी के परिसमाप्त होने पर (वह) शाश्वत, अनन्त, श्रेष्ठ केवल ज्ञान तथा केवल-दर्शन प्राप्त करता है। तब क्रमश शेष रहे भवोपग्राही कर्माशो को क्षपित कर, सब कर्मों से विप्रमुक्त होकर-सर्वथा छुटकारा पाकर शाश्वत स्थिरता-मोक्ष प्राप्त कर लेता है।

गुरु के वचन सुनने से उत्पन्न शुभ परिणाम रूपी अग्नि से जिसका बहुत सा कर्म रूपी ईधन जल गया था, उस गुणसेन ने इस बीच भावना से सम्यक्त्व अणुव्रत, गुणव्रत और शिक्षाव्रत रूप गुण स्थान-पञ्चम गुणस्थान प्राप्त कर कहा-भगवन्! मैं धन्य हूँ, मैंने पाप रूपी मैल का प्रक्षालन करने वाला-धोने वाला, राग आदि के विष को मिटाने वाला, प्रशम आदि गुणो को उत्पन्न करने वाला, ससार रूपी कारागृह से निकालने वाला आपका वचन सुना। अब आज्ञा कीजिए, जो मुझे करना चाहिये। अथवा आपने आज्ञा दे ही दी है। अत मुझे गृहस्थ-धर्म के सारभूत, गुणो के आधारभूत अणुव्रत आदि स्वीकार कराए। गुरु ने कहा—तुम जैसे भव्य प्राणियो के लिए यह कृत्य-करने योग्य है। यो उन्होने उसे विधिपूर्वक अणुव्रत स्वीकार [illegible] तथा बहुत प्रकार से उसे उपदेश दिया। तत्पश्चात् [illegible] गुरु को वन्दन कर परिवार सहित [illegible] प्रविष्ट [illegible] समाप्त कर, जब दिन लगभग [illegible] था, वह

उसने देव तथा गुरु को वन्दन किया। गुरु ने समयोचित उपदेश दिया। तब कुछ समय उनकी विधिवत् पर्युपासना कर सान्निध्य-लाभ कर वह फिर नगर मे आ गया। इस प्रकार दोनो समय गुरु के दर्शन और उनके वचन-श्रवण का सुख अनुभव करते हुए एक महीना बीत गया। वह धर्म मे परिपक्व हो गया। प्रवास की कल्प-विहित अवधि के समाप्त होने पर भगवान् विजयसेनाचार्य अन्यत्र विहार कर गये।

तब कुछ दिन व्यतीत हुए। राजा गुणसेन महल की छत पर बैठा था। उसने एक मृतक को श्मशान ले जाते समय बजाये जा रहे ढोल की ध्वनि, जिसके साथ 'हाय हाय' की आवाजे मिली हुई थी, सुनी। वह ध्वनि ऐसी थी, मानो यमराज के कूच का ढोल बज रहा हो, ससार रूपी राक्षस का अट्टहास हो, जीव-लोक का प्रमादाचरित-प्रमादपूर्ण आचरण हो। उसने देखा, वह (मृत व्यक्ति) यमराज का वशवर्ती हो गया है, चार पुरुषो ने उसके शरीर को उठा रखा है विलपते वन्धुवर्ग ने उसे (शव को) घेर रखा है। राजा गुणसेन के मन मे अत्यन्त विरक्त भाव उत्पन्न हुआ। इस जीव-लोक को इन्द्रजाल के सदृश जानकर वह (गुणसेन), जिसका धर्म-ध्यान रूपी जल मे पाप-लेप धुल चुका था, सोचने लगा, हम भी इसी प्रकार मरणधर्मा हैं। अहो! अन्तत जिसमे कोई रस (आनन्द) नही है, ऐसे (परिणाम-निरस) जीव-लोक मे वे धन्य हैं, जो तीनो लोको मे वन्धु के समान, अचिन्त्य (कल्पनातीत) जो सोचा तक न जा सके, इतने बहुमूल्य चिन्तामणि रत्न के समान, परम ऋषि-महान् द्रष्टा सर्वज्ञो द्वारा उपदिष्ट धर्म मे अनुरक्त होते हुए गृहवास से मुनि-धर्म मे दीक्षित होते है। तब प्राण-वध हिंसा, मृषावाद, असत्य-भाषण, अदत्तादान-चोरी, मैथुन और परिग्रह से विरत होते हुए, बयालीस एषणा-दोषो से रहित, शुद्ध आहार ग्रहण करते हुए, सयोजन आदि पाच दोष रहित परिमित, यथाकाल भोजन करते हुए, पाच समितियो और तीन गुप्तियो का प्रतिपालन करते हुए, अतिचार रहित व्रत पालने के लिये ईर्या समिति आदि पच्चीस भावनाओ से भावित होते हुए अनशन, ऊनोदरी आदि बाह्य तथा प्रायश्चित्त विनय आदि आभ्यन्तर तपो का आचरण करते हुए, मासिक आदि अनेक प्रतिमाओ को धारण करते हुए, विविध प्रकार के पदार्थों के अभिग्रह मे रत होते हुए, अस्नान व लुञ्चन जैसी दुर्धर-कठोर वृत्तियो का निर्वाह करते हुए, शरीर का कोई साज-शृगार न करते हुए, तृण, मणि, मोती, ढेले और सोने को समान समझते हुए, अधिक क्या कहा

जाए, अठारह हजार शीलागो को धारण करते हुए, उपमातीत-अनुपम, देवो द्वारा प्रशसित प्रशम-अध्यात्म शान्ति रूप सुख प्राप्त करते हुए सैकडो ग्राम, आकर, नगर, पत्तन, मडम्ब, द्रोणमुख, सन्निवेश (उस समय के विविध प्रकार के नगर, उपनगर, ग्राम, ग्रामटिका, आवास आदि) स्थानीय इकाइयो से सकुल-व्याप्त पृथ्वी पर विहार करते हुए, मिथ्यात्वरूपी कीचड मे डूबे हुए-फसे हुए, भव्यजन रूपी कमलो को सद्धर्मोपदेश रूपी सूर्योदय द्वारा प्रतिबोधित करते हुए, उग्र तप-आचरण से जिनका शरीर अलकृत सुशोभित है, (ऐसे साधक) वीतराग द्वारा उपदिष्ट मार्ग-विधि से यथासमय पादोपगमन अनशनपूर्वक देह का परित्याग करते हैं । तब मैं भी इसी विधि से देह का परित्याग करूगा । मुझे वे भगवान् विजयसेनाचार्य प्राप्त हुए हैं, लाखो जन्मो मे भी जिनका मिलना दुर्लभ है, समग्र-लोक-अलोक के लिए जो सूर्य जैसे हैं, शाश्वत सुख प्रदान करने मे जो कल्पवृक्ष हैं, समस्त त्रैलोक्य मे तीनो लोकों मे जो अनुपम चिन्तामणि रत्न के समान है, भयानक ससार रूपी समुद्र मे जो जहाज के तुल्य हैं, तथा जो धर्म रूपी रथ के सारथि-हाकने वाले हैं । अत मैं उनके पास धीर पुरुषो द्वारा सेवित, कर्म रूपी वन के लिए दावानल के समान महाप्रव्रज्या स्वीकार करूगा । यह सोच-कर उसने सुबुद्धि आदि मन्त्रियो को बुलाया और उन्हें अपना अभिप्राय कहा । तब मन्त्री, जो राजा के ससर्ग से वीतराग-उपदेश का सार जानते थे, कहने लगे—देव (आप) ने महापुरुषो के स्वभाव के अनुरूप सोचा है । तीव्र पवन द्वारा विचलित कमल-जल के मध्य मे स्थित चन्द्र के प्रतिबिम्ब की तरह चञ्चल इस जीव-लोक मे भव्य प्राणियो को ऐसा ही करना चाहिए । इसीलिए आप प्रतिबन्ध-रुकावट न मानें, जिस प्रकार आपको सुविधा हो, करें । और भी राजन् ! वह कौन होगा, जो किसी का सुहृद-हितैषी मित्र होकर धधकती हुई आग की लपटो से परिव्याप्त घर से निकलते हुए उसे रोके ? ससार रूपी घर सर्व-दुख रूपी अग्नि से प्रदीप्त है । इसलिए आपका यह सकल्प हमारे लिए बहुमान्य है । हम अपने बुद्धि-कौशल से आपका मरण रोकने मे असमर्थ हैं । तब राजा ने यह सुनकर कहा कि (वास्तव मे) ऐसा ही है । आप लोगो को छोड़कर मेरा दूसरा कौन हितैषी है, यो कहते हुए उस (राजा) ने उनका बहुत सम्मानपूर्वक अभिनन्दन किया । राजा का मुख-कमल प्रसन्नता से खिल उठा । उसने आघोषणापूर्वक महादान-वृहत् (अत्यधिक) दान दिलाया, जिन-भवन आदि मे अपनी भक्ति

और वैभव-सम्पत्ति के अनुरूप अष्टाह्निका-आठ दिनो तक चलने वाली महिमा-प्रभावना करवाई, प्रियजनो को सम्मानित किया, नगर व जनपद वासियो को बहुमानित किया, चन्द्रसेन नामक अपने ज्येष्ठ पुत्र को राज्य सौपा और भाव से प्रव्रज्या-दीक्षा स्वीकार करली । "मैं कल ही वहा जाऊगा जहा भगवान् विजयसेनाचार्य हैं," यो सोचकर वह एकान्त स्थान मे सर्वरात्रिक प्रतिमा मे स्थित हुआ ।

इधर अग्निशर्मा तापस उस निदान से प्रतिक्रान्त न होता हुआ मर कर विद्युत्कुमारो मे डेढ पल्योपम स्थिति वाला देव हुआ । उसने उपयोग लगाया—जानने का उपक्रम किया—मैंने क्या हवन किया है अथवा यज्ञ किया है अथवा दान दिया है, जिससे मुझे यह दिव्य-श्रेष्ठ दैवी ऋद्धि-सम्पदा प्राप्त हुई । पूर्व जन्म का वृत्तान्त उसकी स्मृति मे आया, वह गुणसेन पर कुपित हो उठा । विभग-अज्ञान (मिथ्यात्व गर्भित अतएव कुत्सित अवधि-ज्ञान) से जानकर वह उस (गुणसेन) के पास आया । उसने उसे (गुणसेन को) प्रतिमा (एक विशेष साधना-क्रम) मे स्थित देखा ।

उस देव का हृदय क्रोध से मूढ-कर्तव्य-अकर्तव्य के विवेक से शून्य बना था । उसने प्रतिमा मे स्थित गुणसेन पर नारकीय अग्नि की धधकती हुई लपटो से युक्त-अत्यन्त तप्त धूल की भयानक वर्षा की ।

वह (गुणसेन) उससे दग्ध होने लगा पर उसमे आकुलता नहीं व्यापी । वह अत्यधिक आत्म-बल-धैर्य सजोये रहा । उसका मन वीतराग-प्रणीत-जिन-प्रतिपादित धर्म से अनुभावित था । वह सोचने लगा—

यह ससार शारीरिक व मानसिक दु खो से अभिद्रुत-आक्रान्त है । यहा दु ख सुलभ है—सहज ही प्राप्त होता है पर सच्चे धर्म की प्राप्ति दुर्लभ है ।

मै धन्य हूँ, जिसने इस अनादि-अनन्त ससार मे लाखो जन्मो मैं भी दुर्लभ धर्म रूपी रत्न को उपलब्ध किया ।

इसका सदा प्रयत्नपूर्वक पालन करने से जीव इसके प्रभाव से जन्मान्तर मे दु ख एव दुर्गति नही पाते ।

इसलिए इस अनादि ससार मे मेरा यह जन्म अनाचरण-असद् आचरण रूप दोष से परिहीन-रहित होने से सफल तथा सद्धर्म के लाभ से गौरवशील है ।

जो मैंने अग्निशर्मा को तिरस्कार द्वारा क्रोध उत्पन्न करवाया, वह मेरे हृदय को कुरेद रहा है। किया हुआ अकार्य बाद मे परितप्त करता ही है।

अब में वीतराग के वचन से सभी जीवो के प्रति मैत्री-भाव स्वीकार किये हुए हूँ, विशेषत अग्निशर्मा के प्रति।

यो वह शुभ परिणाम वाला (गुणसेन) उस पापी (अग्निशर्मा के देव रूप मे उत्पन्न जीव) द्वारा पीडित होकर, मरकर सौधर्म कल्प मे देव रूप मे उत्पन्न हुआ।

वह चन्द्रानन विमान मे एक सागरोपम आयु वाला देव हुआ। यहा (प्रासगिक रूप मे) देवताओ के उत्पन्न होने की विधि का सक्षेप मे वर्णन करूंगा (कर रहा हू)।

परम्परा से-प्रवाह रूप मे जैसे वे (देव) उत्पन्न होते ह, वैसे ही उनको अपने अनुरूप अप्सराए आदि परिजन प्राप्त होते हैं। वे (अप्सराए आदि परिजन) उस उत्पन्न होने वाले देव के लिए करणीय करने योग्य सब निर्वर्तित-निर्मित या सम्पादित करते हैं।

जैसे बादल, विद्युत्पात (बिजली का गिरना), इन्द्रधनुष, बिजली की चमक-ये सब आकाश मे क्षण भर मे उत्पन्न हो जाते हैं, देवो की उत्पत्ति भी उसी प्रकार होती है।

वह (देवयोनि पाने वाला जीव) इस शरीर को छोड़कर निर्मल-उज्ज्वल देव शय्या मे अपने दिव्य शरीर का अन्तर्मुहूर्त में निर्वर्तन-निर्माण कर लेता है।

उस समय देवाङ्गनाए मनोहर गीत गाती हैं और जिन पर भौरें मडरा रहे हैं, ऐसे फूल उस (उत्पन्न हुए देव) पर बरसाती हैं।

वे विविध प्रकार से सुन्दर रूप मे देव-वीणाए बजाती हुई तथा दिव्य-मनोहर भाव-भगियो से उस देव के मन मे कुतूहल उत्पन्न करती हुई नाचती हैं।

जो सारे ससार मे कठिनाई से प्राप्त होता है, ऐसे उस (नवागत देव) के जन्म से अवगत हो, (अन्य) देवगण मन मे हर्षित होते हैं और उच्च स्वर से सिंहनाद करते हैं।

वह दूसरा (नवोत्पन्न) देव भी दिव्य शब्द, स्पर्श, रस, रूप तथा गन्ध का सुखानुभव करता हुआ, प्रसन्न हो, शय्या से एकदम उठता है।

देवताओ के नेनो को आनन्द देता हुआ, दिव्य देव-वस्त्र धारण ता हुआ, ज्योतिर्मय व सुन्दर शरीर वाला वह (देव) ऐसा लगता मानो शरद् ऋतु का चन्द्र हो ।

वहा सुन्दर तथा प्रसन्न देवांगनाए नन्दना "आपकी जय हो! हो! जय हो!" यो मधुर वचनो से उसकी स्तुति करती हैं ।

जिनके गालो पर कुण्डलो का प्रकाश छिटक रहा है, जिनके पवृक्ष के फूलो के आभूषण है, ऐसे देवगण भी अत्यन्त हर्षित होते 'जय शब्द' के निर्घोष के साथ उस (नवोत्पन्न देव) को प्रणाम ते हैं ।

इस प्रकार यह दिव्य परिजन देख उसके नेत्र चकित हो जाते और वह सोचने-लगता है, मैंने क्या दान दिया, क्या हवन किया, नका यह दिव्य फल मुझे प्राप्त हुआ ?

वह दिव्य, विशुद्ध अवधि-ज्ञान से उपयोग लगाता है, अपना ान्त जानता है और फिर वह, (अपने द्वारा) जो करने योग्य है, करता है ।

वह महिमा या सत्कार योग्य (समादृत) देव शाश्वत जिन[1]-जयशील देवो की प्रतिमाओ का महान् महिमा-समारोह करता है ा एक मुहूर्त तक पुस्तक-रत्न का वाचन करता है ।

जिन्होने अपने मुख-चन्द्र द्वारा चन्द्र-बिम्ब को जीत लिया मासल (स्थूल), उन्नत, सुसज्ज व श्रेष्ठ स्तनो से जिनका शरीर सुन्दर रहा है, (सौन्दर्य सूचक) तीन वलि या सिकुडन रूपी तरगो के रण वक्र या चञ्चल अपने (देह के) मध्य भाग-उदर पर शोभित रहे हार से जो रमणीय लग रही है, जिनके विस्तीर्ण नितम्ब-कूल्हे नि करती हुई रसना-मेखला (तागडी) से अभिनन्दित-सुशोभित हैं, ाये हुए स्वर्ण के समान मनोहर स्थूल जघा-युगल से जो सुन्दर लग ी हैं, नखरूपी चन्द्रमा के प्रकाश से युक्त, कछुए की तरह ऊचे उठे पैरो से जो शोभायमान हैं, अत्यन्त परितोष के कारण प्रसृत-प्रकत विलास और शृगार-भाव से जो रम्य हैं एव कामदेव के बाण जिनका मन बिधा हुआ है, ऐसी उत्तम देवाङ्गनाओ तथा गाढ

---

[1] मेदिनी कोष मे जिनो जित्वरो त्रिपु अर्थात् विजयशील देव ऐसा अर्थ किया है ।

अनुराग से युक्त, दिव्य-वैभव-सम्पन्न खूब चमक-दमक वाले, "स्वामी! देव-भवनो को देखें," ऐसा निवेदन करने वाले लाडले सेवकों को वह (देव) देखता है ।

जय शब्द द्वारा जो (नवागत देव का) गौरव स्थापित कर रही है, जो मोहित करने मे विचक्षण-कुशल हैं, ऐसी देवाङ्गनाओ के साथ वह देव-भवनो का अवलोकन करता है ।

वडी वडी मरकत-पन्ने की शिलाओ के समूह से जिनमें सुदृढ पीठिकाए चौकिया बनी हैं, जिनमे रत्न जडे हैं, ऐसी सूर्यकान्त मणियों से निर्मित दीवारो से जो युक्त हैं, जिनमे वैदूर्य-नीलम के खभो पर तरह तरह की सैकडो सुन्दर शालभञ्जिकाए-पुतलिया बनी हुई हैं, जिनमे दीवारो के वीच वीच मे भीतर की ओर बने स्थान-विशेषो मे दिव्य तलवारे चवर रखे हुए हैं, देव की रुचि के अनुरूप बनाये गये तरह-तरह के श्रेष्ठ पलगो से जो युक्त हैं, रग-विरगे वस्त्रो और मोतियों की मालाओ के लटकाने से जो सुशोभित हो रहे हैं, कल्पवृक्ष के फूलो से सजाये हुए जिनके प्रागणो (आगनो) मे भौरे जुटे हैं, जहा धूप के पात्र रखे हैं, रत्नो की मालाए लटक रही हैं, इस प्रकार के देव भवनो मे वह, जिसने पूर्व समय मे पुण्य अर्जित किये हैं, सुरसुन्दरियो के समूह के साथ दिव्य तथा श्रेष्ठ भोग भोगता हुआ, मन मे परितोष पाता हुआ रहता है ।

वह (देव रूप मे उत्पन्न गुणसेन का जीव) भी चन्द्रानन-विमान मे देवाङ्गनाओ के साथ एक सागर पर्यन्त यथेच्छ दिव्य भोग भोगता रहा ।

दूसरा भव

गुणसेन तथा अग्निशर्मा के सम्बन्ध मे जो चर्चा की गई थी, वह (उनका) वर्णन समाप्त हुआ। सिंह और आनन्द के सम्बन्ध मे जो कहा गया, वह (वर्णन) सुनिए।

इसी जम्बूदीप के अन्तर्गत अपरविदेह नामक क्षेत्र मे जयपुर नामक नगर था। वह अपरिमित परिमाण या सख्या रहित गुणो का निधान—खजाना था, देवो के उत्तम नगर का अनुकरण करने वाला था, बाग-बगीचों से विभूषित था तथा समस्त पृथ्वी का मानो तिलक था। वहाँ की महिलाए रूपवती, उज्ज्वल—चमकीली या सुन्दर वेश-भूषण से युक्त, कलाओ मे निपुण एव लज्जाशील-शर्मीली थी। वहा के पुरुष दूसरो की स्त्रियो के सेवन मे नपुसक, दूसरो के छिद्र-दोष देखने मे अन्धे तथा दूसरो के अपवाद—अवर्णवाद या निन्दा करने में मूक थे। दूसरो के धन का अपहरण करने मे उनके हाथ सकुचित होते थे। दूसरो का उपकार करने मे ही उनकी एकमात्र लिप्सा-अभिलाषा थी। वहाँ का पुरुषदत्त नामक राजा था। उस (राजा) ने अपने दम्भ-दर्पयुक्त (अभिमानी) शत्रुओ के हाथियो के मस्तक म्यान से बाहर निकाली हुई अपनी तेज तलवार से काट डाले थे, जिन (मस्तको) से उछलते हुए-बहते हुए बहुत से खून से लाल हुए मोती रूपी फूलो के समूह से युद्ध-स्थल मानो पूजित था। उस राजा के श्रीकान्ता नामक देवी अग्र-महिषी-पटरानी थी, जिसका रनवास मे सर्वाधिक आदरपूर्ण स्थान था। वह (राजा) उसके साथ अनुपम भोग-सासारिक सुख भोगता था।

इस बीच चन्द्रानन विमान का अधिपति—स्वामी वह देव (गुणसेन का जीव) अपने आयुष्य को पूरा कर, वहा से च्युत—उस स्थान से पृथक् हुआ तथा श्रीकान्ता के गर्भ मे आया। उस (रानी) ने उसी रात स्वप्न देखा—एक सिंह-किशोर (सिंह का बच्चा) उसके मुह मे होता हुआ उसके पेट मे प्रवेश कर रहा था, जिस (सिंह-किशोर) के सुनहले अयाल-गर्दन के बाल बिना धुए की आग की लपटो जैसे चमकीले थे, जो स्वच्छ स्फटिक—बिल्लौर, मैनसिल (एक पीला

खनिज पदार्थ), कसौटी, हस तथा (मोतियो के) हार के समान उज्ज्वल (देह पर सफेद, पीले व काले रग का चमकीला सम्मिश्रण लिये हुए) था, जिसकी ललाई लिये हुए भूरी आखे गोल एव अत्यन्त शान्त थी, जिसकी (मुह से बाहर) निकली हुई डाढें चन्द्र-लेखा - चन्द्रमा की लकीर—दूज के चाँद जैसी थी, जिसका सीना मासल और सुन्दर था, जिसका मध्य-भाग पेट अत्यन्त पतला था, जिसका कटितट-कमर का भाग गोल तथा कठिन-सुदृढ था, जिसकी पूछ गोल, मुडी हुई और लम्बी थी, जिसका ऊरु-सस्थान जघा भाग सुगठित था, अधिक क्या कहा जाए, जिसके सभी अग सुन्दर तथा सुहावने थे। वह (स्वप्न) देखकर सुखपूर्वक जगी हुई महारानी ने अपने पति (महाराज) को सब यथावत् कह सुनाया। उन्होने बताया कि तुम्हारे एक ऐसा पुत्र होगा, जिसके दोनो चरणो मे अनेक सामन्त झुके रहेगे तथा जो महाराज शब्द का निवास-स्थान आधार अर्थात् महान् राजा होगा। ऐसा सुनकर वह सुखपूर्वक रहने लगी।

उचित समय आने पर महापुरुष के गर्भ के प्रभाव से उसे (तदनुरूप उत्तम) दोहद (गर्भवती स्त्री की प्रबल रुचि) हुआ, जैसे-मैं सब प्राणियो को अभय दान दू, दीन, अनाथ व दयनीय (असहाय अत दया के पात्र) जनो को ऐश्वर्य और सपत्ति—धन-दौलत, यति-जन-श्रमण-वृन्द को आहार तथा अपेक्षित उपकरण प्रदान करू तथा सभी देव भवनो मे महिमा करू। उसने अपने पति (राजा) से वह (दोहद) निवेदित किया। राजा इससे बहुत हर्षित हुआ और उसने वैसा सब सपादित करा दिया। वैसा सपादित होने से लोगो को बडा आनद हुआ। और भी .

(उत्तरोत्तर वृद्धिशील) बाल चन्द्रमा का उदय जिस प्रकार ससार के प्रकाश के लिए होता है, उसी प्रकार धन्य—सौभाग्यशील पुरुषो की सभी अवस्थाए लोगो के उपकार के लिए होती हैं।

तब धर्म मे निरत-सलग्न, परोपकार द्वारा अपना जन्म सफल बनाती हुई महारानी के नौ महीने और साढे सात दिन सुखपूर्वक व्यतीत हुए। महारानी (श्रीकान्ता) ने प्रशस्त - उत्तम तिथि, करण, मुहूर्त तथा योग मे सुकोमल हाथ पैर वाले, सब लोगो के मनोरथो के अनुरूप पुत्र को जन्म दिया। शुभकरिका नामक दासी ने महाराज को पुत्र-जन्म की सूचना दी। राजा उस पर प्रसन्न हुआ, उसे पारितोषिक

दिया । राजा ने बन्धन से छुटकारा—जेलखाने से कैदियो को छुडवाना आदि जो करणीय—करने योग्य कार्य थे, करवाये । नगर मे महान् आनन्द मनाया जाने लगा । नगर के मार्ग सजाये गये, कुकुम मिश्रित जल (के छिडकाव) से मिट्टी शान्त हो गई (मिट्टी का उडना बन्द हो गया) । ऐसे तरह तरह के फूल बिखेरे गये, जिन पर भौरे गुजार कर रहे थे, बाजार तथा मकान सुशोभित किये गये, सडक पर स्थित मकानो पर मगल-वाद्य बजवाये गये, राजपुरुष और नागरिक जन प्रसन्नता से नाचने लगे । यो प्रतिदिन अत्यन्त आनन्द और सुख का अनुभव करते हुए पहला महीना व्यतीत हो गया ।

सिह का स्वप्न देखने के कारण बालक का नाम सिह रखा गया । अपने विशिष्ट पुण्यो का अखण्डित फल भोगते हुए अपने परिजन वृन्द के मनोरथो के अनुरूप प्रजा के सौभाग्य से उस राजकुमार ने (क्रमश विकासोन्मुख कलाओं के कारण) जिसकी ज्योत्स्ना (कान्ति) बढती जा रही है, जो लोगो के मन और नेत्रो के लिए आनन्दप्रद है, उस चन्द्र की तरह क्रमश यौवन प्राप्त किया, जो (यौवन) अनुपम शोभायुक्त, कलाओ (के शिक्षण) के कारण विशेष आकर्षक तथा जन-जन के मन व नयनो के लिए आनन्ददायी था ।

अस्तु, राजकुमार युवा हो गया । यथासमय वसन्त आया, जो कामदेव के हृदय के अनुकूल और युवा जनो के मन को आनन्द देने वाला था । जहा (वसन्त ऋतु मे) कामदेव अपने फूलो के धनुष पर भ्रमर रूपी बाण चढाकर, लोगो मे रति अनुरक्तता (अनुराग) उत्पन्न कर उनके हृदय बीधने लगा । तत्पश्चात् (वसन्त के आ जाने पर) कोयले कोलाहल करने लगी, मानो वह (कोलाहल) उस (वसन्त) का जय-नाद हो, आम के वृक्षो पर भौरे झूमने लगे, वे ऐसे लगते थे, मानो विरह की अग्नि से जलते हुए पथिको के समूह से निकलने वाले धुएँ का पर्त-पटल हो, ढाक के फूलो से दिशाए प्रदीप्त हो उठी—चमकने लगी, ऐसा प्रतीत होता था, वह, जिनके पति (विदेश) चले गये है, उन वियोगिनियो के हृदय मे धधकने वाली श्मशान की सी भयानक अग्नि हो । ऐसे वसन्त ऋतु के समय मे सिहकुमार अनेक युवाजनो से घिरा हुआ अत्यन्त वैभवपूर्वक—बहुत बडे ठाठ-बाठ के साथ क्रीडा के हेतु क्रीडासुन्दर नामक उद्यान मे गया, जो अत्यन्त मोद-आह्लाद युक्त कोयलो की कूक द्वारा युवतियो के चित्त मे विलास की चञ्चलता

उत्पन्न कर रहा था, जहा सुगन्धित मलय पवन द्वारा नचाये गये—जोर से हिलाये गये, (अतएव) फूलो के भार से टूटते हुए से वृक्षों व वेलो का समूह था, मद से प्रमुदित—विशेपत आह्लादित (आनंदित) व गूंजते हुए भौरे जिसकी अत्यधिक शोभा का सगान कर रहे थे तथा वसन्त-लक्ष्मी का जो मानो निवास-गृह था ।

सिंहकुमार वहा अनेक प्रकार की क्रीडाए करने लगा । उसने वहा उद्यान मे पास ही अपने मामा लक्ष्मीकान्त नामक महासामन्त की पुत्री कुसुमावली को अपनी सखियो के साथ वसन्त-क्रीडा का आनन्द लेते हुए देखा । उसके गुथे हुए वाल पुष्पो के पराग—मकरन्द की सुगन्ध से युक्त थे, जो ऐसे प्रतीत होते थे, मानो भौरो की पंक्ति हो, उसके हाथ मूंगे की शाखा की तरह लाल थे, उसकी भुजा रूपी लताए कोमल, पतली और चञ्चल थी, उसकी दोनो जघाए केले के स्तम्भ—तने की तरह मनोहर थी, उसके दोनो पैर स्थल-कमल (पृथ्वी पर होने वाले कमल) के समान लाल और कोमल थे । वह (कुसुमावली) ऋतु (वसन्त) लक्ष्मी द्वारा सेवित उद्यान की देवी जैसी लगती थी । भव-भवान्तर के अनुरागमय सस्कार के कारण वह (राजकुमार सिंह) उत्कण्ठापूर्वक उसकी ओर देखने लगा । कुसुमावली ने भी (पूर्व-जन्म के सस्कार-जन्य अव्यक्त परिचय वश) भ्रम से जल्दी जल्दी पीछे हटते हुए उधर से उसकी ओर देखा । वह सोचने लगी—(इस) क्रीडा सुन्दर उद्यान की रमणीयता के कारण क्या भगवान् कामदेव भी यही क्रीडा का आनन्द ले रहे हैं (क्या ये स्वय भगवान् काम हैं) ! इस वीच प्रियकरा नामक दासी ने कहा—स्वामिनी ! जाइए मत । ये आपके पिताजी की वहिन—भुआ के गर्भ से उत्पन्न, पुरुपदत्त राजा के पुत्र सिंह नामक राजकुमार हैं । आप यहा पहले से आई हुई हैं, आपको यों वापिस लौटते हुए देख कर ये कही अशिष्टता न समझें । इसलिए आप यहीं ठहरें तथा इन महानुभाव का एक राजकुमारी के व्यक्तित्व के अनुरूप सत्कार करें । तव राजकुमारी के अग हर्ष से पुलकित हो गये । उसने उल्लास और उत्कण्ठापूर्वक राजकुमार को देख कर उसे कहा—सखि प्रियंकरिके ! इस कार्य मे तुम ही निपुण हो, वतलाओ—मुझे इनके साथ क्या (स्वागतोपचार) करना चाहिए ? उसने कहा—स्वामिनी ! हम यहा पहले आई हुई हैं इसलिए आसन ग्रहण करवाकर हम इनके द्वारा इस स्थान को अलकृत करवाए—इन्हे वैठने को आसन दें—इनका स्वागत करें, जो (स्वागत) सज्जनों के (पारस्परिक) सम्बन्ध रूपी

वृक्ष का वीज (मूल कारण) है, अपने हाथ से इन्हे वासन्ती फूलो के आभूषणो सहित पान दें, जो इस समय उपयुक्त है ।

कुसुमावली ने कहा—सखी ! (लज्जाजनित) अति भय—सकोच या अस्त-व्यस्तता के कारण मुझ से यह नही वन पायेगा, इसलिए तुम्ही, यहा इस समय जो करना उपयुक्त है, करो । इसी वीच राजकुमार उस स्थान पर आ गया । तव आसन सजाकर प्रियकरी ने कहा—रति-विरहित कामदेव का स्वागत है । महानुभाव ! यहा वैठें । "मैं इतने समय तक तो रति-विरहित था पर अव वैसा नही हू," राजकुमार परितोषपूर्वक मन्द मुस्कान के साथ यो कहकर वैठ गया । प्रियकरिका ने माधवी लता के फूलो से वनी हुई माला के साथ स्वर्ण-पात्र मे रखा पान (राजकुमार को) भेंट किया । राजकुमार ने उसे ग्रहण किया । इस वीच कुसुमावली की माता द्वारा उसे (कुसुमावली को) वुलाने के लिए भेजा गया कन्याओ के अ त पुर का सभरायण नामक वृद्ध सेवक (कञ्चुकी) आ गया । उसने आधी आख से (नेत्र के कोर से) कुमार, जो उधर नही देख रहा था, का अवलोकन करती हुई कुसुमावली को देखा । उसने सोचा—यदि भाग्य अनुकूल रहा तो काम का रति से मिलन हो गया । फिर उसने निकट आकर, कुमार का अभिनन्दन कर (कुसुमावली से) कहा—वेटी कुसुमावली ! देवी मुक्तावली की आज्ञा है कि तुम वहुत खेल चुकी हो तुम्हारा शरीर थक न जाए, इसलिए तुम शीघ्र आ जाओ । "जैसी मा की आज्ञा" यो कह, आदरपूर्वक कुमार को देखती हुई वह उद्यान से चली गई । एक मात्र कुमार का चिन्तन करती हुई वह अपने घर पहुची । अपनी माता को प्रणाम कर वह महल के ऊपरी भाग मे स्थित प्रकोष्ठ, जिस पर हाथी दात का पर्त लगा था, मे गई । वहा केवल राजकुमार का ही स्मरण करती हुई, लम्वे सास छोडती हुई पलग के विस्तर पर वैठ गई और उसने अपनी सखियो को आदरपूर्वक वहा से विदा कर दिया । निरन्तर नि श्वास—लम्वे सास छोडती हुई वह सोने का उपक्रम करने लगी । उसका मन कामदेव के वाणो से विंधा था, अतएव उन कार्यो से, जिनमे उसे रुचि थी, हट गया था । न वह चित्र वनाती थी, न वह करने योग्य अगराग- देह पर सुरभित पदार्थों का लेप आदि सज्जा करती थी, न उसे भोजन मे रुचि थी, न अपना महल ही उसे अच्छा लगता था, न वह अपने चिर-परिचित तोता-मैना समूह को ही पढाती थी (मानव वाणी मे वोलना सिखाती थी) न अपने महल के

मनोहर व चञ्चल राजहंसो को ही खिलाती थी, न महल की छत पर घूमती थी, न महल मे स्थित बावडी मे वह नहाती थी, न वह वीणा को गतिशील करती थी—बजाती थी, न नक्काशी का काम करती थी, न गेंद से खेलती थी, न गहनो मे उसका मन था। वह अपने यूथसमूह या टोले से खोई हुई हरिणी के समान थी। वह एक मात्र राजकुमार का ही स्मरण करती थी। क्षण भर मे वह आखें बन्द कर लेती, क्षण भर मे अधीर हो लम्बे सास छोडने लगती, क्षण भर मे उसकी शारीरिक चेष्टाए रुक जाती, क्षण भर मे वह गुन-गुनाने लगती, क्षण भर मे उसका मुह सूख जाता।

इस बीच उसकी धाय ने अपनी मदनलेखा नामक पुत्री को, जो मानो उसका दूसरा हृदय था, आज्ञा दी—कुसुमावली क्रीडासुन्दर उद्यान मे जाने और वहा खेलने से बहुत थकी हुई है, उसने अपनी सखिया को भी शीघ्र ही अपने पास से विदा कर दिया है, इसलिए थोडे थोडे जल मे भीचा हुआ ताड का पखा लेकर तथा कपूरयुक्त कुछ एक पान के बीडे बाध कर तुम उसके पास जाओ। आदेश पाते ही मा के वचन के अनुसार व्यवस्था कर मदनलेखा, जिसकी मणियो की पैंजनिया बज रही थी, हर्षपूर्वक कुसुमावली के पास आई। उसने उत्तम बिस्तर पर लेटी हुई, अत्यधिक चिन्ता-भार न सह सकने वाली देह को धारण करती हुई कुसुमावली को देखा। (कुसुमावली के) नहीं बोलने से मदनलेखा ने उसके उदासीन भाव को जान लिया। वह कहने लगी—स्वामिनी! आप इस प्रकार बेचैन क्यो दिखाई देती हैं? क्या आपने गुरुजनो और देवताओ की स्तुति नही की? क्या सखियो का सम्मान नही किया? क्या अतिथियो का सत्कार नही किया? क्या कलाए ग्रहण नही की? क्या आपके गुरुजन परितुष्ट नहीं हैं? क्या आपका परिवार—परिजनवृन्द-नौकर-चाकर विनीत नही हैं? क्या आपकी सखिया आपमे अनुरक्त नही हैं? क्या आपकी इच्छाए पूरी नही हो रही हैं? स्वामिनी! यदि नही कहने लायक न हो तो आज्ञा कीजिए।

इस पर कुसुमावली ने शीघ्रता से अपने हाथ से बालो को बाध कर कहा—क्या प्रिय सखी को भी न कहने योग्य कुछ हो सकता है? सुनो, फूल चुनने के श्रम से मुझे कुछ ज्वराश सा हो गया है। उससे होने वाले परिताप की अग्नि मुझे जला रही है। उसी के कारण

मेरी अगो मे उत्साह-हीनता व्याप रही है । उद्वेग बेचैनी का और कोई कारण तो दिखाई नही देता । मदनलेखा ने कहा—यदि ऐसा है तो ये कपूर-वासित पान के बीडे लो, क्रीडा—खेल-कूद से थके हुए आपके शरीर को मैं हवा करती हूँ । कुसुमावली ने कहा—ऐसी दशा मे (स्थित) मुझे कपूर-वासित पान के बीडो से क्या होगा और हवा करने की भी आवश्यकता नही है । आओ, बाल-कदली-गृह—छोटे-छोटे केलो के घर- झुरमुट मे चलें । वहा मेरा बिस्तर लगाओ । सभव है, वहा जाने पर (उस बिस्तर पर लेटने पर) मेरे परिताप की अग्नि शान्त हो जाए । इस पर मदनलेखा ने कहा—जैसी आपकी आज्ञा । अपने महल मे स्थित उद्यान के तिलक के सदृश बाल-कदली-गृह मे वे (दोनो) गई । मदनलेखा ने कुसुमावली के लिए सुन्दर बिछौना तैयार कर दिया । कुसुमावली उस पर स्थित हुई । मदनलेखा ने उसे कपूर-वासित पान के बीडे दिये । विश्वस्त या घनिष्ठता पूर्ण बातचीत से परितोष उत्पन्न करती हुई मदनलेखा पखे से हवा करने लगी । कुसुमावली अकस्मात् अनमने मन से हुकारा देती हुई, मन्द मन्द सास छोडती हुई मे गडे काटे के समान उसी (कुमार) को याद करती रही ।

तब मदनलेखा सोचने लगी—मन ही मन वितर्कणा करने लगी—इस (कुसुमावली) के इस अन्य प्रकार के विकार-भाव—इस दूसरी तरह की विकृत अवस्था का क्या कारण है ? उसने कुसुमावली से पूछा—स्वामिनी ! युवाजनो के आनन्द-विलास के लहराते समुद्र जैसे इस वसन्त-काल मे क्या आपने आज क्रीडासुन्दर उद्यान की ओर जाते समय या जाने पर वहा कोई आश्चर्य देखा ? कामावस्था के स्वभाव व कामदेव की वक्रता—कुटिलता के कारण कुसुमावली ने, जो वह नही कहना चाहती थी, कहा—सखी ! क्रीडासुन्दर उद्यान मे महाराज के पुत्र कुमार सिंह को देखा । लगता था, मानो रति-विर-हित कामदेव हो, रोहिणी वियोजित चन्द्र हो, मदिरा का परित्याग किये हुए बलराम हो, शची इन्द्राणी वियुक्त इन्द्र हो । वे (कुमार) तपाये हुए सोने के समान वर्ण वाले थे । उनके पैर व अगुलिया नखो से निकलने वाली (दीप्तिमय) किरण रूपी मजरियो से युक्त थी । उनके शरीर की नाडिया (मासलता के कारण) छिपी हुई थी, पिंडलिया गठीली थी, मनोहर जघाए मयूर (मोर) जैसी थी । उनके घुटनो के जोड (मासलता के कारण) अन्तर्निगूढ—भीतर छिपे हुए थे, घुटनो के मस्तक (टखनिया) मछली के मुह के आकार के थे । उनके ऊरू-युगल

(साथलें) अत्यन्त सुन्दर एव सुसगत थे। उनके कूल्हे का घेरा विस्तीर्ण था, मध्य भाग (उदर भाग) मनोहर और पतला था। उनका वक्ष स्थल—सीना मासल और चौडा था। उनकी दोनो भुजाओ के शिखर-ऊपरी भाग ऊचे उठे हुए और गोलाकार थे, कोहनिया सुसगत (न वडी न छोटी) थी, कलाइया पुष्ट थीं, हथेलिया घुटनो तक लटकती थी, उत्तम रेखाओ से विशेपत शोभित थी। उनके नख लाल और पतले थे। उनके होठ सुन्दर रूप मे मिले हुए थे। उनके दात उजले, समान तथा सुसगत (क्रमवद्ध) थे। उनके नेत्र, जिनके तीन भाग लालिमा लिये हुए थे, दीर्घ और विशाल थे, नासिका उन्नत थी, ललाट चौडा था, कान सुसगत या सुरचित (न छोटे, न वडे) थे, केश काले, चिकने व घु घराले थे, देह पर चन्दन का लेप किया हुआ था। वे निर्मल—स्वच्छ रेशमी वस्त्र धारण किये हुए थे, उनका गला वडे वडे मोतियो की माला से सुशोभित था, मस्तक उज्ज्वल चूडा रत्न (मस्तक पर धारण करने के रत्न-विशेप या रत्नमय आभूपण) से अलकृत—सजा हुआ था। अधिक क्या कहूँ, मानो वे रूप के रूप, लावण्य के लावण्य, सौन्दर्य के सौन्दर्य, यौवन के यौवन तथा मनोहरो के मनोहर थे।

मदनलेखा, जो कुसुमावली के चित्त की विकृत—परिवर्तित अवस्था का अन्य कारण समझ चुकी थी, सोचने लगी—स्वामिनी मे जो अनुराग उत्पन्न हुआ है, वह उचित स्थान पर ही है (उपयुक्त व्यक्ति के प्रति ही है)। अथवा लक्ष्मी कमलाकर—कमलो से भरे सरोवर को छोड कर अन्यत्र शोभित नही होती। भगवान् कामदेव के लिए रति की तरह (राजकुमार के लिए) कुसुमावली को छोड कर दूसरी कोई स्त्री उपयुक्त नही है। यो चिन्तन कर उसने कहा—स्वामिनी! वह राजकुमार अपने गुणो से सुन्दर—सुशोभित है। देवी (आपकी माता) द्वारा भेजे जाने पर मैंने राजा (आपके पिताजी) के साथ आर्य सुबुद्धि को सलाह करते हुए सुना। यदि वैसा हुआ-तो रति-सहित कामदेव की तरह वे (आपसे सयुक्त राजकुमार) सुन्दर स्थिति मे होगे। कुसुमावली ने कहा—तुमने क्या सुना? वह बोली—मैंने इस प्रकार सुना-आर्य सुबुद्धि कहने लगे—राजन्! सिंहकुमार के लिये महाराज पुरुषदत्त का कुसुमावली को प्राप्त करने की ओर विशेष आकर्पण है। इस सम्बन्ध मे उन्होने (महाराज ने) मुझे (सुबुद्धि को) दृढतापूर्वक कहा है कि तुम्हें वैसा ही करना चाहिये, जिससे कुसुमावली का कुमार-सिंह से सम्बन्ध हो जाए (सुबुद्धि ने कहा—) राजन्! उसे (कुमार-

सिह को) छोड कर कुसुमावली के लिये दूसरा कोई भी (वर) उपयुक्त नही है ।

लज्जा और हर्ष से युक्त कुसुमावली एक वर्णनातीत अवस्था का अनुभव करती हुई, बनावटी क्रोध-प्रदर्शन रूपी कलक से अपने को चन्द्र सदृश वदन वाली सिद्ध करती हुई बोली—असम्बद्ध-बिना सम्बन्ध या सदर्भ का प्रलाप करने वाली सखी ! क्या बकती हो ? मदनलेखा ने कहा—स्वामिनी ! यहा मेरे कथन मे असम्बद्ध क्या है ? क्या मानसरोवर मे निवास करने वाली राजहसी उत्तम राजहस के लिये अनुचित है ?

अस्तु—उस वार्तालाप के बीच राजा ने कहा—सुबुद्धि ! महाराज तो मेरे प्राणो के भी स्वामी हैं । इस पर सुबुद्धि ने कहा-राजन् ! यह उचित ही है । (कुसुमावली व मदनलेखा) यो गुप्त मत्रणा कर रही थी कि इतने मे उद्यान-पालिका पल्लविका नामक दासी आ गई । उसने कुसुमावली को विज्ञापित-निवेदित किया—स्वामिनी ! रानी की आज्ञा है कि महल के ऊपरी भाग (प्रकोष्ठ) मे चलें । देव (राजा) ने आदेश किया है कि महल के बगीचे को विशेष रूप से सुन्दरतापूर्वक सजाओ । महाराज के पुत्र सिहकुमार यहा आने वाले हैं । तब यह सुनकर "जैसी देवी-माता जी की आज्ञा" यो कहकर वह प्रसन्नतापूर्वक दन्तवलभिका मे चली गई । इधर महल का उद्यान सजाया गया । तब आदरपूर्वक आमन्त्रित कर कुसुमावली की दर्शन-उत्कण्ठा से मानो अभिप्रेत-इष्ट-आगमन की तरह कुमार वहा लाये गये । भोजन आदि द्वारा उनका सत्कार किया गया । उसके बाद कुमार महल के बगीचे मे प्रविष्ट हुए । उन्होने पालतू मैनाओ के शब्द से गु जित अगूर की बेलो का मडप, नये दूल्हे की तरह लाल-पत्र रूपी वस्त्रो से सुशोभित अशोक-वृक्षो का समूह, चचल राजहसो द्वारा हिलाये जाते कमलो वाले-महल की बावडी मे स्थित कमल-वन-खड, कोयलो के अति मधुर कूजन से शब्दायमान आम के वृक्षो के समूह, फूलो का मकरन्द पीने से प्रसन्न होकर मडराने वाले भौंरो की पक्ति से छाया हुआ माधवी-लताओ का मडप, पान की बेलो के समूह से आलिङ्गित-घिरे हुए सुपारी के पेडो का समूह, जिसके सुगन्धित-मकरन्द-से दिशाए सुवासित थी, वैसे केशर के पौधो का समूह तथा सुहावनी हवा द्वारा हिलाया जाता कदली गृह-केले के पेडो का झुरमुट देखा । वे माधवी-लता के मण्डप मे स्थित हुए ।

आदान-प्रदान से प्रतिदिन उनका परस्पर अनुराग बढता गया। कुछ दिन व्यतीत हुए। तब महाराज पुरुपदत्त की माग को महत्त्व देते हुए राजा लक्ष्मीकात ने कुमारसिंह के लिये कुसुमावली को देना स्वीकार किया। प्रियकरिका ने कुसुमावली को यह निवेदित किया—

"सुन्दरी ! सिंहकुमार को तुम देदी गई हो"—यो कहे जाने पर कुसुमावली अत्यन्त पुलकित हो गई और उसके अगो मे जैसे काम व्याप्त था, उसी तरह परितोप व्याप्त हो गया।

इसी बीच दोनो राजाओ की ओर से बधाई का समारोह आयोजित किया गया, जिसमे याचको को उनकी इच्छा से भी अधिक द्रव्य दान दिया गया ! बजते हुए मगल-वाद्यो की ध्वनि दिशा-मडल मे व्याप्त हो गई, नृत्य करती वेश्याओ का समूह जिसकी शोभा बढा रहा था तथा जो सभी लोगो के मन के लिये आनन्दप्रद था।

उन दोनो (राजाओ) ने विवाह का शुभ मुहूर्त निकलवाया—पुन याचको के लिए इच्छानुरूप विपुल (अत्यधिक) दान की घोषणा की। विवाह का शुभ दिन आया। कुसुमावली उबटन के मुहूर्त पर पारिवारिक युवतियो के साथ चतुष्कोण रङ्गमडप मे उपस्थित हुई। जिस पर मनोहर रेशमी वस्त्र बिछाया हुआ था, ऐसे सुन्दर आराम-देह आसन (तकियेदार आराम कुर्सी) पर उसे बिठाया गया। मणियो से बने निर्मल-पट्ट पर उसके पैर रखवाये गये, जो (मणि-पट्ट) चरणो के प्रतिबिम्बित रग से सुशोभित था, मानो चरणों के स्पर्श से सुख का अनुभवकर रस मे लीन था। राजकुमारी के नखो की किरणों के कारण जिसे यहा जल के होने की शका हुई, उस नाई ने उसके पैर धोकर पवित्र नख-कर्म किया—उत्तम नख-प्रसाधन किया। राज-कुमारी लाल वस्त्र पहने थी, जिससे उसका मुख-रूपी कमल और अधिक खिल रहा था—सुशोभित हो रहा था। सूर्य के आगमन के निकट होने से (सूर्योदय की बेला मे) जिस प्रकार पूर्व दिशा रूपी वधू लाल हो जाती है, वह (राजकुमारी) वैसी ही लगती थी। हाथो मे दूब के अंकुर, दही व अक्षत चावल लिये हुए, लाल वस्त्र पहने हुए सधवा स्त्रियो ने राजकुमारी के यथाविधि उबटन किया (सुगंधित द्रव्यों की पीठी देह पर मली)। पुष्प एव फल युक्त सोने के कलशों से उसे भली भाति स्नान कराया। पवित्र वस्त्र से उसके अगों को पोछा। अत्यन्त परितोष के कारण पुलकित गुरुजनों ने उसके सब औषधियों

की सुगन्धि से सुवासित सघन केशो से युक्त मस्तक पर चावल छोडे। तब उस चन्द्रवदनी (राजकुमारी) को उन्होने (सधवा युवतियो ने) सजाना शुरु किया। सबसे पहले लाक्षारस से उसके पैरो को सुन्दर किया—महावर लगाया। उसकी जघो पर यथा मासल-पुष्ट स्तनरूपी दो कलशो पर अपनी कान्ति से दीप्त केसर के रग से चित्राकन किया चित्रण किया। केसर-मिश्रित चन्दन के घोल से उसके मुख रूपी कमल को स्वच्छ किया। काम प्रभावित प्रियतम की तरह उसके होठ को अनुराग (रग, प्रियतम के सन्दर्भ मे प्रेम) युक्त किया—होठो पर लाल रग लगाया। राजकुमारी के दोनो नेत्रो मे जो नई—आती हुई शरद् ऋतु मे खिले हुये कमल के पत्ते की सी आभा और रग लिये हुये थे, चमक रहे थे, काजल डाला। (कुसुमावली) जो वसन्त लक्ष्मी सी प्रतीत होती थी, उसके मुख (ललाट) पर सुन्दर तिलक (कुसुमावली के पक्ष मे तिलक, वसन्त-लक्ष्मी के पक्ष मे तिलक वृक्ष) लगाया, जो ऊपर बढे हुए बालो की पक्ति रूपी भौरो की कतार से सेवित—शोभित था। उसके पैरो मे रत्नो से निर्मित सुन्दर नूपुर पहनाये, जिनकी सुन्दर ध्वनि से महल की बावडी के राजहस आकृष्ट थे। जिनके (अगुलियो के) नख रूपी चन्द्र की किरणो से घिर जाने के कारण रत्नमय नगीनो की शोभा दुगुनी हो गई थी, ऐसी अगुलियो मे अगूठिया पहनाई। उसके विशाल नितम्ब भाग पर उज्ज्वल मणियो से निर्मित करधनी बाधी—पहनाई, मानो उसके मिप से (उसके) प्रियतम का हृदय बाध दिया गया हो। वह करधनी ऐसी लगती थी, मानो कामक्रीडा के उत्सव का सुन्दर वाद्य हो। उसकी भुजा रूपी लताओ के मूल मे बाहु—मालाए (भुजाओ मे धारण करने की मालाए) लगाई गईं, जो लोगो के मन को चुराने वाली थी तथा ऐसी प्रतीत होती थी, मानो कामदेव को बाधे रखने का पाश या फदा हो।

पुष्ट स्तनो पर मानिक के नगीनो से जडा हुआ प्लवङ्ग-बन्ध (स्तन बाधने व आच्छादित करने का विशेष उपकरण) बाधा गया, जो नितम्ब भाग तक सलग्न था—लटकता था। उसे मोतियो का हार पहनाया, जिसमे स्तनो से सम्बद्ध और सस्पृष्ट (छुये हुए) रहने के कारण मानो कामासक्ति उत्पन्न हो गई हो, इसलिए जो मानो गले से लटकता हुआ उसके अधोवस्त्र की गाठ को छूने लगा हो। गले मे स्वच्छ मोतियो का आभरण (कण्ठी रूप अलकरण) बाधा-पहनाया। कु कुम से रँगे कानो मे रत्नो के कुण्डल पहनाये। सफेद और तिरछी कढी हुई कपूर

की रेखा, जो प्रदोष-लक्ष्मी-सन्ध्या की शोभा सी लगती थी, से उसका सौभाग्यशाली मुख उद्योतित हो रहा था—चमक रहा था। सघन, काले, घुंघराले, सुन्दर बालो से सुशोभित मस्तक पर चूडा-रत्न लगाया। मुझे छोड कर पहले इस कुसुमावली को देखते हैं, मानो इस ईर्ष्या से रत्नो की आभा उसके सारे अगो मे व्याप्त हो गई (ताकि पहले वह देखी जा सके)।

इस प्रकार इधर कुसुमावली को विभूषित किया जा रहा था, उधर सजाने मे चतुर वेश्याओ द्वारा सिंह कुमार को सजाया गया। ऐसा होने पर ज्योतिष शास्त्र के रहस्य को जानने वाले ज्योतिषियों ने खूटी गाडकर उसकी छाया से ठीक समय निश्चित कर राजा से निवेदन किया कि हस्तग्रहण-हथलेवे का उत्तम मुहूर्त्त सन्निकट (नजदीक) है। तब राजा द्वारा आज्ञप्त सेवकों ने सिंह कुमार को सूचित किया। बजाये जाते मागलिक वाद्यो के शब्द से दिशाए भरने लगीं। मन को हरने वाले नाच-गान मे प्रवीण रनवास की सुन्दरियो द्वारा राज-मार्ग अवरुद्ध होने लगा। वायु द्वारा नचाई जाती-हिलाई जाती ध्वजाओं से सुन्दर लगने वाले, उत्तम रथो पर चढे हुए राजपुरुषो द्वारा घिरा हुआ, सफेद, सुसज्जित उत्तम हाथी पर बैठा हुआ, वसन्त और शरद् मे सगत कामदेव की तरह मृगाङ्कसेन और अमरसेन नामक कुमारो द्वारा सेवित, महलो की छतो पर स्थित नगर की सुन्दर नारियों द्वारा उत्कण्ठा-पूर्वक देखा जाता हुआ राजकुमार सिंह उल्लास के साथ विवाहमण्डप मे आया। विशेष उजले वस्त्र पहने हुए, उपहार-सत्कार की सामग्री लिए हुए, अम्बाजन—सम्मान्य भद्र महिलाओ ने उसे रोका और आचारिमक (विवाह के अवसर पर दिया जाने वाला एक विशेष दान या पुरस्कार) मागा। राजकुमार के नेत्र हर्ष से खिले थे। उसने माग से भी अधिक दिया। वह श्रेष्ठ हाथी से उतरा। रत्नमेखला युक्त सोने के मूसल से उसकी भृकुटि (भौं) का स्पर्श[1] किया गया। तत्पश्चात् सामने आई हुई सुन्दर स्त्रिया लोगो के समूह को रोक कर वर को मण्डप के नीचे ले गई, जहा—

वधू, जिसका मुख सफेद, उत्तम रेशम के वस्त्र से ढका था, स्थित थी। वह (वधू) उस रात्रि जैसी लगती थी, जिसके चन्द्र की ज्योत्स्ना (चादनी) शरद् ऋतु के बादलों से ढकी हुई हो।

१ एक पुरानी लोक-प्रथा

सखियो ने वर के साथ प्रसन्नतापूर्वक अनेक प्रकार की रोक-थाम सहित कौतुक—विनोद-परिहास किये और वधू की मुखाकृति देखने का उनसे (बधाई का) उपहार मागा। राजकुमार धीरे से मुस्कराकर बोला—यह तो मेरा ही अपना कार्य है, यो कहते हुये उन्हे उपहार दिया मुख छवि उद्घाटित की—मुख का वस्त्र हटाया। उसने राजकुमारी को देखा, जो अशोक-पत्र का कर्ण-भूषण धारण किये हुये थी, जिसका मुख-रूपी कमल कुछ कुछ खिला था, जो सकोच और हर्ष से भरी थी तथा मनोहर के भी मनोहर—मन को हरने वाले किसी अलौकिक आनन्द-उल्लास का अनुभव कर रही थी।

गीत और मगलोपचारपूर्वक पाणिग्रहण सस्कार का कार्य प्रारभ हुआ, जो पारस्परिक प्रेमयुक्त बान्धव-जनो के हृदय को आनन्द देने वाला था।

वर और वधू के हाथ, समय का व्यवधान न सह सकते हुए मानो पहले ही अपने निर्मल नख रूपी चन्द्र की किरणो के रूप मे परस्पर मिल चुके थे। उस (राजकुमार) ने उसे (कुसुमावली को) पहले ही अपने कोमल तथा अनुरागपूर्ण हृदय मे धारण कर बाद मे उसका हाथ, जो पसीने रूपी जल से युक्त था, ग्रहण किया। हाथ ग्रहण किये हुए उसे वह, जैसे देवागना देव-विमान मे लाई जाती है, उसी तरह दूसरे मण्डप मे ले गया, जो अतीव श्रेष्ठ, विशाल एव चौकोर था। मण्डप की दण्डिकाए—खभे, जिन पर वह टिका था, सोने के थे, जिनमे दैदीप्यमान उत्तम मानिक जडे थे। ऊपर रेशमी चादनिया तनी थी, जिनसे मोतियो के झूमके लटक रहे थे। झूमको मे लगे पन्नो की किरणो से सफेद चवर हरे प्रतीत हो रहे थे। सफेद चवरो के डडो-हत्थो के स्वर्ण की प्रभा से शीशे पीले दिखाई देते थे। वरपक्ष की सुन्दरियो के मुख दर्पणो मे प्रतिबिम्बित थे। उन्हे देखकर वधूपक्ष के लोग परितुष्ट हो रहे थे। परितोषवश जो रोमाञ्चित थे, ऐसे बन्दी-जन (मागध, चारण आदि स्तुतिगायक) द्वारा किया गया स्तुति-गान वहा मण्डप मे सर्वत्र व्याप्त था। मण्डप मे लगी विविध प्रकार की उज्ज्वल मणिया मानो तारो का समूह था। सिह द्वार के मुख पर मानो तारो के समूह से सुशोभित निर्मल चन्द्रकला स्थित थी। वह विस्तृत श्वेत मण्डप रूपी आकाश चन्द्रकला से विद्योतित-प्रकाशित था।

रत्ननिर्मित गहनो की किरणो से जिसका शरीर दैदीप्यमान

था, वह राजकुमार दिवसनाथ-सूर्य दिवस-लक्ष्मी के साथ जिस प्रकार उदयगिरि पर अवतीर्ण होता है—उदित होता है, उसी प्रकार कुसुमावली के साथ, जो शोभामय, उज्ज्वल, सफेद रेशमी वस्त्र धारण किये हुए थी तथा जिसका मुख रूपी कमल विशेष रूप से विकसित था, चौकी पर अवस्थित हुआ। (हवन-अग्नि) के धुए के कारण वधू के (नेत्रो से निकली) आसुओ की बूदे मानो झुके हुए मुखवाली वधू को यो कहती हुई उसके चरणो मे गिरी कि वर का मुख देखो।

इस बीच लोगो का उपचार—सम्मान-सत्कार का कार्य चालू हुआ। जिनसे सुगन्ध की लपटें निकल रही थी, ऐसे विलेपन—केसर, चन्दन आदि अत्यन्त सुगन्धित पदार्थ, जिन पर भौरे गूजते थे, ऐसी पुष्प-मालाए, अत्यन्त सुगन्धमय पदार्थों से सुगन्धित की हुई पोशाकें, कपूरयुक्त पान के बीडे, दुकूल, देवागपट्ट, चीनाशुक, अर्द्धचीनाशुक आदि श्रेष्ठ वस्त्र, बाजूबन्द, हार, कुण्डल, त्रुटित (आभरण-विशेष) आदि गहने, तुरुष्क, वाह्लीक, काम्बोज, वज्जर आदि जातियो के घोडे, भद्र, मन्द आदि विशिष्ट वशो के हाथी भेंट किये गये। जिसमे घी, मधु, लाजा से आहुतिया दी जा रही थी, उस अग्नि के चारो ओर वर-वधू को घुमाना-फेरे दिलाना प्रारभ किया गया। पहले मण्डल-फेरे के उपलक्ष्य मे वधू के पिता ने प्रसन्न होते हुए बिना घडे हुए एक लाख स्वर्ण भार (एक पुराना माप, तदनुसार १६मासे= १ पल, २००० पल=१ भार), दूसरे फेरे मे हार, कुण्डल, कटिसूत्र (करधनी), त्रुटित आदि आभूषण, तीसरे मे थाल, प्याले, आदि चादी के वर्तन तथा चौथे मे (वधू के पिता ने, जो परितोष से पुलकित था) सुन्दर, बहुमूल्य नाना प्रकार के वस्त्र दिये।

राजा पुरषदत्त ने भी अपने वैभव (धन-सम्पदा) के अनुरूप अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक लोगो का आदर सत्कार किया और अपनी पुत्र-वधू को उज्ज्वल मणि, रत्न, हीरे और मोतियो से युक्त अमूल्य—जिनका कोई मूल्य कूता न जा सके, आभूषण उपहार मे दिए।

यो विवाह-महोत्सव सम्पन्न हो गया। काल-क्रम से—बीतते जाते समय के साथ साथ सिंह और कुसुमावली का अनुराग उत्तरोत्तर बढता गया। लोगो द्वारा इच्छित विषय-सुख का अनुभव करते हुए उनके अनेक लाख वर्ष व्यतीत हो गये। एक दिन घोडे की सवारी पर निकलते हुए कुमार सिंह ने नागदेवोद्यान मे अत्यन्त प्रासुक-निर्जीव-

शुद्ध स्थान मे अनेक साधुओ से घिरे हुए, क्षमा, मृदुता, ऋजुता, मुक्ति, तप, सयम, सत्य, शौच, अकिञ्चनता, ब्रह्मचर्यरूप गुणो के निधान, प्रथम यौवन (चढती जवानी) मे स्थित, रूप आदि विशेषताओ से युक्त, सम्पूर्ण बारह अगो के धारक, अपने शिष्यो को सूत्र का अर्थ कहते हुए धर्मघोष नामक आचार्य के दर्शन किये । उन्हें देखते ही उनके प्रति उसके मन मे बहुत आदर उत्पन्न हुआ । वह सोचने लगा—सचमुच ये धन्य हैं, जो ससार से विरक्त हैं, सब प्रकार के सग-आसक्तियो को त्यागने वाले हैं तथा महान् परोपकार (जन-जन के उद्धार के कार्य) मे लगे हैं । अत इनके पास जाकर पूछू कि आप काम-भोग की सुन्दर वेला-यौवन मे स्थित हैं—युवा हैं, फिर वैराग्य का क्या कारण है तथा दु खपूर्ण ससार का वास्तविक स्वरूप क्या है ? अत वह राजकुमार दूर से ही अपने उच्च जाति के वोल्लाह देशोत्पन्न बछेरे से उतर कर उनके पास गया । धर्मघोष को प्रणाम किया । भगवान् (धर्मघोष) ने धर्म-अहिंसा-दया का लाभ देकर उसका अभिनन्दन किया । तदन्तर वह बाकी के साधुओ को भक्ति-पूर्वक वन्दन करके गुरु के चरणो मे, जो स्वभावत सुन्दर थे, बैठ गया । मुमुक्षुभाव से अनुप्राणित होते हुए उसने भगवान् धर्मघोष से पूछा—सर्वगुणसम्पन्न तथा सब प्रकार की सम्पत्ति के आश्रय-सम्पत्तिशाली-आपको ऐसा वैराग्य कैसे हुआ ? जिससे आपने असमय मे ही श्रमण-जीवन स्वीकार कर लिया । तब भगवान ने कहा—हे महाश्रावक ! श्रामण्य-श्रमण-जीवन स्वीकार करने का यह असमय नहीं है । सुरो और असुरो को जीतने वाला, समस्त मनोरथ रूपी पर्वत के लिए (इन्द्र के) वज्र तुल्य, प्रियजनो के वियोग का मुख्य हेतु, ज्ञानीजनो मे मोक्षाभिलाषा बढाने वाला मरण क्या असमय मे ही अपना प्रभाव नही दिखलाता-मार नही डालता ? हे महाश्रावक ! दूसरी बात यह है—यदि शुभ भाव से अन्तिम समय-वृद्धावस्था मे धर्म का आचरण किया जाता है तो प्रथम काल मे—युवावस्था मे भी उसका सेवन करना क्या अनुचित नही है ? राजा ने कहा—भगवन् ! अनुचित तो नही है, परन्तु वैराग्य बिना कारण के नही होता । अत उसका कारण पूछना चाहता हूँ। भगवान् ने कहा—वैसे तो यह ससार ही वैराग्य का कारण है । पर अवधि-ज्ञानी द्वारा अपने चरित—जीवन-वृत्तान्त का कहा जाना इसका विशेष रूप से कारण है। राजा ने कहा—भगवन् ! अवधि-ज्ञानी द्वारा किस प्रकार अपना चरित कहा गया ? भगवान् ने कहा—सुनो—इसी देश मे राजपुर नामक नगर

मैंने उसका ढक्कन हटाया, जब भीतर हाथ डाला तो उसमे साप आ गया। उसने मुझे डस लिया। तब शीघ्र मैंने उसे फेंका। मेरा शरीर डर से कापने लगा। मैं उस (रुद्रदेव) के पास आया, मैंने उसे कहा कि मुझे साप ने काट लिया है। वह कपटी (यह सुनकर) बनावटी रूप मे आकुल हो गया, वह वृथा शोर करने लगा। इतने मे मेरे अग सुन्न होने लगे, शरीर की सधिया (जोड) शिथिल होने लगी। हृदय उखडने लगा। मुझे ऐसा लगने लगा, मानो महल घूम रहा है पृथ्वी उलट रही है। मैं विवश-निश्चेष्ट होकर गिर पडा। इसके बाद न कहे जा सकने योग्य अवस्था को प्राप्त कर देह त्याग कर पहले (अधिगत) सम्यक्त्व के प्रभाव से मैं सौधर्मकल्प के अन्तर्गत लीलावतस नामक श्रेष्ठ विमान मे एक पल्योपम स्थिति वाला देव हुआ। वहा श्रेष्ठ अप्सराओ से युक्त मैं दिव्य भोग भोगने लगा। इधर रुद्रदेव नागदत्त सार्थवाह की कन्या के साथ विवाह कर उसके साथ अनुरूप विषय-सुख भोग कर तथासमय मृत्यु प्राप्त कर रत्नप्रभा नामक (नारकीय) पृथ्वी मे खट्टक्खड नामक नरक मे एक पल्योपम आयुवाले नारक के रूप मे उत्पन्न हुआ। तब मैं (देवलोक मे) अपना आयुष्य समाप्त कर वहा से च्युत हुआ-पृथक् हुआ, इसी देश मे सुसुमार नामक वन के अन्तगत सुसुमार नामक पर्वत पर हाथी के रूप मे उत्पन्न हुआ, कलभ-शिशु रूप में बढने लगा। इसी बीच दूसरा भी नरकवास पूरा कर उसी पर्वत पर एक तोते के रूप मे उत्पन्न हुआ। मेरा बचपन व्यतीत हुआ। उस (तोते) ने मुझे उसी पर्वत पर स्वभावत सुन्दर नलिनी—वनों मे हथनियो सहित प्रसन्नतापूर्वक घूमते हुए देखा। मुझे देखकर पूर्व-जन्म के उत्कट तीव्र कर्मोदय के कारण उसका मुझ पर वैर-भाव उत्पन्न हुआ। वह सोचने लगा—इस हाथी को कैसे इन भोग-सुखो से वचित किया जाए? वह उपाय खोजने लगा।

इसी बीच एक दिन लीलारति नामक विद्याधर, मृगाकसेन नामक विद्याधर की चन्द्रलेखा नामक बहिन का अपहरण कर, उस (मृगाकसेन) के भय से उस स्थान पर आया। उसने उस तोते से कहा—मैं इस पर्वत के लतासमूह मे रुकता हूँ। यहा एक विद्याधर आयेगा, तब तुम उसे मेरे बाबत मत कहना। वह चला जाए तब मुझे बतला देना। मैं भी तुम्हारा उसके बदले में कुछ उपकार करूगा। तोते द्वारा ऐसा स्वीकार किये जाने पर वह विद्याधर "तुम मेरे अच्छे उपकारी हो"—ऐसा कहकर एक भयानक बालू स्थान मे स्थित पर्वत के लता-

समूह मे चला गया ।

जब तक मृगाकसेन आकर चला गया, वह तोता भी उसी जगह नारगी के पेड की डाली पर अपने घोसले मे रुका रहा । इसी बीच हथनियो से घिरा मैं उस जगह आया । तब तोते ने मुझे देखकर सोचा - यह मेरे इच्छित कार्य की पूर्ति का समय है । उस मायावी ने अपनी स्त्री के साथ सलाहकर मुझे सुनाते हुए कहा—सुन्दरी ! मैंने भगवान् वशिष्ठ महर्षि से सुना है—इस सुसुमार पर्वत से (एक स्थान विशेष से) गिरने से सब कामनाए पूरी होती हैं । जो कोई जैसी अभिलाषा करके गिरता है, वह उसी क्षण वैसा प्राप्त कर लेता है । तब मैंने पूछा—भगवन् ! वह स्थान कौनसा है ? उन्होने बताया कि इस शाल के वृक्ष के बाईं ओर । इसलिये यह तिर्यक्-भाव-पक्षी का जीवन व्यर्थ है । आओ, विद्याधर बनने का ध्यान करके वहा से गिरे । उसकी पत्नी ने यह स्वीकार किया । वे दोनो उस स्थान पर गये, ध्यान किया, पर्वत के उस स्थान से गिरे । लीलारति को कहा हुआ था ही । इसलिए वह (लीलारति) चन्द्रलेखा के साथ आकाश को सुशोभित करता हुआ उडकर आया । हमने उसे देखा । मै सोचने लगा—अरे ! यह सर्व-कामप्रद-सब इच्छाओ को पूरा करने वाले पतन का प्रभाव है । जिससे यह शुक-दम्पति, जिन्होने विद्याधर बनने की कामना की, यहा से गिरकर उसी क्षण विद्याधर दम्पति के रूप मे परिवर्तित हो गये । इसलिये हम भी पशु के रूप मे क्यो रहे । देव होने का ध्यान कर हम भी यहा से गिरे । यो निश्चय कर, वैसी (देवरूप मे परिवर्तित होने की) भावना (ध्यान) कर हम दोनो वहा से गिरे ।

इस बीच वह तोतो का जोडा उड गया । हमने नही देखा। (गिरने से) मेरे अग और उपाग चूर-चूर हो गये । मै क्लेश का अनुभव करते हुआ अकाम-निर्जरा से कर्मक्षय कर कुसुमशेखर नामक व्यतर-भूमि के नगर मे कुछ कम पल्योपम आयुवाले व्यन्तर देव के रूप मे उत्पन्न हुआ । वहा मैं प्रचुर भोग भोगता था । उस बीच वह दूसरा भी तोते के रूप मे मरकर रत्नप्रभा नामक पृथ्वी मे लोहितमुख नामक नरक मे कुछ कम पल्योपम आयु वाले नरक के रूप मे, उत्पन्न हुआ । मैं अपना आयुष्य पूरा कर वहा से च्युत हुआ । यही विदेह मे दूसरे विजय (देश) मे चक्रवालपुर नामक नगर मे अप्रतिहत चक्र नामक सार्थवाह की सुमगला नामक पत्नी की कोख मे पुत्र रूप मे आया

उचित समय पर उत्पन्न हुआ। मेरा नाम चन्द्रदेव रखा गया। मैंने शैशव प्राप्त किया।

उसी बीच वह नरक मे स्थित तोता (तोते का जीव) नरक से निकल कर उसी नगर मे सोमशर्मा नामक राजपुरोहित की नन्दिवर्द्धना नामक पत्नी की कोख मे पुत्र रूप मे आया, यथासमय उत्पन्न हुआ। उसका नाम यज्ञदेव रखा गया। मैं युवा हुआ। उस मायावी के साथ मेरा सद्भावपूर्ण प्रेम हो गया तथा उसका मेरे साथ छद्मपूर्ण। पूर्वजन्म के कर्मों के दोष से मुझ सरल के प्रति भी कुटिलता रखने वाला तथा मेरी सम्पत्ति से ईर्ष्या करने वाला यज्ञदेव मुझे धोखा देने के लिए मेरे छिद्र-दोष देखने लगा। (दोष) न पा सकने के कारण वह सोचने लगा—इसे इस प्रकार छला नही जा सकता। इसलिये इसका यह (एक) उपाय है—चन्दन सार्थवाह के यहा चोरी कर चुराया हुआ धन इसके यहा रख दू। उसके बाद किसी उपाय से राजा को यह कह कर उसे सम्पत्ति से भ्रष्ट कर दू (उसकी सम्पत्ति जब्त करवा दू)। उसने जैसा सोचा था, किया। मेरे घर मे धन लाकर उसने कहा—मित्र! प्रयत्न-पूर्वक इसे छिपा कर रखो। असमय मे लाये जाने से मेरे मन मे शका हुई और मैं ऐसा करना नही चाहता था, पर उसकी चतुराई के कारण मुझे वह (धन) छिपाना पड़ा। शहर मे शोर मचा-चन्दन सार्थवाह के घर मे चोरी हो गई। तब मेरे हृदय में आशका हुई—निश्चय ही ऐसा हो सकता है, यह धन चन्दन सार्थवाह का हो। मैं यज्ञदेव के पास गया, मैंने उसे पूछा—यह कैसी बात है? उसने कहा—और तरह से मत सोचो। पिता के डर से मैंने यह आपके यहाँ रखा है। इसमें और कोई बात नही है। इससे मेरा सन्देह मिट गया। इस बीच चन्दन सार्थवाह ने राजा को निवेदित किया—राजन्! मेरे घर मे चोरी हो गई है। राजा ने पूछा, क्या-क्या चुराया गया है? चन्दन ने बतलाया, राजा ने लिखवा लिया और आदेश दिया—ढोंडी पिटवाओ, चन्दन सार्थवाह के घर चोरी हो गई है, उसका धन चुरा लिया गया है। इसलिए किसी के घर मे किसी भी व्यवहार-योग से किसी भी तरह के लेन-देन के रूप मे वह धन या उसका कुछ भाग आ गया हो तो राजा चण्डशासन से निवेदित करे। यदि निवेदित नहीं किया गया और धन मिल गया तो राजा उसकी सारी सम्पत्ति जब्त कर लेंगे और उसे शारीरिक दण्ड भी देंगे, क्षमा नहीं करेंगे। यों मुनादी हो गई।

ऐसा होने के पाच दिन वाद यज्ञदेव ने राजा को वतलाया—राजन् ! यद्यपि मित्र का दोप प्रकट करना उचित नही है तथापि पर-लोक और इहलोक के विरुद्ध काम करने वाले, अहितकर आचरण द्वारा जो अपने आपका भी अमित्र-शत्रु है, ऐसे मित्र से मुझे क्या। जानते हुए राजा और प्रजा के प्रतिकूल कार्य की उपेक्षा नही करनी चाहिये। इसलिये आपको निवेदित कर रहा हूँ। राजा ने कहा- आप कहे। यज्ञदेव ने कहा—राजन् ! सुनें, मैंने चक्रदेव के पास रहने वाले उसके सेवको से सुना है कि चन्दन सार्थवाह का धन चक्रदेव ने चुराया है और उसे अपने घर मे छिपा लिया है। यह सुनकर, जैसा महाराज उचित समझें, करें। राजा ने कहा—आर्य ! यह सम्भव नही लगता। वह उच्च कुल मे उत्पन्न (कुलीन) है, इस अत्यन्त विरुद्ध—अत्यन्त अनुचित कार्य को कैसे कर सकता है ? यज्ञदेव ने कहा—महाराज ! जो अज्ञान और लोभ के वश मे हैं, उनके लिये कुछ भी असम्भव नही है। इसमे कुल का क्या दोप ? क्या सुगन्धित फूलो मे कीडे नही होते ? अत किसी तरह से उसके घर की तलाशी करवाईये। यह उपयुक्त है—यो कहकर राजा चण्डशासन ने वैसा ही किये जाने की आज्ञा दी। उसने कमचारियो को कहा कि नगर के विशिष्ट लोगो के साथ चन्दन सार्थवाह के खजाची को लेकर चक्रदेव के घर मे चुराये गये धन की तलाश करो। जिसकी कोई सम्भावना नही, उसके लिये ऐसा करने से क्या लाभ ? अथवा हम लोग तो राजा के आज्ञापालक हैं, हमे क्या—यो सलाह कर राजकर्मचारी नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियो तथा चन्दन सार्थवाह के खजाची को लेकर एक पहर दिन चढे मेरे घर पर आये। उन्होने मुझे पूछा—सार्थवाह-पुत्र ! आपके यहा इस प्रकार का धन किसी लेन-देन के प्रसग मे आया तो नही है ? तब मैंने विना किसी शका के कहा—नही, ऐसा नही हुआ है। उन्होने कहा—आप क्रोध मत करना। राजा की आज्ञा है कि आप के घर की तलाशी ली जाए। मैंने कहा—इसमे क्रोध करने की क्या वात है। महाराज का प्रयत्न प्रजा की रक्षा के हेतु है।

तव नगर के प्रतिष्ठित लोगो के साथ राज-कर्मचारी मेरे घर मे प्रविष्ट हुए। उन्होने नाना प्रकार के द्रव्य का निरीक्षण किया, प्रयत्नपूर्वक रखा हुआ चन्दन सार्थवाह का नाम लिखा हुआ सोने का वर्तन उन्हे दिखाई दिया। उसे वे वाहर लाये। चन्दन के खजाची को दिखाया। उसने उसे देख कर दुःख के साथ कहा—उस जैसा ही प्रतीत

होता है, पर निश्चित रूप से नही जानता । जाच करने वाले अधिकारियो ने कहा—चुराये गये धन की फेहरिस्त का कागज पढो । वहां यह (वर्तन) इस प्रकार (जैसा यह है) लिखा है या नही ? कागज पढा गया, लेख देखा गया । नागरिकगण और जाच करने वाले अधिकारी पढकर स्तब्ध रह गये । उन्होने कहा—सार्थवाह-पुत्र ! यह आपके पास कहा से आया ? तब मैंने सोचा—सद्भावपूर्वक रखी हुई मित्र की धरोहर को कैसे प्रकाशित करू ? कही, उसके यहा भी तो इसी प्रकार से (न्यास-लेन-देन आदि के सन्दर्भ मे) यह नही आ गया हो ? इसलिये अपने प्राणो के लोभ से मित्र के प्राण सकट मे कैसे डालू ! ऐसा सोचकर मैंने कहा—यह मेरा अपना है । उन्होने पूछा-इस पर चन्दन का नाम कैसे लिखा है ? मैंने कहा—मैं नही जानता, कही वर्तन की अदला-बदली हो गई हो । यह कितने मूल्य के सोने का है ? मैंने कहा—मुझे भली-भाति याद नही है, स्वय ही देख लें। जाच अधिकारियो ने कहा - पत्र पढो । चन्दन सार्थवाह का पात्र कितने मूल्य का है । पत्र पढा गया और पाया गया कि वह पात्र दस हजार मोहरो के मूल्य का है ।

उन्होने पात्र को कब्जे मे लिया । पत्र मे लिखी हुई बात उससे मिलती थी । नागरिक और जाच-अधिकारी चकित हो गये । वे सोचने लगे—अप्रतिहतचक्र सार्थवाह के पुत्र चक्रदेव द्वारा यह कैसे सम्भव हो सकता है ? उन्होने मुझको फिर पूछा—सार्थवाह-पुत्र ! यह राजा की आज्ञा है । आप साफ-२ कहे, यह आपको कहां से मिला ? तब मैंने पूर्ववत् सोच कर वैसा ही कहा । दैव-भाग्य (सयोग) को धिक्कार है—यो कह कर वे मत्रणा करने लगे । उन्होने कहा—और भी कोई दूसरे की वस्तु आपके घर मे नही है ? मैंने कहा—कुछ भी नही है ।

तब पत्र को पढकर उन्होने मेरे घर की विशेष रूप से तलाशी ली । जैसा पत्र मे लिखा था, उसके अनुसार वहां पर सारे के सारे द्रव्य-उपकरण (धन, बहुमूल्य वस्तुएँ) प्राप्त हुए । इस पर पुलिस-अधिकारी (जो जाच मे लगे थे) मुझ पर क्रुद्ध हो गये । वे मुझे राजा के पास ले गये । चण्डशासन राजा को उन्होने सारा वृत्तांत कह सुनाया । राजा ने कहा - सार्थवाह-पुत्र । तुमने दोनों लोक-इस लोक व परलोक का मार्ग समझा है । इसलिए ऐसा न करने योग्य अनुचित

कार्य तुमने किया है, मुझे यह सम्भव नही लगता, इसलिये
लाओ—इसमे वास्तविकता क्या है ? मेरी आखे आसुओ से भर गई,
ने पहले की तरह सोचते हुए, राजा के आगे कुछ भी नही कहा ।
ाजा को यद्यपि मुझ पर सन्देह हो गया था पर वह मेरे पिता का
बहुत आदर करता था, इसलिए मुझे अनुचित वचन न कहते हुए, कष्ट
न देते हुए देश-निकाले की आज्ञा देदी । राज-पुरुष मुझे नगर से
बाहर ले गये, नगर देवता की वन-भूमि के पास मुझे छोड दिया । राज-
पुरुष लौट आये । मैं विचार करने लगा—अब इस जीवन को जो
एक-मात्र तिरस्कार का पात्र है, रखने से क्या ? इसलिए नगर-
देवता के वन के समीपवर्ती वरगद के पेड से लटक जाऊँ—लटककर-
फासी लगा कर प्राण त्याग दूँ । यो सोच कर वरगद के पास आया ।
इसी बीच वन-देवता ने अवधि-ज्ञान से मेरा वृत्तान्त जान लिया
मेरे पर उनमे करुणा-भाव उत्पन्न हुआ । राज-माता मे आविष्ट-
प्रविष्ट होकर उन्होने राजा को यथार्थ स्थिति से परिचित करा
राजा को कहा कि खिन्नता के कारण चन्द्रदेव नगरोद्यान के पास स्थि
अमुक वरगद के पेड से फासी लगाकर प्राण त्यागने के लिए य
शील है । इसलिये उसे शीघ्र रोको तथा उसका सम्मान कर नग
प्रवेश कराओ । तब राजा क्रोध और स्नेह से मिला हुआ (यज्ञदे
प्रति क्रोध व चन्द्रदेव के प्रति स्नेह) रस—आनन्द अनुभव करता
"अरे ! दुराचारी यज्ञदेव को गिरफ्तार करो," ऐसा आदेश
प्रधान हथिनी पर आरूढ होकर, पास मे जो सेवक थे, उन्हे स
जल्दी २ नगर से रवाना हुआ और नगर के उद्यान मे पहुचा

राजा ने वरगद की शाखा मे लगाये गये (वाधे गये
से वनाये फन्दे मे गर्दन डाले अपने को मारने के लिये तत्पर
उतावलेपन के कारण अत्यन्त शीघ्रता करता हुआ राजा दू
"अरे चन्द्रदेव । ऐसा दु साहस मत करो," यो कहता हुआ
गई हथिनी से वरगद के वृक्ष के पास नीचे उतरा । रा
फासी को हटाया और मेरा हाथ पकड कर मुझे हथिनी
बहुत आदर पूर्वक उन्होंने मुझे कहा—हे सार्थवाह-पुत्र ।
भी आपने सद्भाव—यथार्थ स्थिति का कथन नही कि
उचित था ? तब मैं सोचने लगा—यह क्या ? मेरे मि
प्रकाशित कर दिया है । इस बीच र

सार्थवाह-पुत्र ! मेरी माता मे प्रविष्ट होकर नगरदेवता ने यह सारा वृत्तात मुझे कहा है। तुम निर्दोष हो । दुष्ट यज्ञदेव इस काय मे दोषी है । इसलिये तुम माफ करना, वास्तविकता न जानने के कारण मेरी ओर से तुम्हे कुछ कष्ट हुआ । तब मैंने यह सोचकर कि यज्ञदेव कष्ट मे पड जायेगा, राजा से कहा—देव ! यह राजधर्म है। आप प्रजा की रक्षा मे तत्पर हैं, इसलिए आपको कोई दोष नही है । राजन् ! यज्ञदेव की भी यथार्थ स्थिति की छानबीन करें । उस महात्मा द्वारा ऐसा अनुचित कार्य किया जाना सम्भव नही है । राजा ने कहा—उसकी भली-भाति छान-बीन करली गई है । भगवती वन-देवताने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह सब उसी दुष्ट ने किया है । देवता ने जो कहा था, वह सब राजा ने बतलाया । (राजा ने कहा) मुझे मन मे लगा था—तुम्हे दोषी ठहराने के अभिप्राय से यज्ञदेव ने यह सब किया है । यज्ञदेव ने जो कहा था, वह सब राजा ने कह सुनाया । मैं सोचने लगा—अफसोस ! जिसकी कोई सम्भावना नही थी, वह कैसे सम्भव हो गया ? इसी बीच राजपुरुष यज्ञदेव को बाधकर वहा लाये और राजा के सामने हाजिर किया । राजा ने कहा—अरे ! इसकी जीभ काटकर नेत्र निकाल लिये जाय । यज्ञदेव दु खी हो गया । तब मैंने राजा के चरणो मे पडकर उनसे निवेदन किया देव ! यह मेरा ही अपराध है, क्षमा करें, यज्ञदेव को छोड दें । राजा ने कहा सार्थवाह-पुत्र ! यह उचित नही है । यह दुराचारी है । इसलिये और कुछ निवेदन करो । मैंने कहा—राजन् ! और कुछ नही निवेदन करना है । यदि आपका मेरे प्रति विशेष आदर है तो मेरी यही माग पूरी करें । राजा ने कहा—तुम्हारा वचन अलघनीय है—न टालने योग्य है—तुम यह जानते ही हो । तब मैं "यह महाराज की कृपा है"—यह कहकर उनके चरणो मे गिर पड़ा और यज्ञदेव को छुड़वा दिया ।

राजा ने मुझे अपने महल मे भिजवाया । वहा सम्मानित होकर अत्यन्त वैभव के साथ मैं अपने घर लौटा । लोग कहने लगे—अरे ! यज्ञदेव की कितनी नीचता है ! मेरे मन मे वैराग्य उत्पन्न हुआ। देखो, ऐसे मित्रो का भी ऐसा नतीजा होता है । अहो ! यह ससार असार है, कर्मों की परिणति—परिणाम विचित्र है, प्राणियो की चित्त-वृत्तियों को समझना बहुत कठिन है । इसलिये नही जाना जा सकता, यहा क्या उचित है ?

इसी बीच स्वनामधन्य अग्निभूति नामक गणधर वहा आये। वे नगर के उद्यान मे रुके। मैं बाहर आया हुआ था, मैंने उन्हे देखा, मेरा उनके प्रति अत्यधिक आदर भाव हुआ। मैंने उन्ह प्रणाम किया। उन्होने मुझे धर्म-अहिंसा-दया का लाभ दिया। मैं उनके चरणो बैठा। मैंने उनसे सब दुखो का विनाश करने वाले धम के सम्बन्ध मे पूछा। उन्होने क्षमा आदि साधु-धर्म के बारे मे बताया। वह सुनकर मेरे मन मे देश-विरति—आंशिक त्याग (श्रावक-धम) उत्पन्न हुआ। मेरा धर्मानुराग बढता गया और मुझे ससार से वैराग्य उत्पन्न हो गया। मैंने सोचा मात्र ससार—आवागमन (जन्म-मरण) बढाने वाले इस परिक्लेश से क्या लाभ है, अत मैं प्रव्रज्या स्वीकार करूँ। इसी बीच मेरा कम-समूह नष्ट होने लगा, (कर्मों के) बन्धन की स्थिति चलित होने लगी मेरा आत्म-वीर्य—आत्मबल जागा। मुझ मे सर्व-विरति का परिणाम उत्पन्न हुआ। प्रवचन के समाप्त होने पर मैंने गुरुवर से निवेदन किया—आपने मुझ पर अनुग्रह किया है, ससार के प्रपच—जजाल से मेरा मन विरक्त हो गया है, इसलिये भगवन्! आप आज्ञा दे, मुझे क्या करना चाहिए? वे शास्त्रो का रहस्य जानने वाले थे। उन्होने मेरा भाव जानकर कहा—महापुरुषो द्वारा सेवित श्रमण-धर्म को स्वीकार करना आपके लिये उपयुक्त है। तब मैंने उनके पास ही श्रमण-दीक्षा स्वीकार की। विधिपूर्वक उसका पालन किया। आयु पर्यन्त पालन करते हुए मैं समय आने पर देह त्याग कर ब्रह्मलोक मे नौ सागरोपम आयु वाले वैमानिक देव के रूप मे उत्पन्न हुआ।

दूसरा—यज्ञदेव शर्कराप्रभा नामक नरक मे तीन सागरोपम आयु वाले नारक के रूप मे उत्पन्न हुआ। अपने आयुष्य का पालन कर भोगकर मैं देवलोक से च्युत होकर यही विदेह क्षेत्र मे स्थित गन्धिलावती विजय (देश) मे रत्नपुर नामक नगर मे रत्नसागर नामक सार्थवाह की श्रीमती नामक पत्नी की कोख मे पुत्र रूप मे आया। दूसरा (यज्ञदेव का जीव) उस नरक से निकल कर शिकारी का कुत्ता होकर, मरकर वही (उसी पहले वाले नरक मे) तीन सागरोपम आयु-वाले नारक के रूप मे उत्पन्न होकर (अपना काल पूरा कर), वहा से निकलकर अनेक पशु-पक्षियो की योनियो मे भटक कर वही रत्नपुर मे मेरे पिता की नर्मदा नामक घर की नौकरानी की कोख मे पुत्र रूप मे आया। उचित समय पर हमारा (हम दोनो का) जन्म हुआ।

बचपन आया । नाम रखे गये मेरा चन्द्रसार व उसका अनहक ।
(दोनो) जवान हुए । मेरा विवाह हुआ । हम सासारिक सुख में
आसक्त रहने लगे । पूर्वजन्म के सस्कार से उसका मेरे प्रति वचना-
भाव—छल करने की प्रवृत्ति नही मिटी ।

एक समय वहा मास-कल्प से विहार करने वाले भगवान्
विजयवर्द्धनाचार्य आये । मैंने उनके चरणो मे श्रावक-धर्म स्वीकार
किया ।

एक समय जब (हमारा) राजा लम्बी विजय-यात्रा पर गया
हुआ था, हम लोग दूसरे गाव गये हुए थे, विघ्यकेतु नामक भीलों के
सेनापति ने उस (हमारे) नगर को क्षत-विक्षत कर स्त्री एक का
अपहरण कर लिया- हमने यह सुना । हम नगर मे आये श्मशान का
अनुकरण करते हुए—श्मशान जैसे नगर को देखा, (अपने) लोगो की
खोज की । सब मिल गये, पर मेरी पत्नी चन्द्रकान्ता नही मिली ।
उसका अपहरण कर लिया गया था । तब मेरे मन मे शोक उत्पन्न
हुआ । मैं चिन्ता करने लगा—वह तपस्विनी (पति भक्ति निष्ठ, असः-
हाय), जो मुझ मे कभी विरहित नहीं हुई, कैसे प्राण धारण करेगी ?
इसी बीच देवशर्मा नामक वृद्ध ब्राह्मण ने मुझे कहा—हे सार्थवाह पुत्र !
शोक मत करो । पहले भी इसी प्रदेश की श्रीस्थल नामक बस्ती से
भील एक व्यक्ति (स्त्री) को अपहृत कर ले गये थे । उसे सम्पूर्णत
अखडित चरित्र रखते हुए बहुत सा धन लेकर छोड दिया गया ।

ऐसा सुनकर मैं कुछ दिन व्यतीत होने पर, जब भील अपने
स्थान पर पहुच चुके, अनहक को साथ लिए बहुत सा धन तथा घृत
मे बने खाद्य पदार्थों का पाथेय (मार्ग मे खाने के लिये भोज्य पदार्थ)
लेकर चन्द्रकाता को छुडाने के लिये रवाना हुआ ।

इधर मेरे वियोग से दु खित, चरित्र-खण्डन की आशंका से
युक्त चन्द्रकान्ता ने किसी सूने गाव के कुएँ के किनारे पर टिकी हुई
भील सेना में रात्रि के अन्तिम समय रवानगी के वक्त जब कोलाहल
मचा था, भीलो के समूह अपने घेरे की निगरानी मे लगे थे, जीवन
की जरा भी अपेक्षा—चाह न करते हुए उसी पुराने कुएँ मे अपने आपको
गिरा दिया । वह पानी मे गिर पडी, पानी के प्रभाव से मरी नहीं ।
उस कुएँ मे स्थित एक खोखले मे वह रहने लगी । जीवित-आयुष्य
शेष था, इसी हेतु मानो वह बडे कष्ट में प्राण धारण किये हुए थी ।

हम उस स्थान पर पहुचे । पूर्व-जन्म के संस्कार तथा उस (चन्द्रकांता को छुडाने के हेतु साथ मे लिए हुए) धन को देखने से उसके मन मे मुझे धोखा देने का भाव जागा । वह सोचने लगा—मैं इसे कैसे ठगू – धोखा दू ? यो उसका हृदय अनेक प्रकार के विकल्पो से आकुल था और मेरा भाव शुद्ध था । हम दोनो चले जा रहे थे । मार्ग का भोजन और धन वारी-वारी से हम मे से प्रत्येक हाथ मे लेता रहता था ।

एक वार मेरे हाथ मे पाथेय था और उसके हाथ मे धन की गठरी । यो चलते हुए हम उस स्थान पर पहुचे, जहा (वह) चन्द्रकांता रहती थी । वह कुआ दिखाई दिया, इसी बीच सूर्य अस्त हो गया, सध्या आ गई । तब अनहक ने सोचा—'मेरे हाथ मे धन की गठरी है, यह निर्जन वन है, यह पाताल तक गहरा कुआ है और अपराध के विल को ढकने वाला अंधकार भी फैल रहा है । इसको इस (कुएँ) मे धकेल कर मैं यहा से चला जाऊँ । यो सोचकर उसने मुझे कहा - सार्थवाह-पुत्र ! मुझे बडी प्यास लगी है । इसलिये इस पुराने कुएँ को देखो, इसमे पानी है या नही ? तब मैं पाथेय की गठरी लिये हुए कुएँ को देखने लगा । (जीवन के प्रति) अत्यन्त विश्वस्त व्यक्ति के पास जैसे मौत आती है, उसी प्रकार अनहक मेरे पास आया, सहसा मुझे कुएँ मे धकेल दिया, मैं जल के बीच गिर पडा । वह उस स्थान से चला गया । मैं भी हडबडाता हुआ खोखले के एक भाग मे सट गया ।

स्त्री स्वभाव के कारण चन्द्रकांता भयभीत हो गई । उसके अग-अग मे घबराहट व्याप्त हो गई । उसने "अर्हतो को नमस्कार हो"—इस प्रकार कहा । मैंने उसका शब्द पहचान लिया । मेरा हृदय धडकने लगा । मैंने उसे कहा - जिनका जिनशासन मे अनुराग है, उन्हे कोई भय नही । उसने भी मेरा शब्द पहिचान लिया । वह रोने लगी । मैंने उसे ढाढस बन्धाया और उसका हाल पूछा । उसने मुझे बताया तथा मैंने भी अपना हाल उसे कहा । वह बोली – अनहक ने बडा बुरा किया । मैंने कहा—सुन्दरी ! बुरा नही किया, उस महानु भाव ने तो बडा उपकार किया है कि तुम से मिला दिया । हमें बहुत कम नींद आई । रात बीत गई । सूर्य उगा । तब मैंने चन्द्रकांता को पाथेय दिया । उसने कहा – आपके लिये बिना मैं कैसे लूँ ?

तब मैंने उसके स्नेह-विह्वल हृदय के भाव जान कर असमय मे ही पाथेय ग्रहण किया । हम दोनो ने खाया । फिर मैं सोचने

लगा—संसार-सागर की तरह इस कुएँ से हम किस प्रकार निकल पायेंगे ? यो सोचते-सोचते कुछ दिनो मे पाथेय समाप्त हो गया, जीवन की आशा मिट गई । मैं चिन्ता करने लगा—जैन धर्म प्राप्त कर श्रमण-दीक्षा स्वीकार किये बिना ही क्या मैं अकृतार्थ-अपने जीवन का कार्य साधे बिना ही मर जाऊँगा ? इस बीच चन्द्रकाता का बायाँ और मेरा दाहिना नेत्र फुरका । वह बोली—आर्यपुत्र ! मेरा बायाँ नेत्र फुरक रहा है । तब मैंने अपने हृदय का सकल्प व दायें नेत्र का फुरकना बतलाया । मैंने उसे आश्वासन दिया—सुन्दरी ! इन निमित्तो -(शुभ) शकुनो से प्रतीत होता है कि हमारा सकट बहुत समय तक नही रहेगा। इसलिये तुम सन्ताप मत करो । उसने यह ध्यानपूर्वक सुना । इस प्रकार हमारा यो एक दिन-रात और बीता कि शबर राजधानी से रत्नपुर निवासी नन्दिवर्द्धन नामक सार्थवाह का रत्नपुर की ओर जाता हुआ काफिला वहा आया । पानी के लिए रस्सी लेकर लोग वहाँ कुएँ पर पहुचे । उन्होने हमे देखा । अपने सार्थवाह को बतलाया । मचिया को कुएँ के भीतर डालकर हमे बाहर निकलवाया और पहचान लिया, हमारा हाल पूछा, हमने विस्तारपूर्वक बतलाया । उसे (सार्थवाह को) अचरज हुआ । हम लोग रत्नपुर की ओर चले । (शबर) राजधानी से पाच मन्जिल आगे बढने पर समीप ही अनहक का मृत शरीर, जिसकी हड्डियो का ढाचा मात्र बचा था, जिसके बाईं तरफ धन की गठरी पडी थी, जो एक सिंह द्वारा चिर-निद्रा मे पहुचा दिया गया था, दिखाई दिया । धन देखकर हमने उसे पहचान लिया । तब वैसा कर्म-फल देखकर मेरा विवेक जागा, चारित्र-मोहनीय कर्म का क्षयोपशम हुआ, चारित्र्य का भाव उदित हुआ, जो समग्र जीव-लोक मे कठिन है ।

तब मैं वैसे बढते परिणामो के साथ अपने नगर में आया, विजयवर्द्धनाचार्य के पास विधिपूर्वक दीक्षा ग्रहण की, अपना आयुष्य पूरा कर, विधि-वत् देह-त्याग कर महाशुक्र-कल्प मे सोलह सागरोपम आयुवाले वैमानिक देव के रूप मे उत्पन्न हुआ । इधर अनहक, सिंह ने जिसे मार डाला था, बालुकाप्रभा में सात सागरोपम स्थिति वाले नारक के रूप मे उत्पन्न हुआ ।

मैं अपना आयुष्य पूरा कर, देवलोक से च्युत होकर (देवलोक को छोडकर) इसी जम्बू द्वीप के अन्तर्गत भारतवर्ष मे रथवीरपुर नामक

नगर मे नन्दिवर्द्धन नामक गाथापति की सुरसुन्दरी नामक पत्नी की कोख मे पुत्र रूप मे आया। दूसरा भी उस नरक से निकल कर विन्ध्यगिरि नामक पर्वत पर सिंह के रूप मे उत्पन्न हुआ, जो अनेक प्राणियो को मारने मे तत्पर रहा। सिंह के रूप मे उत्पन्न होकर फिर मरकर सात सागरोपम आयु वाले नारक के रूप मे वही (उसी वालुकाप्रभा मे) उत्पन्न हुआ। वहाँ से निकलकर तरह-तरह के पशु-पक्षियो की योनि मे भटककर उसी नगर मे सोम सार्थवाह की नन्दिमती नामक पत्नी की कोख मे पुत्र रूप मे आया। ठीक समय पर हम दोनो का जन्म हुआ। हमने बालभाव-शैशव प्राप्त किया। हमारे नाम रखे गये—मेरा अनगदेव तथा उसका धनदेव। बचपन से ही मेरे मन मे उसके प्रति सद्भावना प्रेम था, उसके मन मे मेरे प्रति छल (धोखा)।

बाल्यावस्था मे ही मैंने देवसेन गुरु के पास सर्वज्ञ-भाषित धर्म प्राप्त-ग्रहण किया। हम दोनो युवा हुए। पूर्व-पुरुषो (पुरखो) द्वारा कमाये हुए काफी धन के होते हुए भी अभिमान से "पूर्व पुरुषो द्वारा अर्जित धन से हमे क्या"—यो सोचते हुए धन प्राप्त करने के लिये हम रत्नद्वीप गये। हमने रत्न प्राप्त किये, उन्हे सजोया, अपने देश को रवाना हुए।

इस बीच पूर्व-जन्म मे किये हुए कर्मो के दोष से धनदेव सोचने लगा—मैं इस अनगदेव को किस प्रकार धोखा दू ? उसने अनेक प्रकार के झूठे विकल्प सोचे। सिद्धान्त स्थापित किया—मन मे दृढ निश्चय किया—मारे बिना मैं इसे धोखा नही दे सकता, इसलिए मैं इसकी हत्या करू। उसने उपाय सोचा—इसे भोजन मे जहर दे दू।

आगे हम स्वस्तिमती नामक गाव मे पहुचे। धनदेव भोजन लाने बाजार गया। उसने भोजन तैयार करवाया। एक लड्डू मे उसने जहर डाल दिया। उसने सोचा—यह उसे (अनगदेव को) दे दूगा। आते समय उसके चित्त मे तरह-तरह के विकल्प उठ रहे थे। उसे विपर्यय—उल्टी धारणा हो गई। भोजन के समय उसने जहरवाला लड्डू खुद ले लिया और मुझे दूसरा दे दिया। हमने ज्योही खाना खाया, थोडी देर मे ही धनदेव बिछ गया—ढेर हो गया। तब यह कैसे हुआ—यो आकुल होता हुआ मैं किंकर्त्तव्यविमूढ होकर थोडी देर ठहरा, इतने मे विष की अत्यन्त उग्रता से कर्म-फल की विचित्रता से धनदेव समाप्त हो गया। मैं सोचने लगा—हाय ! यह किसने किया ? सही

वृत्तान्त मुझे मालूम नही हो सका ।

शोक से मेरा मन अत्यन्त दु खित हो गया । मैं नगर मे आया । उसके आदमियो-पारिवारिक जनो को उसका हाल बताया । अधिकतर रत्न उन्हे दे दिये । बाकी के रत्नो को यथोचित रूप मे पुण्य कार्य मे लगा कर उस पूर्वोक्त घटना से उत्पन्न वैराग्य के कारण, मैने, जिसे तब तक विषयासक्ति का अनुभव नही था, देवसेनाचार्य के पास श्रमण-दीक्षा स्वीकार की । यावज्जीवन उसका परिपालन कर (अन्त समय मे) विधिपूर्वक (पण्डित-मरण पूर्वक) देह त्याग कर प्राणत-कल्प मे उन्नीस सागरोपम आयुयुक्त देव के रूप मे उत्पन्न हुआ । दूसरा - कनकदेव भी विष से मरने के बाद पकप्रभा नामक नरक भूमि मे नौ सागरोपम आयुवाले नारक के रूप मे उत्पन्न हुआ । तब मैं आयु पर्यन्त देव-योनि को भोग कर वहा से च्युत हुआ और इसी जम्बू द्वीप मे ऐरावत क्षेत्र मे हस्तिनापुर नामक नगर मे हरिनन्दि नामक गाथापति की लक्ष्मीमती नामक पत्नी की कोख मे आया । दूसरा भी उस नरक से निकल कर साप की योनि प्राप्त कर अनेक प्राणियो को मारता हुआ-दवाग्नि से जलकर, मरकर उसी पकप्रभा नामक नरक मे दस सागरोपम से कुछ कम आयु वाले नारक के रूप मे उत्पन्न हुआ । वहा से निकल कर पशु-पक्षियो की योनियों मे भटक कर उसी हस्तिनापुर नामक नगर मे इन्द्र नामक बूढे सेठ की नन्दिमती नामक पत्नी की कोख मे पुत्र रूप मे आया । ठीक समय पर हम दोनो का जन्म हुआ । हमारा नामकरण-सस्कार हुआ । मेरा नाम वीरदेव तथा उसका नाम द्रोणक रखा गया ।

हमने बाल्भाव—शैशव प्राप्त किया । हमे शिक्षक के यहा भेजा गया । हमारे मे पूर्व जन्म के अनुरूप प्रीति-भाव उत्पन्न हुआ । कलाओ की शिक्षा प्राप्त कर मैंने सारसग गुरु के पास जिन-प्रणीत धर्म स्वीकार किया । बाह्य रूप से द्रोणक ने भी, जो प्रदर्शन या चाल-बाजी से मुझे धोखा देना चाहता था, वैसा किया (जिन धर्म स्वीकार किया) । धर्म के प्रति अपने अनुराग भाव के कारण तबसे उसके साथ मेरा प्रेम और दृढ हो गया । मैंने उसे बहुत सा धन दिया और कहा कि प्रतिदिन—प्रशस्त (ईमानदारी पूर्ण) मार्ग से व्यापार करो । तब वह व्यापार करने लगा । उसने खूब धन पैदा किया । इस बीच पूर्व-कृत कर्मों के दोष से उसके मन में मुझे ठगने (धोखा देने) का विचार

भाव उत्पन्न हुआ। वह सोचने लगा—मैंने अत्यधिक धन उपार्जित किया है। वीरदेव उसका हिस्सेदार है। इसलिए किस उपाय से उसे वञ्चित करू—धोखा दू ? हमारे आपसी लेनदेन के सम्बन्ध मे किसी को जानकारी नही है। इसलिए किस मार्ग का अवलम्बन करू—सहारा लू ? इस शत्रु के प्रति मेरा असत्य वचन नही निभ सकेगा इसलिए मुझे इसकी हत्या कर देनी चाहिए। फिर मैं जैसा कहूँगा, मान लिया जायेगा। यो निश्चय करके उसने अपना प्रयत्न प्रारम्भ किया। विशाल भवन वनवाया। उसके ऊपर के हिस्से मे झरोखा, जिसके कीले यथावत् रूप मे फिट नही करवाये गये थे, तैयार करवाया। उसने सोचा—वीरदेव को महल मे आने को निमन्त्रित करके यह झरोखा दिखलाऊ। तव वह उस (झरोखे) की सुन्दरता के कारण उसे देखने ऊपर चढेगा। वह वहा से गिर कर फिर वचेगा नही। ऐसा होने से लोक-निन्दा भी नही होगी। यो उसने जसा सोचा था, किया। भोजन करने के बाद हम दोनो सपरिवार महल पर चढे। इस वीच उसकी बुद्धि नष्ट हो गई। मुझे दिखाने के लिए वही अकेला उस झरोखे पर चढा। जब तक मैं चढ नही पाया था, वह गिर पडा। मैंने हाहाकार करते हुए नीचे उतर कर ज्योही देखा, वह (द्रोणक) मर चुका था। मेरे मन मे वैराग्य उत्पन्न हुआ। मैं सोचने लगा—इस प्राणि लोक को धिक्कार है। सासारिक कर्मों का ऐसा ही अन्त होता है। तब उसके मृतको-चित कर्म सम्पादित कर, मैंने वैराग्यपूर्वक मानभग गुरु के पास श्रमण-दीक्षा स्वीकार की। आयु-पर्यन्त श्रमण-जीवन का परिपालन कर में अधस्तन-उपरितन (तीसरे) ग्रैवेयक मे पच्चीस सागरोपम से कुछ कम आयुष्यवाले देव के रूप मे उत्पन्न हुआ। द्रोणक भी उस प्रकार के रौद्र-ध्यान से युक्त होता हुआ (मरकर) धूमप्रभा नामक नरक-भूमि मे वारह सागरोपम आयु-वाला नारक हुआ। मै वहा (ग्रैवेयक मे) देवायु का अनुभोग कर वहा से च्युत होकर इसी जम्बूद्वीप मे इसी विजय मे चम्पावास नामक नगर मे मणिभद्र नामक सेठ की धारिणी नामक पत्नी के गर्भ मे पुन रूप मे आया। ठीक समय पर उत्पन्न हुआ। मेरा नाम पूर्णभद्र रखा गया। पहले पहल ध्वनि (शब्द) का उच्चारण करते समय मेरे मुह से 'अमर' (शब्द) निकला। इसलिए मेरा दूसरा नाम अमरगुप्त भी रख दिया गया। एक श्रावक के घर मे उत्पन्न होने के कारण वचपन से ही मैंने जिनोपदिष्ट धर्म स्वीकार कर लिया। इस वीच दूसरा—द्रोणक भी उस नरक से निकल कर स्वयभूरमण समुद्र मे वडा मत्स्य हुआ। वा

अत्यन्त पाप-दृष्टि—पापी था। मरकर वह उसी धूमप्रभा नामक नरक भूमि मे बारह सागरोपम आयुवाला नारक हुआ। वहा से निकल कर अनेक पशु-पक्षियों की योनियो मे भटकता हुआ उसी नगर मे नन्दावर्त नामक सेठ की श्रीनन्दा नामक पत्नी की कोख मे पुत्री-रूप मे आया। उचित समय पर उसका जन्म हुआ। उसका नाम नन्दयन्ती रखा गया। वह युवती हुई। मुझे दी गई—मेरे साथ उसका वाग्दान—सगाई हुई। पाणिग्रहण—विवाह सम्पन्न हुआ। मेरा उसके प्रति प्रेम हुआ और उसका मेरे प्रति। विषय-सुख का अनुभव करते हुए हमारा कुछ समय व्यतीत हुआ। पूर्व-कृत कर्मों के दोष से उसका मुझे धोखा देने का भाव गया नही, जिससे, यद्यपि सारे घर का अधिकार उसे सौंपा हुआ था, फिर भी वह छलपूर्वक व्यवहार करती थी। मेरे सेवकों ने मुझे यह कहा पर मैंने विश्वास नही किया। एक दिन उस (मेरी-पत्नी) ने मुझ से कहा—मेरा बहुमूल्य कुण्डलो का जोडा खो गया है। वह स्वय ही उसे अपहृत कर छिपा कर (झूठी) आकुलता दिखाने लगी। मैंने उसे कहा—सुन्दरी ! यह छोटी सी बात है। इसके लिए इतनी क्षुब्ध (दु खित, उदास) क्यो होती हो ? मैं तुम्हारे लिए दूसरा कुण्डलो का जोडा बनवा दूगा। मैंने कुण्डलो का जोडा बनवा दिया। कुछ दिन व्यतीत हुए। एक बार मैंने तेल-मालिश या उबटन के समय अपने नाम से अकित रत्न-जटित मुद्रिका उसे दी। उसने उसे अपने गहनो की पिटारी मे छिपा दिया। स्नान एव भोजन का समय समाप्त हो जाने पर अगराग—देह पर चन्दन आदि का लेप कर, पान ग्रहण कर बिना आशका के उसकी पिटारी से मैंने स्वय ही अपनी रत्न जटित मुद्रिका लेली। मैंने उस (पिटारी) में पहले खोया हुआ बहु-मूल्य कुण्डलों का जोडा भी देखा। मैं सोचने लगा—क्या यह फिर मिल गया ? इस बीच भयभीत सी नन्दयन्ती आई। उसने मेरे हाथ में मुद्रा रत्न देखा। वह लज्जित हो गई। मैंने उसका यह भाव जान-लिया। तब मैं शीघ्र ही घर से बाहर चला गया। वह सोचने लगी, उसने कुण्डलो का जोडा देख लिया है। इसलिए अब क्या करना चाहिए ? इससे मेरा हल्कापन (ओछापन) प्रकट हुआ है। यह (मेरा पति) भी चला गया है। इसलिए जब तक पारिवारिक लोगों में मेरा हल्कापन प्रकट न हो, तब तक मुझे उसकी हत्या कर देनी चाहिए। अब बस यही उपाय है। तत्काल मार देने वाले (मन्त्र, औषधि आदि द्वारा सम्पादित) कामण योग—जादू या अभिचार का प्रयोग कर।

उसने अनेक प्रकार के मारक द्रव्यो के सयोग से योग तैयार किया। उसे एक स्थान पर रखती हुई वह एक साप द्वारा डस ली गई। पुरोहित रुद्रदेव ने यह मुझे बताया। मैं शीघ्रता से घर गया। नन्दयन्ती का शरीर विष के प्रभाव से बने काले चकत्तो से व्याप्त था। वह जीवित मात्र थी।

उसे उस स्थिति मे देख कर मैं सोचने लगा—मायापूर्ण इन्द्रजाल के समान इस जीवलोक को धिक्कार है। मेरी आखें आसुओ से भरी थी। मैंने गद्गद् शब्दो मे पूछा—सुन्दरी ! तुम्हे क्या पीडा है ? वह नही बोली। तब मैं विषण्ण—विषादयुक्त—दु खित हो गया। उसके जीवन की आशा मिट गई। अब गारुडिक—मन्त्र जानने वाले ही कुछ कर सकते हैं क्योकि मन्त्रो की शक्ति अद्भुत है। यह सोचकर गारुडिक बुलाये गये। उन्होने (गारुडिको ने) उसे देखा, वे विषादयुक्त हो गये। उन्होने कहा—सार्थवाह-पुत्र ! यह मृत्यु द्वारा डसी जा चुकी है। अब यह मन्त्र-साध्य नही है। इसलिए आप नाराज मत होना। यो कहकर वे चले गये। तब मेरे नौकर-चाकरो के रोते-चिल्लाते उसने प्राण छोड दिये। मैंने उसकी और्ध्वदेहिक—दाह-सस्कार आदि अन्त्येष्टि-क्रियाए की। उस (घटना) से मुझे वैराग्य हुआ, मेरा धर्मानुराग बढा। "इस जीव लोक को धिक्कार है", यो ससार की असारता सोच कर कष्ट और खेद-जनक आसक्ति-भाव का त्याग कर मैंने प्रव्रज्या स्वीकार की। वह दु खिया (मेरी पत्नी) उस प्रकार मर कर तम प्रधाना नामक नरक-भूमि मे उत्पन्न हुई। वहा उसकी आयु इक्कीस सागर की थी। यह मेरा वृत्तान्त है। इसे सुनकर राजा और नागरिको को वैराग्य हुआ। राजा ने पूछा—भगवन् ! उस (आपकी पत्नी) की तथा आपकी आगे क्या परिणति होगी ? भगवान् ने कहा—अनन्त ससार के पश्चात् उसकी मुक्ति होगी और मेरी यही इसी जन्म मे।

तब मैंने यह सुन कर इन्ही आचार्य भगवान् के पास अनेक नागरिको के साथ दीक्षा ग्रहण की। यह मेरे वैराग्य का विशेष कारण है। सिंहकुमार ने कहा—आपके वैराग्य का यह सुन्दर कारण है। भगवन् ! इस ससार मे कितनी गतिया हैं ? इसमे प्राणी किस किस प्रकार के शारीरिक तथा मानसिक दु ख अनुभव करते हैं ? ससार रूपी कारावास से छुडाने मे समर्थ कौनसा धर्म है ? धर्मघोष ने कहा—वत्स ! जो तुमने पूछा, उस सम्बन्ध मे सुनो—

यह संसार चार गतियों से युक्त है। नरक-गति, तिर्यक्-गति, मनुष्य-गति और देव-गति - ये चार गतियां हैं। सुख-दुःख के सम्बन्ध में सोचें तो स्पष्ट है संसार में आये हुए प्राणियों को जो जन्म बुढ़ापा व मृत्यु से पीड़ित, राग आदि दोषों से ग्रस्त तथा भोग रूपी विष से क्षीण चेतना वाले हैं, सुख कहां है ? सुख जरा भी नहीं है, दुःख बहुत है। इस सम्बन्ध में एक उदाहरण सुनो—जैसे कोई पुरुष अत्यन्त दरिद्रता के दुःख से सन्तप्त होता हुआ अपने देश को छोड़ कर परदेश को रवाना हुआ। ग्राम, आकर, नगर, पत्तन युक्त अपने देश को लांघकर कुछ दिन बाद रास्ता भूल गया। वह एक ऐसे बहुत बड़े जंगल में पहुंचा, जो शाल सरल, तमाल, ताल (ताड़)-समूह, बकुल, तिलक, निकुल, अंकोल, कदम्ब, वञ्जुल (बेंत), पलाश (ढाक), मल्लकि, शिरीष, निम्ब (नीम), कुटज, वानीर, खैर, सर्ज (एक प्रकार का चूने वाला शाल-वृक्ष), अर्जुन, आम, जामुन—इन वृक्षों के समूह से निबिड़—घना—आच्छन्न था, (जहां) गर्वोन्नत सिंहों के तेज नखों के अग्र भाग के प्रहार से चीर डाले गये मदोन्मत्त हाथियों के मस्तकों से गिरे हुए, गहरे खून में लाल हुए मोती रूपी फूलों के समूह से मानो जिसका विशाल भू-भाग पूजित था, जो जंगली सूअर, शरभ (कथा-साहित्य में वर्णित आठ पैरों वाला पशु, जो सिंह से भी बलवान् माना जाता है), बैल, पसय-मृग विशेष, बाघ, लकड़बग्घा, जरख भालू, गीदड़, हाथी गवय—गाय के सदृश पशु-विशेष, सिंह तथा भेड़िये आदि रुष्ट—कुपित और दुष्ट—मारक पशुओं से जो भयावह था, गर्वीले, जंगली भैंसों के समूह द्वारा मथे गये (समग्र) तालाबों में पानी के उछलने से भयभीत जलचरों (जल के जीवों) के विषाद से जहां दिशाएं नाना लहरी हो रही थी, उस विशाल वन में उसने, जो प्यास और भूख से पीड़ित था, गर्वोन्नत, दुष्ट पशुओं का शब्द सुनने से जिसकी आंखें भय से चपल हो गई थीं, उसने रास्ते की थकान के कारण निकले पसीने से जिसका सारा शरीर धुल गया था, दिशाओं का भ्रम हो जाने से ऊबड़-खाबड़ रास्ते में जिसके पैर लड़खड़ा रहे थे, घूमते-घूमते एक जंगली हाथी को देखा, जो प्रलय-काल के बादल जैसा (भयावह) था, अनेक शत्रुओं का पटका हुआ उत्साह जिसके कारण मिट गया था, रुधि की मजा (भीतरी) की तरह जिसकी (मदिय—मदो) विकार से विकार का मानो घर बना था, जो (हाथी) मार्ग में [illegible] दौड़ता हुआ, दण्ड की तरह अपनी सूंड को ऊपर किये आ रहा था।

सामने हाथ मे तेज तलवार लिये हुए, भयानक मुह तथा शरीर वाली, भीषण अट्टहास करती हुई, काले वस्त्र पहने हुए दुष्ट राक्षसी थी। उसे देख मौत के भय मे उसका शरीर कापने लगा। उसने सब दिशाओं की ओर देखा। उसे पूर्व दिशा मे उदयाचल की चोटी के समान महान् बरगद का पेड, जो (उदयाचल की तरह ऊचाई और सघनता के कारण) सिद्धो—विद्या, मन्त्र आदि मे सिद्धि प्राप्त विशिष्ट पुरुषो तथा गन्धर्वों (देवयोनि-विशेष) के जोडो के आकाश मे विचरने का मार्ग रोके हुए था, दिखाई दिया। उसे देखकर वह सोचने लगा, क्या करूँ—

यदि मैं किसी तरह इस बरगद के पेड पर, जिसके सघन पत्ते सूर्य के घोडो के खुरो के अग्र भाग से छिन्न-भिन्न हो गये हैं, चढ जाऊ तो इस गजराज से मेरा छुटकारा हो जाए, यो सोचकर वह भयभीत पुरुष, जिसकी पगथलिया डाभ के सूई जैसे (तीखे) सिरो से विंध गई थी, शीघ्रता से दौडता-दौडता उस विशाल बरगद के पेड के पास आया। आकाश मे विचरने वाले प्राणियो द्वारा भी बडी कठिनाई से लाघे जाने योग्य, अत्यन्त ऊचे तने वाले उस बरगद को देखकर उस पर चढने मे अपने को असमर्थ पाकर वह दुखी हो गया।

इतने मे उसने उस जगली दुष्ट हाथी को, जिसकी विशाल कनपटी भौंरो के समूह से युक्त थी तथा जो शीघ्रता से बरगद के समीपवर्ती स्थान की ओर बढा आ रहा था, देखा।

अत्यधिक भय से उसके सारे अग कापने लगे, उसके मुख पर त्रास—घबराहट छा गई, आखें अस्थिर हो गई। इधर-उधर निकलते हुए तिनको से ढका एक कुआ दिखाई दिया।

मृत्यु से भयभीत उस पुरुष ने बरगद के समीप स्थित पुराने कुए मे क्षण भर के जीवन के लोभ से बिना किसी सहारे के अपने को गिरा दिया।

उस कुए की ऊची दीवार मे उगा हुआ एक सरकडा था, जिसमे (जिसे पकड कर) वह (पुरुष) लटक गया। उसे वहा भयानक सर्प दिखाई दिये, जो उसके गिरने के धडके से क्रुद्ध थे। वे सर्प कुए के चारो ओर की दीवारो पर लगे थे। उनकी आखो से विषाग्नि की लपटे निकल रही थी। उनके फण विशाल और भयावह थे। उनके शरीर हिल रहे थे। वे डसने को उतारू थे।

तथा अकार्य (न करने योग्य) नहीं जान पाता। सरकण्डा जीवन या आयु है, जिससे जीव जीता है। काले और सफेद चूहों के समान कृष्ण तथा शुक्ल पक्ष दृढ़ता से आयु की जड़े खोद रहे हैं। जो मधुमक्खियाँ काट रही हैं, वे शरीर में होने वाले तरह तरह के रोग हैं, जिनसे पीड़ित होता हुआ मनुष्य पल भर भी सुख नहीं पाता। अजगर घोर नरक है। सांसारिक भोगों में जिसका मन मोहित है, ऐसा पुरुष उसमें गिरकर हजारों तरह के कष्ट पाता है। सांसारिक भोग शहद की बूंदों के समान हैं, जो तुच्छ (निःसार) हैं तथा परिणाम में अत्यन्त भयावह हैं। इसलिए विवेकशील मनुष्य आसक्ति के दुःख में फंस कर क्या उन्हें भोगना चाहे? इसलिए हे श्रावक! मेरा तुम्हें कहना है, सांसारिक भोगों के सुख को भयावह जानते हुए मनुष्य-जीवन को चंचल बिजली की चमक की तरह क्षण भर में नष्ट होने वाला समझो। स्वजनों—पारिवारिक जनों के समागम (मिलन) का सुख चंचल है—निरन्तर नहीं रहता। यौवन असार है। धर्म सुख का निधान है। उसमें अपनी बुद्धि को सदा दृढ़ बनाये रखो।

सिंहकुमार ने कहा—वह धर्म किस प्रकार का है? आचार्य भगवान् ने बताया—सुनो, वह क्षमा आदि है। कहा गया है—

शान्ति, मृदुता, ऋजुता, मुक्ति, तप, संयम, सत्य, शौच, अकिञ्चनता तथा ब्रह्मचर्य—यह श्रमण-धर्म है।

सम्यक् ज्ञानपूर्वक वस्तु-स्वभाव के चिन्तन से क्रोध का अनुदय उदय न होना और उदय में आये हुए (क्रोध) को निष्फल करना शान्ति है।

मान (अभिमान) का उदय न होना तथा उदय में आये हुए (मान) को विफल करना मृदुता है।

माया का उदय न होना और उदय-प्राप्त (माया) को विफल करना ऋजुता है।

लोभ का उदय न होना व उदय में आये हुए (लोभ) को निष्फल करना मुक्ति है।

तप दो प्रकार का है—बाह्य (बाहरी) और आन्तरिक (भीतरी)। कहा गया है—

नीचे एक काला और अपनी लाल लाल आखो से भयानक लगने वाला, जो अपने फुकार से मानो अपना होना सूचित कर रहा था, अजगर था। उसने अपना मुह फाड रखा था। दिग्गज—दिशाओ की रक्षा करने वाले हाथियो की सूड की तरह उसका शरीर मोटा था।

जब तक यह सरकडा है, तब तक मेरा जीवन है, यो सोचता हुआ जब वह (पुरुष) ऊपर मुह किये देखता है तो उसे एक सफेद और एक काला—दो चूहे दिखाई देते हैं, जिनकी दाढें बडी तीखी थी, जो बडे-बडे शरीर वाले थे, जो निरन्तर मुह खोले जल्दी जल्दी उस सरकडे की जडो को कुतर रहे थे।

उस मनुष्य को न पाने से उस जगली हाथी ने क्रुद्ध होकर उस बरगद के पेड को जोर-जोर से धकेला—हिलाया।

कुए पर स्थित उस बरगद के पेड के हिलने पर उसकी विशाल शाखा पर उत्पन्न (शहद के छाते के टूट जाने से) शहद की धार (बूदे) उस पुराने कुए मे गिरने लगी।

तब क्रुद्ध, दुष्ट बहुत सी भौरिया उस मनुष्य के सारे शरीर को काटने लगी। सयोगवश उसके सिर पर कुछ शहद की बूदे गिरी।

सिर से नीचे उतर कर—टपक कर शहद की कुछ बूदे उसके मुह मे प्रविष्ट हो गई। वह क्षण भर के लिए उनका तथा बाद मे गिरने वाली बूदो का स्वाद लेना चाहने लगा।

अजगर, साप, हाथी और चूहो द्वारा किये जाते ध्वंस तथा मधुकरियो (द्वारा काटे जाते रहने) का भय—इनको न गिनता हुआ वह शहद की बूदो का रस चखने के लोभ से हर्षित हो गया।

सासारिक जनो के मोह को मिटाने के लिए पर्याप्त (यथेष्ट) यह उदाहरण कल्पित किया गया है। इसका साराश सुनें।

(यहा वर्णित) पुरुष जीव है। वन मे भटकना चार गतियो मे भटकना है। जगली हाथी मृत्यु है। राक्षसी वृद्धावस्था है (राक्षसी वृद्धावस्था जानें)। बरगद का वृक्ष मृत्यु रूपी हाथी के भय से रहित मोक्ष है। जो पुरुष सासारिक भोगो मे लोलुप हैं, वे उस पर नही चढ सकते। कुआ मनुष्य-भव है। साप (क्रोध, मान, माया व लोभ रूप कषाय हैं, जिनसे खाया जाता—ग्रसा जाता मनुष्य कार्य (करने योग्य)

तथा अकार्य (न करने योग्य) नही जान पाता । सरकडा जीवन या आयु है, जिससे जीव जीता है । काले और सफेद चूहो के समान कृष्ण तथा शुक्ल पक्ष दृढता से आयु की जडे खोद रहे हैं । जो मधुकरिया काट रही हैं, वे शरीर मे होने वाले तरह तरह के रोग है, जिनसे पीडित होता हुआ मनुष्य पल भर भी सुख नही पाता । अजगर घोर नरक है । सासारिक भोगो मे जिसका मन मोहित है, ऐसा पुरुष उसमे गिरकर हजारो तरह के कष्ट पाता है । सासारिक भोग शहद की बूदो के समान हैं, जो तुच्छ (नि सार) हैं तथा परिणाम मे अत्यन्त भयावह हैं । इसलिए विवेकशील मनुष्य आसक्ति के दु ख मे फस कर क्यो उन्हे भोगना चाहे ? इसलिए हे श्रावक ! मेरा तुम्हे कहना है, सासारिक भोगो के सुख को भयावह जानते हुए मनुष्य-जीवन को चचल बिजली की चमक की तरह क्षण भर मे नष्ट होने वाला समझो । स्वजनो—पारिवारिक जनो के समागम (मिलन) का सुख चचल है—निरन्तर नही रहता । यौवन असार है । धर्म सुख का निधान है । उसमे अपनी बुद्धि को सदा दृढ बनाये रखो ।

सिहकुमार ने कहा—वह धर्म किस प्रकार का है ? आचार्य भगवान् ने बताया—सुनो, वह क्षमा आदि है । कहा गया है—

शान्ति, मृदुता, ऋजुता, मुक्ति, तप, सयम, सत्य, शौच, अकिञ्चनता तथा ब्रह्मचर्य—यह श्रमण-धर्म है ।

सम्यक् ज्ञानपूर्वक वस्तु-स्वभाव के चिन्तन से क्रोध का अनुदय उदय न होना और उदय मे आये हुए (क्रोध) को निष्फल करना शान्ति है ।

मान (अभिमान) का उदय न होना तथा उदय मे आये हुए (मान) को निष्फल करना मृदुता है ।

माया का उदय न होना और उदय-प्राप्त (माया) को विफल करना ऋजुता है ।

लोभ का उदय न होना व उदय मे आये हुए (लोभ) को निष्फल करना मुक्ति है ।

तप दो प्रकार का है—बाह्य (बाहरी) और आन्तरिक (भीतरी) । कहा गया है—

अनशन (आहार का त्याग), ऊनोदरिका (अल्प-आहार), वृत्ति-सक्षेप (अभिग्रह आदि द्वारा आहार की सीमावद्धता), रस त्याग, (दूध, दही, मक्खन आदि स्निग्ध पदार्थों का सेवन न करना), काय-क्लेश (आत्मशुद्धि की भावना से शीत, ताप आदि सहना) प्रतिसलीनता (अशुभ योग—पापपूर्ण प्रवृत्ति से देह सकोच करना—हटाना)—ये वाह्य तप हैं ।

प्रायश्चित्त आदि आभ्यन्तर (भीतरी) तप हैं । जैसे—

प्रायश्चित्त—किये हुए पाप-कर्मों के लिए पछतावा तथा पुन न करने का सकल्प ।

विनय—देव, गुरु, धम एव माता-पिता आदि पूज्यजनो के प्रति विनीत भाव ।

वैयावृत्त—आध्यात्मिक देव, गुरु एव धर्म की सेवा ।

स्वाध्याय—आध्यात्मिक दृष्टि से स्व—आत्मा, पर—पुद्गल का चिन्तन, पर से ममत्व का विसर्जन ।

ध्यान—मन, वचन, काया की एकाग्रतापूर्वक देव, गुरु, धम का चिन्तन, मनन ।

उत्सर्ग—(दैहिक प्रवृत्ति - हलन-चलन आदि का समय - विशेप के लिये त्याग) - ये आभ्यन्तर तप हैं ।

सयम सतरह प्रकार का है । कहा गया है—पाच (मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कपाय एव योग—अशुभ योग रूप) आस्रवो से विरति, पाच—श्रोत्रेन्द्रिय, चक्षुरिन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय तथा स्पर्शनेन्द्रिय) इन्द्रियो का नियन्त्रण, चार— (क्रोध, मान, माया व लोभ रूप) कपायो का विजय एव तीन—(मन, वचन व शरीर के अशुभ व्यापार रूप) दण्डो से विरति । (ये सयम के सतरह प्रकार हैं।)

निरवद्य—निष्पाप—निर्दोप भापण सत्य है ।

सयम के प्रति निरुपलेपता अतिचार शून्यता (निरतिचार सयम-पालन) शौच है ।

धर्मोपकरण—धार्मिक जीवन के लिए अपेक्षित सामग्री के सिवाय

किसी पदार्थ का अग्रहण (ग्रहण न करना) अकिञ्चनता है ।

अठारह प्रकार के अब्रह्मचर्य का त्याग ब्रह्मचर्य है ।

यह इस प्रकार का श्रमण-धर्म है ।

यह सुन कर सिंहकुमार ने, जिसे सम्यक्त्व परिणाम (भाव) उत्पन्न हो गया था, जिसने भावात्मक रूप मे श्रावक-धर्म स्वीकार कर लिया था, कहा—भगवन् ! यह श्रमण-धर्म सुन्दर है । जो ऐसा करने (श्रमण-धर्म पालने) मे असमर्थ है, उसे क्या करना चाहिए ? धर्मघोष ने कहा—श्रावकत्व (का पालन करना चाहिए) । वह कैसा है ? सम्यक्त्व आदि के रूप मे उससे कहा ही गया है ।

द्रव्य रूप मे (बाहरी रूप मे) भी सिंहकुमार ने उसे (श्रावक-धर्म को) स्वीकार किया । यों अपने आपको कृतकृत्य मानता हुआ, कुछ समय धर्मघोष की पर्युपासना—सान्निध्य लाभ कर, उन्हे विनय-पूर्वक वन्दन कर वह नगर मे प्रविष्ट हुआ ।

उसने कुसुमावली को यह वृत्तान्त कहा । कर्मों के कुछ क्षयोप-शम से उस (कुसुमावली) ने भी श्रावक-धर्म स्वीकार किया । प्रतिदिन धर्मघोष आचार्य की पर्युपासना—सान्निध्य लाभ लेते हुए उनको एक महीना व्यतीत हो गया । वे दोनो जिन-धर्म से अनुभावित होते रहे ।

फिर राजा पुष्पदत्त ने अमिततेजस नामक गुरु के पास धर्म सुनकर, सिंहकुमार का राज्याभिषेक कर वैराग्यपूर्वक महारानी श्री-कान्ता के साथ मोक्ष-मार्ग का अवलम्बन किया । सिंहकुमार भी धर्म और अधर्म की व्यवस्था (धर्म के प्रश्रय और अधर्म के परिहार) पूर्वक प्रजा का पालन करने मे सलग्न हुआ । वह सब लोगो के मन को आनन्दित करने वाला था (सब उससे प्रसन्न थे)। सामन्त—माण्डलिक—कर देने वाले राजा उसमे अनुरक्त थे । गरीब असहाय तथा दुःखी जनो का उपकार करने मे उसे अनुराग था । जो जो उचित हैं, वैसे गुणो से युक्त होता हुआ वह राजर्षि (उत्तम या पवित्र राजा) के रूप में प्रतिष्ठित हो गया । अत्यन्त अनुरागशीला प्रेयसी की तरह पृथ्वी का भोग करते हुए उसका कुछ समय व्यतीत हुआ ।

इस बीच वह अग्निशर्मा तापस विद्युत्कुमार देव के देह से च्युत होकर, ससार मे भटक कर, पिछले भव मे कुछ अज्ञान तप सपादित

कर, उस शरीर को छोड कर पूर्वकृत कर्मों की वासना के विपाक (फल) मे दोप से वह कुसुमावली की कोख मे आया । कुसुमावली ने सपना देखा—जैसे मेरे पेट मे साप प्रवेश कर रहा है, उस साप ने निकल कर (पेट से वाहर आकर) राजा को डस लिया, राजा सिंहासन से गिर पडा । राजा को (उस अवस्था मे) देख कर कुसुमावली भयभीत होती हुई जग गई । इसे अशुभ मान कर उसने अपने प्रियतम (राजा) को नही वताया । उसका गर्भ वढता गया । उसके दोप मे उसने राजा का वहुमान—विशेप आदर करना छोड दिया । राजा का उसके प्रति वहुत स्नेह था । नौकर-चाकरो ने महारानी से कहा—स्वामिनी ! यह (राजा के प्रति आपका यह वहुमान-रहित व्यवहार) उचित नही है । उस (कुसुमावली) ने कहा—मैं ऐसा क्या करती हू ? परिजन वर्ग ने कहा—आप राजा का विशेप आदर-सत्कार नही करती हैं । उसने कहा—यह मेरे गर्भ का दोप मालूम होता है । अन्यथा मैं आर्यपुत्र (पतिदेव) का वहुमान कैसे नहीं करू ?

तदनन्तर एक वार रानी को दोहद (गर्भवती की प्रवल रुचि) हुआ कि मैं इस (अपने पति) राजा की आते खाऊ । वह सोचने लगी—मेरा यह गर्भ पापी है । इसलिए इसकी आवश्यकता नही ! स्त्री-स्वभाववश पति-प्रेम से उसका ऐसा विचार हुआ कि इस गर्भ को गिरा दू । उसने अपनी मुख्य सेविकाओ से विचार विमर्श किया । (दोहद के भयावह रूप के कारण) उन्होने इसका अनुमोदन किया । वह (महारानी) गर्भ गिराने का प्रयत्न करने लगी । निकाचित (फल भोगे विना नही मिटने वाले) कर्म के दोप के कारण गर्भ नही गिरा । तव वह (रानी) अनेक प्रकार की औपधिया पीने से तथा दोहद की प्राप्ति-पूर्ति न होने से वहुत कमजोर होने लगी । राजा ने उसे पूछा-सुन्दरी ! तुम्हारा क्या कार्य नही हो रहा है, अथवा किसने तुम्हारी आज्ञा का उल्लघन किया है, जिससे तुम थोडे जल मे स्थित कुमुदिनी की तरह शोक से क्षीण होती जा रही हो ? तव हृदय मे स्नेह लिये कुसुमावली ने कहा—आर्यपुत्र ! मुझे इतना विषाद (दु ख) है, जिससे सोचती हूँ, अपने आपको मार डालू । राजा ने कहा—सुन्दरी इसका क्या कारण है ? कुसुमावली ने कहा—आर्यपुत्र ! मेरे भाग्य से पूछें । यों कहते हुए उसकी आखो मे आसू आ गये और वह गद्गद् हो गई । तव राजा यह विचार करने लगा कि इसे भारी शोक है, इस विपय मे

चर्चा नही करनी चाहिए । इसलिए मैं यह चर्चा बन्द कर दू । यो सोचकर उसने वह चर्चा बन्द करदी और दूसरा प्रसग चालू किया ।

राजा ने फिर मदनलेखा आदि परिजन-वृन्द को बुलाया और बहुत आदरपूर्वक उन्हे कहा—कारण सुनने पर भी, जानते हुए भी कृष्ण-पक्ष के चन्द्रमा की तरह क्षीण होती जाती महारानी की इस प्रकार उपेक्षा करना क्या तुम लोगो के लिए उचित है ? (महारानी के) शोक को मिटाने वाली वह वस्तु असाध्य नही हो सकती, क्योकि महा-रानी मेरे लिए इस ससार मे सारभूत-सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है । वैसी क्या वस्तु है, जो मेरे जीते जी महारानी के लिए न जुटाई जा सके । मदनलेखा ने कहा—महाराज ! ठीक कहते हैं । स्त्रियो मे स्वभावत होने वाला विवेक का अभाव ही यहा अपराध है । आप सुनें, महाराज ! अब भी वह कहने का साहस नही होता पर (कहे बिना) कोई चारा नही है, यो सोचकर कह रही हूं । राजा ने कहा, तुम्हारी घबराहट ठीक ही है । जो उपाय से सध सकता है, उसे स्वय कर लिया जाता है पर जो दूसरा-उससे भिन्न (उपाय से न सध सकने योग्य) है, उसे (दूसरे को) बतलाना होता है । इसलिए बतलाओ, वस्तु-स्थिति क्या है ? तब मदनलेखा ने डरते-डरते गर्भ के उत्पन्न होने से लेकर दोहद दोष-दूषित दोहद का होना गर्भ के नाश के उपाय तक का सारा वृत्तान्त कह सुनाया । राजा सोचने लगा—अहो ! महारानी का मेरे प्रति असाधारण प्रेम है, जिससे बच्चे के जन्म का भी उसके लिए महत्त्व नही है । दोहद की पूर्ति न होने से कही उसका गर्भ सकट-ग्रस्त न हो जाए, अत मुझे (दोहद-पूर्ति का) कोई उपाय सोचना चाहिए । "मैं समयोचित जो कहूँ, तुम लोग वैसा करना," कहकर राजा ने महा-रानी के परिजन वृन्द को वहा से भेज दिया । मतिसागर नामक महा मन्त्री को बुलाया । उसे वह वृत्तान्त कहा । वह (मतिसागर) सोचने लगा—महारानी ने ठीक किया । अथवा उसके इस उपाय से उसकी देह को तो कष्ट होगा ही, जो नही होना चाहिए । इसलिए एक और उपाय सोचता हूँ, जो इस प्रकार है—भोजन न किये हुए राजा के पेट के बाहर बनावटी आंतें लगाकर, उन पर महीन वस्त्र सटाकर महारानी के देखते वे निकाल कर दी जाए । फिर गर्भ का प्रसव हो जाने (बच्चे का जन्म हो जाने) के पश्चात् आगे विचार करेंगे । यो चिन्तन कर राजा को अपना अभिप्राय बतलाया । राजा ने उसे बहुमान दिया (आदर

पूर्वक माना) मतिसागर ने महारानी से कहा—स्वामिनी ! महाराज की आते इस प्रकार निकाल लेंगे, जिससे उन्हें कष्ट नही होगा। गर्भ-जनित स्वभाव गत निर्दयता के कारण उस (रानी) ने वैसा स्वीकार कर लिया। (तदनुसार) वह उपाय किया गया। दोहद पूरा हो गया। बाद मे दुखित हुई रानी को राजा के दर्शन करा दिये गये। वह आश्वस्त हो गई (उसे तसल्ली हो गई)। मन्त्री ने कहा स्वामिनी ! प्रसव होते ही राजा को शिशु के जन्म के सम्बन्ध मे निवेदन मत कीजियेगा। मुझे सूचित कीजियेगा। उसके बाद जैसा उचित होगा, करूगा। रानी ने यह स्वीकार कर लिया। फिर उचित समय मे दिन के लगभग अस्त होने के वक्त महारानी के प्रसव हुआ। उसने मतिसागर को बुलाया। मतिसागर ने कहा - स्वामिनी ! यह गर्भ—शिशु राजा के लिए अमगलकारी दिखाई देता है। इसलिए इसे अपने पास नही रखें, और कही इसका पालन-पोषण कराए। शिशु मरा हुआ था, राजा को ऐसा निवेदन कर दें। रानी ने कहा -यह उचित है। मन्त्री ने मेरे ही मन की (जैसी मेरे मन मे आई) मन्त्रणा—सलाह दी है। तब माधविका नामक दासी के हाथ बच्चे को (अन्यत्र) भिजवाया गया। वह थोडी ही दूर गई थी कि इस बीच राजा ने उसे देख लिया और पूछा—यह क्या है ? तब भय से कापती हुई माधविका ने कहा—देव ! कुछ भी नही है। इस बीच बच्चा रोने लगा। तब बच्चे को देख कर राजा ने क्रुद्ध होकर कहा—अरी पापिन ! क्या करने जा रही हो ? इस पर नारी-सुलभ भीरुता के कारण माधविका ने सारा हाल कह सुनाया। तब राजा ने बच्चे को लिया। उसने सोचा—यह इनके हाथों में जीवित नही रह पायेगा। इसलिए दूसरी धायो (दाइयो) को सौपकर उन्हे हिदायत कर दी कि बच्चे के लालन-पालन मे जरा भी असावधानी हुई तो मेरे हाथ से तुम मार डाली जाओगी। राजा ने महारानी और मतिसागर को फटकारा। फिर महारानी और मन्त्री के विचार (भावना) के अनुसार साधारण सा, अप्रकट सा बधाई का समारोह करवाया। इस प्रकार कुछ समय व्यतीत हो गया। बच्चे का नाम आनन्द रखा गया। वह (उत्तरोत्तर) बढने लगा। उसे कलाओ की शिक्षा दिलाई गई। पहले [illegible] राजा के प्रति उसके चित्त [illegible] युवराज पद दिया।

/ एक बार समीपवर्ती जगली प्रदेश के दुर्मति नामक सामन्त (कर देने वाले, अधीनस्थ) राजा ने अपने किले, भूमि और सेना के घमण्ड से सिंह राजा की राज्य-सीमा को पार कर दिया (सीमा पर अपना अधिकार जमा लिया) । राजा को यह निवेदित किया गया । राजा ने अपनी सेना भेजी । अपनी भूमि और सेना की विशेषता के कारण दुर्मति द्वारा वह (राजा सिंह का) सेना हरा दी गई । राजा यह निवेदित किये जाने पर क्रुद्ध हो उठा । कोपाविष्ट हो, उसने स्वय प्रस्थान किया । तीन मजिलें पार की । सिन्धु नदी के रेतीले किनारे पर से यह प्रस्थान चल ही रहा था कि इस बीच श्रेष्ठ हाथी पर बैठे हुए राजा ने जल से अधिक दूर नही, समीप ही "अहो ! कष्ट है" यो कहते हुए मनुष्यो का समूह देखा। राजा उस स्थान की ओर गया और उसने एक विशालकाय, अत्यन्त काले, बूढे साप को देखा, जो अपनी आँखो से निकलती हुई विष की ज्वाला से उद्दीप्त (दैदीप्यमान) था, जिसने चिल्लाते हुए मेढक को अपने मुह मे दबोच रखा था, खुले हुए भयानक मुह के कारण जिसकी ओर देखना तक कठिन था । उस साँप के अग बडी तेजी से काप रहे थे । एक बडा समुद्री उकाब (गिद्ध) उस (साप) को निगलता जा रहा था । वह (गिद्ध) दिग्गजो-दिशाओ की रक्षा करने वाले हाथियो की सूड के समान मोटी देह वाले अपनी लाल-लाल आखो से भयावह लगने वाले अजगर द्वारा निगला जा रहा था । जैसे-जैसे अजगर गिद्ध को निगलता जा रहा था, वैसे-वसे वह गिद्ध भी उस बूडे साप को निगलता जाता था और वह बूढा साप भी उस चीखते हुए मेढक को निगलता जाता था । प्राणि-लोक-ससार के स्वभाव की लीला, जो मूख लोगो के हृदय को आनन्द देने वाली तथा सत्पुरुषो के वैराग्य का कारण है, यो जिसमे अनेक (परस्पर-प्रतिकूल) बातो का सम्मिश्रण है, को देख कर राजा विषादयुक्त हो गया। वह सोचने लगा—ऐसी स्थिति मे फिर क्या उपाय है ? अजगर द्वारा कुरर पक्षी (गिद्ध) प्राय निगला जा चुका है, कुरर द्वारा साप और साप द्वारा मेढक । इन सबके प्राण कण्ठो मे आ गये हैं, फिर भी एक दूसरे को छोडते नही है प्रत्युत ग्रस लेने का और अधिक प्रयत्न करते हैं । उन जीवो को वैसी स्थिति मे देख, राजा किसी भी तरह उन्हे बचा सकने मे अपने आपको असमर्थ महसूस करता हुआ अफसोस के साथ वहा से चला गया ।

अस्तु—मदोन्मत्त हाथी का (वहा से) हाँका । राजा (सेना

पूर्वक माना) मतिसागर ने महारानी से कहा—स्वामिनी ! महाराज भी आने इस प्रकार निकाल लेगे, जिसमे उन्हे कष्ट नही होगा। गर्भ-जनित स्वभाव गत निर्दयता के कारण उस (रानी) ने वैसा स्वीकार कर लिया। (तदनुसार) वह उपाय किया गया। दोहद पूरा हो गया। बाद मे दु खित हुई रानी को राजा के दर्शन करा दिये गये। वह आश्वस्त हो गई (उसे तसल्ली हो गई)। मन्त्री ने कहा स्वामिनी ! प्रसव होते ही राजा को शिशु के जन्म के सम्बन्ध मे निवेदन मत कीजियेगा। मुझे सूचित कीजियेगा। उसके बाद जैसा उचित होगा, करूगा। रानी ने यह स्वीकार कर लिया। फिर उचित समय मे दिन के लगभग अस्त होने के वक्त महारानी के प्रसव हुआ। उसने मतिसागर को बुलाया। मतिसागर ने कहा—स्वामिनी ! यह गर्भ—शिशु राजा के लिए अमगलकारी दिखाई देता है। इसलिए इसे अपने पास नही रखें, और कही इसका पालन-पोषण कराए। शिशु मरा हुआ था, राजा को ऐसा निवेदन कर दें। रानी ने कहा—यह उचित है। मन्त्री ने मेरे ही मन की (जैसी मेरे मन मे आई) मन्त्रणा—सलाह दी है। तब माधविका नामक दासी के हाथ बच्चे को (अन्यत्र) भिजवाया गया। वह थोडी ही दूर गई थी कि इस बीच राजा ने उसे देख लिया और पूछा—यह क्या है ? तब भय से कापती हुई माधविका ने कहा—देव ! कुछ भी नही है। इस बीच बच्चा रोने लगा। तब बच्चे को देख कर राजा ने क्रुद्ध होकर कहा—अरी पापिन ! क्या करने जा रही हो ? इस पर नारी-सुलभ भीरुता के कारण माधविका ने सारा हाल कह सुनाया। तब राजा ने बच्चे को लिया। उसने सोचा—यह इनके हाथो मे जीवित नही रह पायेगा। इसलिए दूसरी धायो (दाइयो) को सौंपकर उन्हे हिदायत कर दी कि बच्चे के लालन पालन मे जरा भी असावधानी हुई तो मेरे हाथ से तुम मार डाली जाओगी। राजा ने महारानी और मतिसागर को फटकारा। फिर महारानी और मन्त्री के विचार (भावना) के अनुसार साधारण सा, अप्रकट सा बधाई का समारोह करवाया। इस प्रकार कुछ समय व्यतीत हो गया। बच्चे का नाम आनन्द रखा गया। वह (उत्तरोत्तर) बढने लगा। उसे कलाओ की शिक्षा दिलाई गई। पहले के कर्मों के दोष के कारण राजा के प्रति उसके चित्त मे प्रतिकूलता थी। राजा ने उसे युवराज पद दिया।

/ एक बार समीपवर्ती जगली प्रदेश के दुर्मति नामक सामन्त (कर देने वाले, अधीनस्थ) राजा ने अपने किले, भूमि और सेना के घमण्ड से सिंह राजा की राज्य-सीमा को पार कर दिया (सीमा पर अपना अधिकार जमा लिया)। राजा को यह निवेदित किया गया। राजा ने अपनी सेना भेजी। अपनी भूमि और सेना की विशेषता के कारण दुर्मति द्वारा वह (राजा सिंह का) सेना हरा दी गई। राजा यह निवेदित किये जाने पर क्रुद्ध हो उठा। कोपाविष्ट हो, उसने स्वय प्रस्थान किया। तीन मजिलें पार की। सिन्धु नदी के रेतीले किनारे पर से यह प्रस्थान चल ही रहा था कि इस बीच श्रेष्ठ हाथी पर बैठे हुए राजा ने जल से अधिक दूर नही, समीप ही "अहो! कष्ट है" यो कहते हुए मनुष्यो का समूह देखा। राजा उस स्थान की ओर गया और उसने एक विशालकाय, अत्यन्त काले, बूढे साप को देखा, जो अपनी आंखो से निकलती हुई विष की ज्वाला से उद्दीप्त (देदीप्यमान) था, जिसने चिल्लाते हुए मेढक को अपने मुह मे दबोच रखा था, खुले हुए भयानक मुह के कारण जिसकी ओर देखना तक कठिन था। उस साँप के अग बडी तेजी से काप रहे थे। एक बडा समुद्री उकाव (गिद्ध) उस (साप) को निगलता जा रहा था। वह (गिद्ध) दिग्गजो-दिशाओ की रक्षा करने वाले हाथियो की सूड के समान मोटी देह वाले, अपनी लाल-लाल आंखो से भयावह लगने वाले अजगर द्वारा निगला जा रहा था। जैसे-जैसे अजगर गिद्ध को निगलता जा रहा था, वसे-वैसे वह गिद्ध भी उस बूडे साप को निगलता जाता था और वह बूढा साप भी उस चीखते हुए मेढक को निगलता जाता था। प्राणि लोक-ससार के स्वभाव की लीला, जो मूर्ख लोगो के हृदय को आनन्द देने वाली तथा सत्पुरुषो के वैराग्य का कारण है, यो जिसमे अनेक (परस्पर-प्रतिकूल) वातो का सम्मिश्रण है, को देख कर राजा विषादयुक्त हो गया। वह सोचने लगा—ऐसी स्थिति मे फिर क्या उपाय है? अजगर द्वारा कुरर पक्षी (गिद्ध) प्राय निगला जा चुका है, कुरर द्वारा साप और साप द्वारा मेढक। इन सबके प्राण कण्ठो मे आ गये हैं, फिर भी एक दूसरे को छोडते नहो हैं प्रत्युत ग्रस लेने का और अधिक प्रयत्न करते हैं। उन जीवो को वैसी स्थिति मे देख, राजा किसी भी तरह उन्हे वचा सकने मे अपने आपको असमर्थ महसूस करता हुआ अफसोस के साथ वहा से चला गया।

अस्तु—मदोन्मत्त हाथी का (वहा से) हांका। राजा (सेना

के) ठहरने के स्थान पर गया । सेना के साथ ठहरा । जो करना उचित था, किया । आधी रात बीतने पर सोया हुआ राजा जगा । अजगर आदि की घटना को याद कर सोचने लगा— यह कैसी स्थिति है—

सासारिक भोग विष के तुल्य हैं । प्राप्त होते ही वे मधुर लगते हैं पर परिणाम मे (वे) नीरस हैं । अज्ञानी लोग उन्हें बहुत मानते हैं । ज्ञानीजन उन्हे पापमय समझ कर उनका वर्जन करते हैं । लौकिक सुख मे अभिरत व्यक्ति उनके लिए शाश्वत धम को छोड कर उसी प्रकार पाप सेवन करते हैं, जिस प्रकार जीवन चाहने वाला कोई (व्यक्ति) विष का सेवन करे ।

दुख पाप का फल है । धर्म पाप का नाशक है । दुखी या सुखी—जैसा भी व्यक्ति हो, धर्म के फल को जानता हुआ उसका आचरण करे ।

मेढक के समान तुच्छ व्यक्ति साप के समान किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा और वह भी कुरर (समुद्री गिद्ध) जैसे किसी दूसरे के द्वारा निगला जा रहा है और वह (कुरर) भी स्वाधीन नही है वह अजगर रूपी यमराज के अधीन है । इस तरह के इस लोक मे सासारिक भोगों के विषय मे बहुत बडा मोह—आसक्त भाव दिखाई देता है । इसलिए अनेक प्रकार के दुख रूपी वृक्ष के बीज-स्वरूप, अत्यधिक अहमन्यता—अभिमान के दोष से परिपूरित राज्य से मुझे क्या ? राज्य की पूर्ति पाताल को भरने की तरह कठिन है । पुराने मकान मे जिस प्रकार अनेक बिल-छेद होते हैं, उसी प्रकार राज्य छिद्रपूर्ण (विघ्न-बाधा रूपी छिद्रो से भरा हुआ) है, दुष्टो की सगति की तरह इसका अन्त विरस-दुखद है, वेश्या के हृदय की तरह धन की लिप्सा से युक्त है, बाबी जिस प्रकार बहुत से सापो से युक्त होती है, उसी प्रकार यह बहुत से लम्पट (राज) मित्रो से युक्त है, प्राणि-लोक की तरह इसके कार्य अस्थिर-नश्वर हैं, साप की पिटारी की तरह यह सावधानी से पालने योग्य है, विश्वस्तता से उत्पन्न होने वाले सुखो का यह अनजान है । (यहा विश्वास के लिए अवकाश नही है) । वेश्या की जवानी की तरह बहुत लोग इसकी (इसे पाने की) अभिलाषा करते हैं, शुद्ध परलोक के मार्ग का—धर्मसाधना का यह बाधक है । इसलिए इसका परित्याग

कर हम धैर्यशील पुरुषो द्वारा सेवित, इह (इस) लोक और परलोक-दोनो मे सुख देने वाले श्रमण-धर्म मे प्रव्रजित हो । क्या इससे मेरे जीवन के चालू क्रम (वर्तमान स्थिति) मे हलकापन नही दीखेगा ? अथवा यदि हलकापन है भी तो थोडा-सा है और केवल एक जन्म से जुडा हुआ है। यो सोचते हुए रात बीत गई। राजा ने प्रात कालीन कृत्य (करने योग्य कर्म) किये । वह मन्त्रिमण्डल मे आया ।

इस बीच विजयवती नामक पहरेदारिन ने निवेदन किया कि महाराज ! यह (सामन्तराज) दुर्मति आपको स्वय प्रस्थान कर आये हुए जान कर आपके कठोर शासन से अवगत होकर अपनी गर्दन मे कुल्हाडा बाधे हुए, आपके शासन का उल्लघन करने का पश्चात्ताप करता हुआ, कई पुरुषो से घिरा हुआ आपके दर्शन की अभिलाषा से यहा आया है, द्वार के बाहर ठहरा है ।

अत देव ही प्रमाण हैं (जैसी आप आज्ञा करें) । यह सुन कर राजा ने मतिसागर की ओर देखा । वह (मन्त्री मतिसागर), जो सकेत और आकार को देख कर वस्तुस्थिति समझने मे प्रवीण था, बोला--वह प्रवेश करे, इसमे क्या दोष है ? राजा शरण मे आये हुओ पर दयालु होते ही हैं । तब राजा द्वारा आज्ञा दिये जाने पर दुर्मति ने प्रवेश किया । " राजन् ! यह मेरी गर्दन है और यह कुल्हाडा है " यो कह कर वह राजा के पैरो पर गिर पडा । राजा ने उसे अभय दिया और उसका बहुमान किया (उसका सम्मान बढाया) । (इधर के कार्य से) निवृत्त होकर राजा जयपुर गया। राजा ने अपने मन्त्रियो को अपना मनोभाव बतलाया । मन्त्रियो ने कहा, इस वश मे उत्पन्न होने वाले और भी सब राजाओ का ऐसा कृत्य-करणीय (करने योग्य) रहा है, जिनेश्वर वाणी से अनुभावित बुद्धि वाले आपका तो कहना ही क्या ? महाराज का जीवन इहलोक और परलोक दोनो की दृष्टि से एक-सा सफल है । वासना और भोग (सासारिक विषय-भोग) वन की आग के समान हैं । वे इन्धन की तरह जलाते हैं । उनका परि-पाक-परिणाम किंपाकफल (देखने व चखने मे सुन्दर पर परिणाम मे मारक) के समान है । सुरो और असुरो को जीतने वाली मृत्यु सहसा मन की इच्छाओ को भग्न कर डालने मे सक्षम है, यह देख कर-सोच कर आपने इस ओर विशेष गौर किया है (जो सर्वथा उचित है) ।

राजा ने ज्योतिषियो को बुलाया, उन्हे कहा आनन्दकुमार के

राज्याभिषेक का दिन बतलाए। वे बोले-जैसी महाराज की आज्ञा। उन्होने देख कर-गवेषणा कर (तब से) पाचवा दिन बतलाया। तब राज्याभिषेक के लिए माङ्गलिक वस्तुए लाई गईं। जैसे- मछलियो का जोडा, पूर्ण कलश, सफेद फूल, सफेद कमल, मिठाई, मिट्टी का पिण्ड, बैल, दही से भरा हुआ बडा पात्र, बडे (बहुमूल्य) रत्न, गोरोचन, सिंह का चमडा, सफेद छत्र, राजसिंहासन, चवर, दूब, स्वच्छ मदिरा, बडी ध्वजा, हाथी का मद, धान्य, रेशमी वस्त्र (आदि और भी शुभ वस्तुए लाई गई)। इस बीच राजा सोचने लगा— आनन्दकुमार का राजतिलक करने के पश्चात् धर्मघोष गुरु के पास जाऊगा। यो विचार करता हुआ वह राज्याभिषेक के दिन की प्रतीक्षा करने लगा।

इधर पहले किये कर्मों के दोष से राजा के मनोभावो को नही जानता हुआ आनन्दकुमार दुर्मति से मिल गया। दोनो ने सलाह की- किसी प्रकार धोखा करके राजा को मार डालें। उन्होने राज्याभिषेक का हाल सुना। झूठी आसक्ति और अपने चित्त की दुष्ट-वृत्ति के कारण आनन्द को वह विपरीत प्रतीत हुआ (उल्टा लगा)। उसने सोचा - निश्चय ही इस बहाने से यह मुझे मारने का प्रयत्न है। तब क्यो मैं इस प्रकार छला जाऊ ? यदि यह वृत्तान्त सत्य भी है तो भी मुझे (इस प्रकार) राज्य नही चाहिए। यह तो मेरे लिए दिया हुआ राज्य होगा। प्रशसा योग्य तो वह है, जो मैं इसे (राजा को) मार कर बलपूर्वक प्राप्त करू ।

इस बीच राजा ने आनन्द को बुलाया। जब आनन्द ने नहीं आना चाहा तो पहरेदार को साथ लिये राजा कुमार के महल में गया। उसने भी 'इससे अधिक सुन्दर अवसर नही होगा" यो विचार कर पहले के सस्कार-दोष से "मारो-मारो" यो कहते हुए नगी तलवार से पहरेदार को मार कर, राजा को, जिसने अपनी सुरक्षा की कोई व्यवस्था नही कर रखी थी, जो मन मे (पुत्र के प्रति) भली-भाति विश्वस्त था, बुरी तरह घायल कर दिया। इस बीच कोलाहल हुआ, नगर की सेना क्षुब्ध-उत्तेजित हो उठी। राज-सेना ने आनन्द को चारो ओर से घेर लिया। युद्ध शुरु हो गया। तब राजा ने सेना को अपने शरीर की सौगन्ध दिलाते हुए कहा— अब तुम्हारे युद्ध करने से क्या लाभ है ? मुझे तो मारा हुआ जानो। इसे मत मारो, इसका राजतिलक कर दो, यही तुम्हारा राजा है। इस बीच आनन्दकुमार ने दुर्मति की

आज्ञा दी इसे (राजा को) कस कर बाध लो । "जैसी कुमार की आज्ञा" यो कह कर दुमति समीप आया । उसने कुलपुत्रो (उच्चकुलीन सरदारो के पुत्रो) को गिरा दिया—मार डाला, नागरिको को धमकाया । राजा को बधवा कर अपने विश्वासी आदमियो की निगरानी मे दे दिया । यो आनन्द ने राज्य पर अधिकार किया, व्यवस्था जमाई, सामन्तो को अनुकूल बनाया । तब अपने (कलुषित) सस्कार के कारण उसने राजा को नगर के कारागृह मे डलवा दिया । वह अत्यधिक मथी जाती विष्ठा, कीचड और मैल की बदबू से भरा था, जहा फूटी हुई भीतो मे साप सोये पडे थे, जहा मच्छरो और मक्खियो का समूह भिन भिना रहा था, गुफाओ—काल-कोठरियो के बिलो मे से जहा झुण्ड के झुण्ड चूहे निकल रहे थे, जहा ऊपर की ओर सापो के केचुल लटक रहे थे, मकडियो के जालो की जहा मानो चादनी तनी हुई थी दु षमा (आरक) का मानो जो निवास-गृह था, अधर्म का मानो क्रीडास्थल था, सीमन्तक (प्रथम नरकभूमि के एक नरकावास) का वह मानो सगा भाई था, सारे दु ख-समुदाय का मानो वह मित्र था, समग्र पीडाओ का मानो वह कुल-परम्परागत घर था, मानो मृत्यु का विश्वास योग्य स्थान था तथा यमराज का मानो वह सिद्धिक्षेत्र था। तब सहसा यह सुन कर कि "महाराज महाकारागृह मे डाल दिये गये हैं" महारानी कुसुमावली आदि सारा रनवास रनवास की महिलाए क्रन्दन-रुदन करने से जो भयानक लग रही थी जिनकी आँखो से निरन्तर गिरती हुई बडे-बडे मोतियो के समान, कज्जल रहित— उज्ज्वल आसुओ की बून्दो से मानो मोतियो के हार की सी शोभा घटित हो रही थी, राजा के दु ख से जिनके शरीर परिम्लान-खिन्न हो रहे थे, (मानो राजा का दु ख उनमे समाविष्ट हो गया हो) नियुक्त राजपुरुष जिन्हे रोक रहे थे, पर जिनके (भुजाओ के) मङ्गलमय मणियो के कङ्कणो से झनझनाहट भरी तेज ध्वनि निकल रही थी, अपनी उन भुजाओ से उन्हे बलपूर्वक हटा कर अपनी छाती और पेट कूटती हुई जो आगे बढ रही थी, अनुचित ऊबड-खाबड भूमि पर चलने से जिनके मु ह मे सास फूल रहा था, जिनके लम्बे बालो ने अपनी कुटिलता—टेढापन छोडते हुए (मु ह पर सीधे लटकते हुए), मानो यह सूचना करते हुए कि महाराज की दशा देखने योग्य नही है, उनके नयन-प्रसर दृष्टि-प्रसार को रोक रखा था, कारावास मे आई । उन्होने काल के समान लोह की बेडियो से राजा को जकडा हुआ देखा । तब

वे नारियां अशोक के पत्तों के समान अपने हाथों से अपना वक्षस्थल, जो मानो हाररूपी लता को धारण किये रहने से श्रान्त था, पीटती हुई मानो यह दिखलाती हुई कि यह संसार अनुचित कार्य से भरा है, और अधिक रुदन करने लगी। तब राजा ने तथा पुलिस-अधिकारियों ने किसी प्रकार उन्हें रोका। राजा ने कहा—इस शोक से क्या लाभ जिसका फल केवल परिश्रान्ति या कष्ट है तथा जो पाप का बन्धन करता है। इस संसार का रूप अत्यन्त विचित्र है। सारे प्राणी इस संसार के खिलौने हैं। पहले किये हुए कर्मों के फल को रोकना बहुत कठिन है। लक्ष्मी बादलों के बीच से चमकती बिजली के वलय— घेरे के समान चंचल है। मिलन सपने जैसा है। रागपूर्ण क्रीडाओं—रंगरेलियों का इसी प्रकार का अन्त होता है। अज्ञानी लोगों के समान यों विलाप करने से क्या लाभ है? संसार में सारभूत जिन-वचन तुम्हें प्राप्त है ही। इसलिए उसी का अनुष्ठान-अनुसरण करो। उसे छोड़ कर दुःख-नाश का और कोई उपाय नहीं है। तब यह सुन कर 'यह ऐसा ही है अन्यथा नहीं।" इस प्रकार राजा की बात का अनुमोदन करती हुई तथा जीवन से अनासक्त होकर आनन्द की आज्ञा के बिना ही उन्होंने गन्धवदत्ता नामक विद्याधर-श्रमणी के पास दीक्षा स्वीकार करली।

इधर हर रोज पीडा दिये जाते रहने पर भी क्रोध के अधीन न होते हुए, "मेरा जीवन इतना ही है, अब अनशन— आहार त्याग करना समुचित है," यों चिन्तन करते हुए राजा ने (आमरण) अनशन स्वीकार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने राजा (आनन्द) को यह निवेदित किया। वह क्रुद्ध हो गया। उसने देवशर्मा नामक अपने एक बड़े-वृद्ध या विशिष्ट व्यक्ति को भेजा, कहा— जाओ, राजा को भोजन कराओ। उसे कहो—यदि वह भोजन नहीं करेगा तो निश्चय ही मैं उसे मार डालूंगा। देवशर्मा गया। उसने राजा को देखा और कहा—देव! भाग्य के वशीभूत प्राणियों के कर्मों की गति बड़ी विचित्र होती है। वह देव—भाग्य ऐसा है, जो विनय से प्रसन्न नहीं किया जा सकता, गुणियों के भी यह अवगुण ग्रहण करता है, अभिलषित का समय नहीं जानता (उसे पूरा होने का समय ही नहीं देता), मनुष्यों के लिए यह केवल अनर्थ-रूप है, मदोन्मत्त हाथी की तरह वह स्वच्छन्दतापूर्वक विचरण करता है, गङ्गा के प्रवाह की तरह वह सरल और कुटिल है, महायुद्ध की तरह वह मारने में निपुण है, विष-ग्रन्थि की तरह वह

रसों के विपरीत है, जिनकी अभिलाषा की जाती है उनके वह प्रतिकूल है (उन्हे प्राप्त नही होने देता) तथा जिनकी अभिलाषा नहीं की जाती, उनके वह अनुकूल है (उन्हे प्राप्त कराता है) । यद्यपि वह (भाग्य) ऐसा है, तो भी पुरुष को क्षण-भर के लिए भी पुरुषार्थ नही छोडना चाहिए । महाराज ! पहले उपार्जित किये हुए कर्मों का नाम ही भाग्य है और वह पुरुषार्थ द्वारा जीते जा सकने योग्य है । इसलिये महाराज ! आप पुरुषार्थ का अवलम्बन करें (सहारा लें) तथा भोजन ग्रहण करें । जीता हुआ मनुष्य आपत्ति को लाघ कर अवश्य सपत्ति प्राप्त करता है । राजा ने कहा—देवशर्मा ! जब जैसा अनुरूप-उपयुक्त था, वैसा पुरुषार्थ मैंने नहीं छोडा। अब मैंने भावात्मक दृष्टि से प्रव्रज्या स्वीकार करली है । इसलिए मेरे चित्त मे सपत्ति की अभिलाषा नही है । मैंने उचित समय जान कह अनशन स्वीकार किया है । इसलिए आहार ग्रहण नही कर सकता । उसने कहा - यदि आप आहार ग्रहण नही करेंगे तो आपका पुत्र आप पर क्रोध करेगा । राजा ने कहा—उसके क्रोध करने का कोई कारण नही है । तपस्वी सत्य-प्रतिज्ञ होते हैं । उसने कहा—राजन् ! कुमार के चरित्र-आचरण (व्यवहार) का हाल आप जानते ही है, इसलिए आप इस ओर प्रमाद-लापरवाही न करें ।

इस बीच देवशर्मा के वापिस आने मे विलम्ब होने पर आनन्द अत्यन्त क्रुद्ध होता हुआ तलवार लिए वहां आया । उसने राजा से कहा—यदि तुम भोजन ग्रहण नही करोगे, तो यमराज की जीभ का अनुसरण करने वाली (यमजिह्वा के सदृश) इस तलवार से तुम्हारा शिर काट डालू गा । राजा ने कहा—

आत्मा का देह मे आवास (निवास) केवल मरण तक है, अत वह अनित्य है, असार है । यह जानते हुए हे नरश्रेष्ठ ! जो अवश्य गन्तव्य (जाने योग्य है) है, वहा जाते हुए मृत्यु से कौन डरे?

जिस प्रकार प्रत्येक लहर के साथ जल के घटते-घटते तालाब सूखता जाता है, उसी प्रकार प्रति समय प्राणी गर्भ से लेकर आगे मरता जाता है (आयु भोग करता हुआ मृत्यु की ओर बढता जाता है) उसे, वह जी रहा है, ऐसा कैसे कहा जाए ?

एक साथ परलोक की ओर रवाना हुए साथियो मे यदि कोई यहा पहले चला जाता है तो इसमे डरने की क्या बात है ?

जीवन अनित्य है, मरना अवश्य है, जिसके मन मे ऐसा निश्चय है बूचडखाने के पशु की तरह वह जीवन की क्या आशा करे ?

दु ख की बात है, प्रात काल-रूपी शिकारी वृद्धावस्था-रूपी धनुप को हाथ मे लिये सैकडो रोग-रूपी वाणों का प्रहार कर मनुष्य रूपी मृग समूह का वध करता हुआ आ रहा है ।

मृगो मे सिह की तरह मृत्यु मनुष्यो के समूह मे स्वच्छन्दभाव से सुखपूर्वक विचरण करती है । न वह किसी का अवरोध गिनती है और न विरोध ही तथा न चिर अनुकूलता से ही वह प्रसन्न होती है ।

कई ऐसे मनुष्य हैं, जो वार-बार जन्मने और मरने का दु ख पाते जाते हैं, इस पर कुछ गौर नही करते, पर जो जन्म और मृत्यु से सन्तप्त है (उन्हे झेलने मे सन्ताप अनुभव करते हैं), वे ससार—जन्म-मरण रूपी रोग को मिटाने वाले (जिन-वचन) का अनुसरण करते हैं।

वृद्धावस्था, मृत्यु और रोग को मिटाने वाले, अमृतमय, परिणाम मे सुखप्रद जिन-वचन रूपी रसायन— दिव्य औपध को प्राप्त कर मैं मृत्यु से भयभीत नही हूँ।

जिन्होने पापरूपी मल त्याग दिया है जिन्होने लोभ की साकलो के बन्धन तोड दिये हैं, मृत्यु, जिसका इस प्रकार (सहज ही स्वय) प्रतिकार हो गया है, उन मनुष्यो का क्या विगाड सकती है ?

जिन्होने तप रूपी धन का अर्जन किया है, शरीर रूपी घर मे भी जिनकी पिपासा— आकाक्षा या लालसा मिट गई है, जिन्होने तपश्चर्या से शरीर को सुखा दिया है, ऐसे सत्कर्म-निरत जनों का मरण भी उत्तम है ।

जिन्होने तपरूपी पाथेय (पथ का भोजन, सम्वल) भलीभाति ग्रहण कर लिया है, नियमपूर्वक आत्मा को स्थिर-शात बना लिया है, ऐसे धीर एव आत्मबली पुरुप स्वय मृत्यु से भय-भ्रात नहीं होते ।

जिसको मरने पर स्वर्ग या मोक्ष— इन दोनो में एक अवश्य हो मिलना है, हे नरश्रेष्ठ ! उस मनुष्य का मरण भी उत्सव रूप है ।

जिसकी डाढें निरन्तर पीडा देने वाले रोगों से उद्दीप्त हैं तथा जो (डाढें) विपत्ति रूपी विप से परिपूर्ण हैं, ऐसे यमराज रूपी काले

साप के वच्चे से कोई मनुष्य कहा जाकर छूट सकता है?

यमराज रूपी हाथी के समक्ष न युद्ध का, न पलायन (भागने) का और न भय का ही कोई मूल्य है, उसका हाथ दिखाई नही देता है पर इतनी मजबूती से पकडता है कि उससे छुटकारा नही हो सकता।

जिस प्रकार किसान पक जाने पर समय पर धान्य काट लेता है, उसी प्रकार यमराज उत्पन्न होने वाले प्राणियो को काटता जाता है— समाप्त करता जाता है।

जिन्हे न बुढापा आता है और न कोई रोग या व्याधि ही होती है, उन देवताओ मे भी यदि मौत के फन्दे स्वतन्त्रता और सुख-पूर्वक घूमते हैं तो फिर यदि व्याधि, वृद्धावस्था, रोग और शोक से नित्य पीडित मनुष्य क्षण भर भी जीता है तो यह मृत्यु का प्रमाद (लापरवाही) ही है।

इसलिए धैर्य-हीन लोगो द्वारा सेवित प्राप्त अपयश को मौका मत दो (मुझे मार कर अपयश-भागी मत वनो)। मौत की डाढ मे पहुचे हुए प्राणी को इन्द्र भी वहा से निकाल नही सकता।

वेटा! मरे हुए को मार कर अपने कुल को कलकित मत करो। ओह! स्वय अपनी वाणी द्वारा त्याग किये गये आहार को कैसे ग्रहण करू?

यह वचन सुन कर राजकुमार ने, जिसकी आखें क्रोध की आग से जल रही थी, "आज भी यह ऐसा बोलता है", यो कहते हुए राजा के शिर पर तलवार का प्रहार किया।

तत्वश राजा जिनेश्वर देवो को नमस्कार कर विशुद्ध भाव से यो चिन्तन करने लगा—पहले किये हुए कर्मों का यह दोप है।

सभी पहले किये हुऐ कर्मो का फल प्राप्त करते हैं। अपराधो मे— बुरा करने मे, गुणो मे – भला करने मे दूसरा तो केवल निमित्त होता है।

वह कालुष्य-रहित - शुद्ध चित्त वाला सत्पुरुष (सिंह राजा) यो चिन्तन कर ही रहा था कि उस कलुषित एव पापकारी (आनन्द) ने पुन प्रहार कर उसे मार गिराया।

सिंह मर कर सनत्कुमार—तीसरे देवलोक मे लीलाराम विमान मे पाच सागरोपम आयु वाले कान्तिमान् देव के रूप मे उत्पन्न हुआ।

दूसरा—आनन्द भी राज्य करके मरने पर रत्नप्रभा नामक नरकभूमि मे उत्कृष्ट आयुवाले, अत्यन्त घोर नारक के रूप में उत्पन्न हुआ।

(दूसरा भव समाप्त हुआ)

शुद्धि–पत्र

(मूलपाठ एवं संस्कृत रूपान्तर)

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
४	११	धाउवायइ	धाउवायाइ
६	८	भाविमई	भावियमई
७	१०	सप्राप्त्यै	सप्राप्त्या
९	६	समग	समरा
१०	१	पउढपलिय	सड्ढपलिय
१०	४	कहुज्जइ	कहिज्जइ
१२	४	कोईल	कोइल
१३	१७	त्रिलमात्रकणसज्ञ	विलमात्रकर्णसज्ञ
१४	१	हुतहुयवह	हुयवह
१४	१२	एणिह	एण्हि
१५	२२	मूहूर्त	मुहूर्त
१६	३	पमाणसगय	पमाणमगय
१७	२	नासाया	नासाया
१८	२१	रण्ढन्त	रण्टन्त
२१	२४	गत	गत
२२	१७	सकज्ज	अकज्ज
२३	६	शणु	शृणु
२३	८	मध्यमप्रकृतत्र	मध्यमप्रकृतय
२३	१२	त्रलोक्य	त्रैलोक्य
२७	४	कृत	कृत
२७	२८	भणितम	भणितम्

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
८९	२२	चिन्तित	चिन्तित
९०	१२	यणाण	याणाण
९०	१६	सोहारमपा	सोहासपा
९१	२५	प्रकार	प्रकर
९२	५	वयस	वयस
९३	२५	ततस्त्मेव	ततस्त्वमेव
९४	८	कय	कय
९४	१२	कालिऊण	कलिऊण
९७	४	वेश्रा	वेश्या
१०३	२	प्राविजू	प्रविजू
१०४	६	माइय	गाइय
१०४	६	भण्ड	भण्ड
१०४	१३	हुवन्ताण	हुवन्ताण
१०५	१०	दत्त	दत्त
१०५	१३	श्लाघनीय	श्लाघनीय
१०६	३	सवेगवुणो	गवेगवुणो
१०६	५	पडम	पढम
१०७	२	कि	किं
१०७	६	ससार	ससार
१०८	५	उससियम	ऊससियग
१०८	२४	सठविओ	सठविओ
१०९	५	मन्ने	मन्ने
११२	१२	अम्हाण	अम्हाण
११२	१३	सपहारिऊण	मपहारिऊण
११२	२६	पइट्टा	पइट्टा
११३	९	लयुर्वन्	लयुर्वन्

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
११४	२	छलिउ	छलिउ
११४	३	रित्थ	रित्थ
११४	१३	निवेइय	निवेइय
११५	३	गृह	गृह
११५	३	रिक्थ	रिक्थ
११६	१४	नीणिय	नीणिय
११७	१९	कृत	कुत
११७	२८	त	तं
११७	२८	पत्रकार्थ	पत्रकार्थ
१२०	१६	अणिओ	आणिओ
१२२	१०	बन्धणाट्ठिई	बंधणाट्ठिई
१२३	१	किअम	किमत्र
१२३	१४	शेवित	सेवित
१२३	२४	प्रतिण्ठाविते	प्रतिष्ठापिते
१२४	६	नवर	नवर
१२५	६	नवर	नवर
१२८	१	सतप्पियव	सतप्पियव्व
१२९	१०	ततस्त	ततस्त
१३०	१७	कुसुलपक्खे	कुसलपक्खे
१३३	२२	णोऽह	णोऽह
१३५	११	मह्यम	मह्यम्
१३८	९	नवर	नवर
१३९	४	सुखम	सुखम्
१३९	९	नवर	नवर
१३९	१७	महाटवीम	महाटवीम्
१४२	२२	भङ्गुर	भङ्गुर

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१४३	२१	भवन्त	भवन्त
१४५	५	पुर्नदिविधम्	पुर्नद्विविधम्
१४५	५	न्तग्ञ्च	न्तरश्च
१४६	१	अभितेय	अमितेय
१४८	१६	असपाय	असपाय
१४८	१०	युक्त	युक्त
१५०	६	किमेय	किमेय
१५२	५	त चेव एव विह	त चेव एवविह
१५२	१३	जमिणीए	जामिणीए
१५३	२३	वसगो	वसगो
१५४	६	मेवमेय	थेवमेय
१५८	१६	उभ लोय	उभय लोय
१५५	२३	राज्याभिगक	राज्याभिपेक
१५६	१४	भवण	भवण
१५६	३	सहोदरव	सहोदरमिव
१५६	६	कन्दभेरव	क्रन्दभेरव
१६१	८	नानूकूलो	नानुकूलो
१६३	२०	उत्सवभू त	उत्सवभूत

**